* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

02 दिसंबर, 2022
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 44




एयरपोर्ट पर अब आपका चेहरा ही होगा बोर्डिंग पास : हवाई यात्रा करने वालों के लिए लॉन्च हुआ 'डिजियात्रा' ऐप


SURJABASHA








## निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के खिलाफ इडी की बड़ी कार्रवाई : प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी सूचना

# पल्स हॉस्पिटल समेत 83 करोड़ की संपत्ति अटैच

- मनरेगा घोटाले में है आरोपित, पूजा जेल में है बंद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल के खिलाफ गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की है। इडी ने मनी लांड्रिंग के आरोप में पूजा सिंघल से संबंधित 82.77 करोड़ की संपत्ति अस्थायी रूप से अटैच किया है। इन संपत्तियों में पल्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल समेत पल्स डायग्नोस्टिक एंड इमेजिंग सेंटर और संजीवनी के नाम पर खरीदी गयी संपत्ति को इडी ने अटैच किया है।




### अन्य आरोपियों की संपत्ति भी कुर्क करने की तैयारी

पूजा सिंघल के बाद दूसरे आरोपियों की संपत्ति भी कुर्क करने की तैयारी की जा रही है। इडी ने पूजा के पति अभिषेक कुमार झा, चार्टर्ड अकाउंटेंट सुमन कुमार सिंह के अलावा खूंटी जिले के इंजीनियरों और अधिकारियों राम बिनोद प्रसाद सिन्हा, जय किशोर चौधरी, शशि प्रकाश और राजेंद्र कुमार जैन के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी। इस मामले में इडी द्वारा अन्य आरोपियों की भी संपत्ति कुर्क की जायेगी।

### मनरेगा घोटाले का लगा है आरोप

मालूम हो कि पूजा सिंघल की संपत्ति को अटैच करने को लेकर दिल्ली स्थित इडी मुख्यालय ने इससे संबंधित प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया। पूजा सिंघल पर खूंटी डीसी रहने के दौरान 18.06 करोड़ रुपये का मनरेगा घोटाले का आरोप लगा है। इडी ने इस मामले में 5 मई 2022 को पूजा सिंघल और उनसे कई ठिकानों पर एक साथ छापामारी की थी। इस छापामारी में कई अहम दस्तावेज मिले थे।

### इडी की जांच में हुए कई खुलासे

इडी को मनरेगा घोटाले की जांच के दौरान पूजा सिंघल की नाजायज आमदनी को जायज करार देने के लिए कई तरह के हथकंडे अपनाने की जानकारी मिली थी। जांच में यह भी पाया गया था कि बैंकिंग चैनलों के जरिये इसे सही करार देने की कोशिश की गयी। वहीं, अचल संपत्ति खरीदने में भी इसका उपयोग किया गया। जांच में यह पाया गया था कि पल्स हॉस्पिटल, पल्स डायग्नोस्टिक एंड इमेजिंग सेंटर सहित अन्य संपत्ति खरीदने में इस पैसे का उपयोग किया गया।

### जेल में पूजा सिंघल

मालूम हो कि मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल इन दिनों रांची के बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में हैं। उन्हें तबियत खराब होने की शिकायत पर 27 सितंबर 2022 को रिम्स में बेहतर इलाज के लिए भर्ती कराया था। रिम्स मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर दो महीने बाद 27 नवंबर 2022 को उन्हें दोबारा जेल भेज दिया गया।

## साहिबगंज के स्वीटी पैलेस में इडी का छापा

**साहिबगंज (आजाद सिपाही)।** अवैध खनन मामले में इडी ने साहिबगंज जिले के नगर थाना क्षेत्र स्थित स्वीटी पैलेस में गुरुवार को छापेमारी की। बताया जा रहा है कि यह जमीन किसी महिला की थी, जिसे दाहू यादव ने अपने बाहुबल के दम पर हड़प ली थी। इसके बाद महिला ने इसकी शिकायत इडी से की थी। शिकायत मिलने के बाद इडी की टीम ने यह कार्रवाई की है। बता दें कि 1000 करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले की जांच इडी कर रही है। इस मामले में पंकज मिश्रा के सहयोगी दाहू यादव एवं सुनील यादव के विरुद्ध कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है। वारंट जारी होने के बाद भी दोनों इडी की गिरफ्त से बाहर हैं। दाहू और सुनील सगे भाई हैं। इन पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के साथ मिलकर अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं साहिबगंज में गंगा नदी पर अवैध तरीके से जहाज परिचालन का आरोप है।

**बाबूलाल ने उठाया था मामला:** स्वीटी पैलेस मामले को कुछ दिन पहले भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने उठाया था। उन्होंने साहिबगंज से रांची लौटने के बाद प्रेस कांफ्रेंस की थी और दाहू यादव द्वारा जबरन कब्जा की बात कही थी। उन्होंने उसे 'गैंग्स ऑफ साहिबगंज' का नाम दिया था और पुलिस-गुंडे गठजोड़ से हुए इस संगठित अपराध की कहानी बतायी थी।

## विजय हांसदा से पूछताछ करेगी इडी, कोर्ट ने दी अनुमति



**रांची (आजाद सिपाही)।** साहिबगंज जेल में बंद विजय हांसदा से इडी पूछताछ करेगी। हांसदा इडी का गवाह है। इसको लेकर इडी ने गुरुवार को साहिबगंज कोर्ट के सीजेएम शैलेंद्र कुमार की अदालत में अर्जी दी थी, जिस पर कोर्ट से अनुमति मिल गयी है। गौरतलब है कि मनी लांड्रिंग केस में जेल में बंद मुख्यमंत्री के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को साहिबगंज पुलिस ने क्लीन चिट दे दी है। इस मामले में साहिबगंज जेल में बंद इडी के गवाह विजय हांसदा ने पुलिस के दावों पर अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में बीते 28 नवंबर को आवेदन दिया था। उन्होंने इसमें कहा था कि उससे जबरन सादे पन्ने पर हस्ताक्षर ले लिया गया था। उसने दावा किया है कि दबाव डाल कर उससे कहलवाया गया था कि वह केस नहीं लड़ना चाहता है। गौरतलब है कि 27 नवंबर को संथाल परगना के डीआइजी सुदर्शन प्रसाद मंडल ने प्रेस कांफ्रेस में कहा था कि हांसदा केस लड़ना नहीं चाहता है।

## पूर्व विधायक समरेश सिंह का निधन



**बोकारो।** पूर्व विधायक समरेश सिंह का गुरुवार को निधन हो गया है। सुबह लगभग 6.30 बजे उन्होंने सिटी सेंटर स्थित अपने आवास में अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार सुबह नौ बजे पैतृक गांव चंदनक्यारी में किया जायेगा। उनके बड़े पुत्र राणा प्रताप भी अमेरिका से पहुंच चुके हैं। उनके निधन पर मुख्यमंत्री हमेंत सोरेन, भाजप विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी समेत अन्य नेताओं और समर्थकों ने शोक व्यक्त किया है।

## चाईबासा में नक्सली मुठभेड़ में चार जवान घायल

- जवानों को लाया गया रांची, मेडिका में किया जा रहा है इलाज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाईबासा/रांची।** चाईबासा के गोइलकेरा और टोटो के बीच हुए नक्सली मुठभेड़ में घायल चार जवानों को इलाज के लिए रांची लाया गया है। घटनास्थल से हेलीकॉप्टर द्वारा खेलगांव स्थित हेलीपैड पर जवानों को लाया गया, जहां से एंबुलेंस के जरिए उन्हें मेडिका हॉस्पिटल ले जाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भारी तादाद में सीआरपीएफ के जवानों को तैनात किया गया है। वहीं सदर थाना प्रभारी, खेलगांव थाना प्रभारी और ट्रैफिक थाना प्रभारी भी अलर्ट पर थे।

बता दें कि गुरुवार को सर्च अभियान के दौरान चाईबासा के नक्सल प्रभावित टोंटो और गोइलकेरा थाना क्षेत्र के बॉर्डर पर पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें जवान घायल हो गये। वहीं कई नक्सलियों को भी गोली लगने की सूचना है। खबर लिखे जाने तक दोनों ओर से मुठभेड़ जारी थी। मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल भेजा गया है। पुलिस के वरीय अधिकारी भी मौके पर पहुंच कर कैंप कर रहे हैं। एसपी आशुतोष शेखर ने मुठभेड़ की घटना की पुष्टि की है।

जानकारी के मुताबिक यह मुठभेड़ एक करोड़ के इनामी मिसिर बेसरा दस्ता के सैक सदस्य 25 लाख के इनामी अजय महतो टीम के साथ हो रही है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मिसिर बेसरा दस्ता के सैक सदस्य 25 लाख के इनामी अजय महतो की टीम टोंटो एरिया में कैंप किया हुआ है।

## मुख्यमंत्री ने सुओ-मोटो ऑनलाइन म्यूटेशन प्रणाली का किया शुभारंभ

# अब नहीं काटने होंगे सीओ ऑफिस के चक्कर : हेमंत सोरेन

- सीएम ने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में करें प्रचार-प्रसार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में गुरुवार को सुओ मोटो म्यूटेशन प्रणाली, प्रक्रिया का राज्यव्यापी शुभारंभ किया। जमीन की खरीद-बिक्री में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने कई कदम उठाये हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री के समक्ष सुओ मोटो म्यूटेशन प्रक्रिया के तहत लाभान्वित तीन लाभुक दामिनी दीक्षित तिवारी (हिनू), शैलेश कुमार (बेड़ो) और पूर्णिमा कुमारी (नगड़ी) ने इस प्रक्रिया के फायदे से संबंधित अनुभव साझा किये।

**इस प्रक्रिया का शुभारंभ एक महत्वपूर्ण पहल :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हुए सुओ मोटो ऑनलाइन म्युटेशन (दाखिल-खारिज ) प्रक्रिया का शुभारंभ एक महत्वपूर्ण पहल है। जमीन खरीद-बिक्री हेतु निबंधन, दाखिल-खारिज, रसीद कटने से लेकर रजिस्टर पंजी-2 तक की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। कई बार ये प्रक्रियाएं आम जनता के लिए काफी जटिल हो जाती हैं। राज्य सरकार का प्रयास है कि हम आम जनता को सरल और सुलभ व्यवस्था उपलब्ध करायें।

**यह प्रक्रिया पहली बार झारखंड में लागू :** मुख्यमंत्री ने कहा कि अब राज्य में सुओ मोटो ऑनलाइन म्युटेशन प्रक्रिया का शुभारंभ होने से आम व्यक्ति भी अब बिना कोई परेशानी उठाए निबंधन के बाद अपने उक्त भूमि का दाखिल-खारिज करा सकेगा। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े जिला और प्रखंडस्तरीय अधिकारियों से कहा कि सुओ मोटो म्यूटेशन प्रक्रिया पहली बार झारखंड में लागू की जा रही है। प्रारंभ में कुछ तकनीकी दिक्कतें आ सकती हैं। आप सभी अधिकारी शुरूआती 15 से 20 दिनों तक इस प्रक्रिया पर लगातार नजर बनाये रखें। कहीं कुछ तकनीकी दिक्कतें होने पर विभाग के साथ समन्वय स्थापित करें। ताकि समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जा सके।

**ग्रामीण लोगों को बिचौलियों से मिल सकेगी मुक्ति :** मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों से कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुओ मोटो ऑनलाइन म्युटेशन (दाखिल-खारिज ) प्रक्रिया का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराएं। इस पारदर्शी प्रक्रिया की शुरूआत होने से ग्रामीण लोगों को बिचौलियों से भी मुक्ति मिल सकेगी। वैसे बिचौलिए जो ग्रामीणों के बीच सक्रिय रहते हैं उनसे लोगों को बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही एक कार्य योजना तैयार कर रही है जिसमें ओल्ड एज के लोगों को कचहरी का चक्कर न काटना पड़े और उनका सभी कार्य आसानी से संपन्न हो सके।

**सुओ मोटो म्युटेशन का परिचय :** दाखिल-खारिज की प्रक्रिया को सुलभ, सरल और पारदर्शी बनाने के लिए स्टेट एनआइसी रांची और एनडीजीआरएस पूणे, टीम द्वारा एनजीडीआरएस पोर्टल एवं झारभूमि पोर्टल में आवश्यक तकनीकि परिवर्तन किये गये हैं, जिससे कि अब निबंधित विलेख (डीड) रियल टाइम बेसिस पर झारभूमि पोर्टल में संबंधित अंचलाधिकारी के लॉगईन में प्रेषित हो जायेगा एवं तत्क्षण ही आवेदक को एस एम एस (रटर) के माध्यम से दाखिल-खारिज वाद संख्या की सूचना प्राप्त हो जायेगी तथा आवेदक दाखिल-खारिज के निष्पादन की अद्यतन स्थिति को ट्रैक कर पायेंगे।

**सुओ मोटो म्यूटेशन के फायदे :** भूमि के निबंधन के बाद दाखिल-खारिज के लिए अलग से आवेदन देने की जरूरत नहीं पड़ेगी एवं अंचल कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। भूमि के निबंधन के बाद स्वतः रियल टाईम आधार पर दाखिल-खारिज के लिए संबंधित अंचल अधिकारी को म्यूटेशन केस नंबर के साथ सभी दस्तावेज प्रेषित हो जायेंगे। आवेदक को रटर के माध्यम से दाखिल-खारिज वाद संख्या प्राप्त होगी जिससे आवेदन के अनुपालन की अद्यतन स्थिति को झारभूमि पोर्टल पर ट्रैक किया जा सकेगा। इस अवसर पर सीएम के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, सचिव विनय कुमार चौबे, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव केके सोन और निदेशक उमाशंकर सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 50,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 66,000 रु./प्रति किलो |



# जतो दोष, नंदू घोष: आखिर कैसे बच निकलते हैं अफसर

## झारखंड में कुछ आइएएस और आइपीएस ऐसे हैं, जिनका 22 साल से जलवा कायम है

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड और भ्रष्टाचार दो ऐसे शब्द हैं, जो अब किसी को चौंकाते नहीं हैं। कई बार झारखंड के माथे पर भ्रष्टाचार के इतने गहरे दाग लगे, जिसे मिटाना असंभव है। वह इतिहास के पन्नों में दर्ज हो चूका है। आज भी झारखंड की जो मौजूदा स्थिति है, वहां भी भ्रष्टाचार का ऐसा संगम देखने को मिल रहा है, जिससे राज्य की छवि फिर से धूमिल होने के कगार पर खड़ी है। प्रवतर्न निदेशालय (इडी) ने झारखंड में डेरा जमा लिया है। उसकी चहलकदमी बढ़ चुकी है। इस बीच सीबीआइ की भी इंट्री हो चुकी है। आये दिन भ्रष्टाचार में संलिप्त किरदारों के चेहरे उजागर हो रहे हैं। कुछ तो जेल में बंद हैं। कुछ देश छोड़कर भागने की फिराक में थे, तो कुछ भागने की फिराक में हैं भी। लेकिन फिलहाल इडी द्वारा जारी लुक आउट नोटिस ने उनके पैरों में बेड़ियां डाल दी हैं। जब-जब झारखंड में घोटाले हुए, नेता फंसे, लेकिन ज्यादातर मामलों में अधिकारी अपने को बचा ले गये। यहां बड़ा सवाल यह है कि किसी भी विभाग में बिना अधिकारी के सहयोग से भ्रष्टाचार को अंजाम देना मुमकिन नहीं है। चाहे अधिकारी की रजामंदी हो या न हो। झारखंड में कई ऐसे भी अधिकारी हुए, जिन्होंने नेताओं के दाबाव में आकर काम किया। तो कुछ ने नेताओं को ही अपनी उंगलियों पर नचाया। दोनों ही स्थिति में नुक्सान झारखंड को ही हुआ। यह स्थिति तब पैदा होती है, जब नेता अपने मनचाहे अधिकारियों को उस पद पर बिठा देते हैं, जिस पद पर वरीयता के अनुसार वह योग्य ही नहीं हैं। कुछ अधिकारी ऐसे हैं जो पिछली सरकार में आंखों के तारे थे और इस सरकार में भी अपने दाग को धोने के लिए तीन तिकड़म भिड़ाकर आखों के तारे बन गये हैं। राज्य गठन के साथ ही यह खेल भी झारखंड में खूब फला-फुला। नतीजा यह हुआ कि नेताओं और अधिकारियों के इस गठजोड़ के कारण भ्रष्टाचार को खूब बढ़ावा मिला। निलंबित आइएस पूजा सिंघल भी इसी कड़ी का एक हिस्सा हैं। वह इडी के लपेटे में आ चुकी हैं। फिलहाल जेल में बंद हैं। अवैध कमाई से अर्जित पूजा की संपत्ति को इडी द्वारा जब्त करने की कार्रवाई शुरू हो चुकी है। इडी के रडार पर कुछ और अधिकारी हैं। इनके नामों की चर्चा है, लेकिन अभी इडी उनके खिलाफ सबूत इक्कट्ठा करने में लगी है। इसी को ध्यान में रखते हुए झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के अफसरों के नाम एक खुला पत्र लिखा है। उसमें उन्होंने लिखा है कि अफसर अगर इतिहास का पन्ना पलटकर देखें तो पायेंगे कि दबाव में गलत काम करने का परिणाम बुरा ही होता है। क्या है बाबूलाल मरांडी के पत्र का मतलब। कैसे नेताओं और अधिकारीयों के गठजोड़ के कारण झारखंड में भ्रष्टाचार ने अंदर तक अपनी पैठ बना रखी है। बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के अफसरों को सुझाव देते हुए एक खुला पत्र जारी किया है। जिसे समझने के लिए एक बार फिर हम उद्धत कर रहे हैं। उन्होंने इस पत्र में अपने मुख्यमंत्रित्व काल का एक अनुभव साझा किया है। बाबूलाल लिखते हैं, मैं अपने मुख्यमंत्रित्व काल का एक अनुभव शेयर कर रहा हूं। उग्रवादियों का उत्पात चरम पर था। मेरी योजना ज्यादा से ज्यादा उग्रवादियों और उनके सहयोगियों को मुख्यधारा में वापस लाने की थी। आदिवासी बाहुल्य एक जिले में कुछ उग्रवादियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट देने वालों के पीछे पुलिस हाथ धोकर पड़ी हुई थी। मैंने वहां के एक सीनियर पदाधिकारी को बुलाकर कर कहा कि उन्हें मुख्यधारा में लाना चाहता हूं। थोड़ा रहम करिये उन पर। वो अधिकारी रो पड़े। उन्होंने कहा कि सर ये लोग भारी बदमाश हैं। मेरे से तो ये नहीं होगा। आप चाहें तो मुझे वहां से हटा दीजिये। मैंने तुरंत अपनी बात वापस ली और उन्हें कहा कि बेहिचक अपनी कार्रवाई जारी रखिये। आज भी उन्हें देखता हूं, तो मुझे उनकी बात याद आ जाती है और मैं उन्हें सम्मान से ही देखता हूं। संयोगवश वो अफसर भी आदिवासी समाज से ही थे। लेकिन मैंने पद की गोपनीयता की शपथ ली थी, इसलिए उनका नाम उजागर नहीं करूंगा। ठीक इसके उलट कुछ नये अफसरों के भी कानून से अलग सत्ता के इशारे, चंद पैसे और महत्वपूर्ण पद की लालच में गलत काम करने की करतूत सुनता हूं तो शर्म आती है और आश्चर्य होता है। हेमंत सरकार के इशारे पर हर गलत काम करने वाले ऐसे कुछ अफसर आजकल परेशानी में अपने-अपने संपर्कों के जरिये मिलने का प्रयास करते हैं और कई मिलते भी हैं। उन्हें अपने किये का भय है कि न जाने कब उनकी गर्दन दबोची जाये? ऐसे लोग अपनी सफाई देते जब बताते हैं कि उनसे दवाब देकर कैसे गलत करा लिया गया, तो सुनकर हैरानी होती है। ऐसे लोग जब कहते हैं कि उनकी जान पर बन जायेगी, तो मजबूरी में सारे पोल-पट्टी खोलने ही पड़ेंगे। मुझे लालू प्रसाद जी का वो जमाना याद आ रहा है, जब चारा चोरी में उनके सहयोगी अफसर, दलाल, सप्लायर खुद जेल जाने लगे, तो वो सब खुद भी डूबे और लालू जी को भी ऐसा डुबोये कि आज इतिहास बन गया है। सोचता हूं कि पिछली गलतियों का उदाहरण सामने होने के बाद भी आखिर कोई अफसर/नेता लालच में कैसे अपना पूरा करियर दांव पर लगाने के बारे में सोच लेता है? मैं व्यूरोक्रेसी से पुनः विनम्र आग्रह करता हूं कि इतिहास के पन्ने पलट कर देखे और सोचे कि गलत का अंजाम अंत में क्या होता है?

बाबूलाल मरांडी का यह पत्र झारखंड में नेताओं-अफसरों के बीच बने गठजोड़ को ध्यान में रखकर लिखा गया है। इस रिश्ते का क्या अंत होता है, यह चेताने की कोशिश की गयी है। लालू प्रसाद यादव का जिक्र एक सबक है उन नेताओं के लिए, उन अफसरों के लिए जो समझते हैं कि उनका कौन क्या बिगाड़ सकता है। यहां समझने वाली बात यह है कि हाथी को भी गुमान होता है कि एक छोटी सी चींटी उसका क्या बिगाड़ सकती है, लेकिन जब एक चींटी उसके कान में घूस कर तांडव करती है, तो उस हांथी को धाराशायी होने में वक्त नहीं लगता। उसी हिसाब से भ्रष्टाचार का एक सूत्र भी काफी है, कड़ियों को सुलझाने में। अगर निलंबित आइएस पूजा सिंघल मामले में इडी की जांच को देखा जाय, तो शुरूआत मनरेगा घोटाले से हुई थी। जैसे-जैसे जांच का दायरा बढ़ा, एक हजार करोड़ से अधिक का अवैध खनन और मनी लांड्रिंग का मामला सामने आ गया। एक-एक कर भ्रष्टाचार से लैस किरदारों के नाम सामने आने लगे। कुछ जेल में बंद हैं तो कुछ जल्द ही जेल जाने वाले हैं। कुछ भागने का प्लान बना रहे हैं। कुछ अपने को बचाने की जुगत लगा रहे। जब ये किरदार झारखंड लूट रहे थे, तब उनकी हेकड़ी देखते ही बनती थी। 'आयी एम वेट' वाले पंकज मिश्रा तो मीडिया को ही धमकी देने लगे थे। ये वही पंकज मिश्रा हैं जिन्होंने इडी की जांच शुरू होने पर कहा था कि मुझे गिरफ्तार कर दिखाये। आइएस पूजा सिंघल के तेवर देखते बनता था। छोटे-छोटे अधिकारी उन्हें सलामी बजाते थे। पूजा सिंघल कोई एक दिन की उपज नहीं हैं। मधु कोड़ा राज में भी उनकी तूती बोलती थी, रघुवर राज में भी वह नेताओं की आंखों की तारा थीं और हेमंत सरकार की कहानी तो सबको पता है। झारखंड में भ्रष्टाचारियों को लगने लगा था कि वही राज्य के भाग्य विधाता हैं। सत्ता के गलियारों के दलाल, अपने मन पसंद अधिकारियों को उस पद पर बिठाने लगे, जिस पद के लिए वह अधिकारी सक्षम ही नहीं था। फिर क्या था। झारखंड को लूटने का काम शुरू हुआ। क्या ट्रक, क्या डम्पर, पानी के जहाज से भी लूट को अंजाम दिया जाने लगा। क्या बालू, क्या कोयला, क्या पत्थर सभी की लूट शुरू हो गयी। पैसों की बंदरबांट होने लगी। बड़े-बड़े अधिकारी जिला स्तर के अधिकारियों से पैसा वसूलने लगे। वसूली का पैसा अस्पतालों और अन्य तरह के उद्योग धंधे में लगने लगा। नयी-नयी कपनियां बननी शुरू हुईं। मनी लिड्रिंग के जरिये काली कमाई को ठिकाने लगाया जाने लगा। बही खाता संभालने वाले सीए काले धन को सफेद करने में जुट गये। अवैध कमाई को वैध दिखाने के क्रम में उन्होंने ने भी अपने वारे न्यारे किये। दलाल नेताओं संग ब्याह शादी और अन्य फंक्शन में दिखने लगे। पूरा का पूरा सिंडिकेट एकजुट होकर काम करने लगा। अधिकारी रांची के होटलों में पार्टी करते नजर आने लगे। खासकर मोरहाबादी और रांची स्टेशन रोड का एक बड़ा होटल सुर्खियों में था। लेकिन इडी की धमक के साथ ही भ्रष्टाचारियों के चेहरों पर से नकाब उतरने लगे। हर सरकार में महत्वपूर्ण पद हासिल करने वाली ताकतवर अधिकारी पूजा सिंघल को जैसे ही इडी ने दबोचा, सारे तार एक-एक कर खुलने लगे। बही खाता संभालने वालों के यहां से करोड़ों रुपये कैश बरामद होने लगे। उनके करीबियों के यहां से भी नोटों के बंडल उनके राज उगलने लगे। चाहे वह मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा हों या सत्ता के गलियारे का दलाल प्रेम प्रकाश, चाहे व्यापारी अमित अग्रवाल हो या कई नौकरशाहों का चहेता विशाल चौधरी, चाहे फेरी जहाज वाला दाहू यादव हो या फिर उसका सहयोगी बच्चू यादव। सभी की कुंडली इडी ने खंगालनी शुरू कर दी। इस क्रम में समन का दौर शुरू हुआ। पूछताछ की गयी। राज उगले गये। कुछ को जेल में बंद किया गया तो कुछ को बाहर छोड़ा गया। फिर उनकी हरकतों पर नजर रखी गयी। कुछ देश छोड़कर भागने का प्लान बना रहे थे। उन्हें लुक आउट नोटिस जारी किया गया। विदेश जाने पर पाबंदी लगायी गयी। जरा समझिये भ्रष्टाचार का यह कनेक्शन कितना गहरा है। जब मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा गिरफ्तार हो गये थे, तब उन्होंने 27 जुलाई से लेकर अक्टूबर महीने तक, जब वह आखिरी बार कॉल करते धराये थे, तब तक उन्होंने करीब 300 फोन कॉल किये थे। यह कॉल बड़े नेताओं, बड़े अधिकारियों, कुछ विभागों के सचिवों को, साहिबगंज के बड़े प्रशानिक अधिकारियों को किये गये थे। सूचना तो यहां तक है कि इडी के गवाहों तक को धमकाया गया। यह जानकारी इडी ने कोर्ट में भी दी है। गिरफ्तारी के बाद 300 फोन कॉल जिन्हें किये गये, उनका लिंक तो भ्रष्टाचार से सीधे-सीधे जुड़ा होगा। हर कड़ी की अपनी कहानी होगी जो एक दूसरे से संबंध रखती होगी। नीचे से ऊपर तक का लक्ष्य एक ही पैसा। फिलहाल 1000 करोड़ के अवैध खनन घोटाले और मनी लांड्रिंग मामले में इडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से एक बार की पूछताछ कर ली है। उनके प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू को देश से बहार जाने पर इडी ने रोक लगा दी है। घूस कांड मामले में व्यापारी अमित अग्रवाल को खंगालने सीबीआइ आ रही है। माना जा रहा है कि अमित अग्रवाल एक ऐसी कड़ी हैं, जिससे झारखंड की राजनीती में भूचाल आ सकता है। कई भ्रष्ट किरदारों के चेहरों पर से नकाब उतर सकते हैं। कई अधिकारी रडार पर हैं। बाबूलाल मरांडी की चिट्ठी को गंभीरता से लेने की जरूरत है। झारखंड में भ्रष्टाचार का क्लाइमेक्स शुरू हो चुका है। इसका नमूना अब दिखने भी लगा है। इडी ने आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल की करीब 82.77 करोड़ रुपये की संपत्ति अस्थायी रूप से अटैच कर ली है। इडी द्वारा अटैच की गयी संपत्ति में पल्स सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल, एक डायग्नोस्टिक सेंटर और दो प्लॉट शामिल हैं। मनरेगा घोटाले में मनी लांड्रिंग मामले की जांच कर रही इडी ने अटैच करने की कार्रवाई की है। यह तो शुरूआत मात्र है। जैसा कि बाबूलाल ने अपने पत्र में लिखा है कि राजनेता और अधिकारियों के गठजोड़ का अंत बुरा ही होता है, उसका अध्याय शुरू हो चुका है। अधिकारियों द्वारा दबाव या लालच में किये गये फैसलों पर से पर्दा उठने की बारी आ चुकी है। इनमें लगभग आधा दर्जन आइएएस और आइपीएस अधिकारीयों के नाम शामिल हैं। झारखंड में ज्यादातर नेताओं को फाइल साइन करने के अलावा आता ही क्या है। हां राजनीति करनी उन्हें आती है, जो वे कर रहे हैं। भ्रष्टाचार करने ज्यादातर नेताओं को आता है, जो वे करते भी हैं और वक्त-वक्त पर उनका पदार्फाश भी होता रहा है। झारखंड में भ्रष्टाचार और घोटालों के मामलों में अक्सर यह देखा गया है कि नेता तो फंस जाता है लेकिन अधिकारी साफ निकल जाता है। फिलहाल झारखंड में इडी रेस है, आने वाले वक्त में कई और रहस्यों पर से पर्दा उठेगा, जिसका असर झारखंड की सियासत पर भी पड़ेगा। समय का तकाजा है कि अफसरों के मकड़जाल से नेता बाहर निकलें और राज्य तथा जनता के प्रति अपनी जवाबदेही का निर्वाहन करें।




### जेबीवीएनएल के प्रस्ताव में 20 फीसदी वृद्धि की मांग

# अप्रैल 2023 तक बढ़ेंगी नयी बिजली दरें

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य में पिछले तीन साल से बिजली दरों में कोई इजाफा नहीं हुआ है। वहीं, अब बिजली दरों में 20 फीसदी बढ़ोतरी करने की तैयारी जेबीवीएनएल ने की है। जेबीवीएनएल ने नियामक आयोग को इसके लिये प्रस्ताव सौंप दिया है, जिसमें 20 फीसदी बिजली दरों में वृद्धि की मांग की गयी है। हालांकि ये पूर्णतया विद्युत नियामक आयोग पर निर्भर करता है कि नयी दरें कितनी बढ़ायी जायेंगी या नयी दरें नही रहेगी। इलेक्ट्रिसिटी नियमों की मानें तो जनसुनवाई के बाद ही ये दरें तय की जायेंगी। ऐसे में जनता, उद्यमियों समेत अलग-अलग सेक्टर के लोगों के मतानुसार ही नयी दरें तय की जायेगी. जानकारी हो कि बिजली



वितरण निगम ने आगामी वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए विद्युत नियामक आयोग में वार्षिक राजस्व रिपोर्ट (एआरआर) सौंप दी है, जिसमें 20 फीसदी तक वृद्धि की बात कही गयी है।

**घाटा में बताया निगम को :** इस प्रस्ताव में निगम को 7400 करोड़ के घाटा में बताया गया है। जानकारी हो कि साल 2022-23 के प्रस्ताव में निगम को प्रति वर्ष लगभग 6000 करोड़ घाटा में बताया गया था। इस साल घाटा में 1400 करोड़ का इजाफा बताया गया है। हालांकि नियामक आयोग ने पिछले दिनों 6000 करोड़ रुपये घाटा पर आपत्ति दर्ज करते हुए निगम से प्रस्ताव पर स्क्रुटनी का आदेश दिया था।

**साल 2022-23 के प्रस्ताव का होगा निष्पादन :** नियामक आयोग की ओर से अब साल 2023-24 के प्रस्ताव पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। ऐसे में साल 2022-23 के प्रस्ताव का आयोग निष्पादन कर देगी। आयोग की मानें तो इस प्रस्ताव को निष्पादित कर देना है। वहीं अब साल 23023-24 के प्रस्ताव के तहत नयी दरें तय करनी है। पिछले तीन साल से राज्य में नयी दरें तय नहीं हुई है। ऐसे में आने वाले साल एक अप्रैल से नयी दरें लागू करने की प्रक्रिया आयोग जल्द शुरू करेगा।

# झारखंड में कांस्टीट्यूशनल ब्रेकडाउन की स्थिति बन सकती है : सालखन मुर्मू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने कहा कि झारखंड सरकार और राजभवन के बीच बहुत ही महत्वपूर्ण विषय- ट्रैवल एडवाइजरी काउंसिल एवं नगर निकाय चुनाव आदि पर तनातनी जारी है। दोनों ही मामले संविधान और भारत के राष्ट्रपति के गरिमा एवं प्रतिष्ठा के साथ जुड़े हुए हैं। दोनों ही मामलों पर संविधान सम्मत सुधार की अविलंब जरूरत है। इस संदर्भ में झारखंड के राज्यपाल चाहे तो झारखंड सरकार को अनुच्छेद 356 लागू करने के पूर्व एक शो काउज जारी कर सकते हैं। अन्यथा झारखंड में कांस्टीट्यूशनल ब्रेकडाउन की स्थिति बन सकता है।

**इसाई मिशनरियों पर लगाम लगाना जरूरी :** उन्होंने कहा कि इसाई बने आदिवासी अभी असली आदिवासियों के लिए खतरे की घंटी है। साथ ही देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए भी खतरा हैं। अतः इनका डिलिस्टिंग जरूरी है। ईसाई मिशनरियों पर लगाम लगाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जो खुद सरना धर्म त्याग दिया है उसे जनजाति सूची से अविलंब हटा देना चाहिये। जब तक जनजाति सूची से बाहर नहीं निकाला जाता मतांतरण पर रोक नहीं लग सकता है। मतांतरण जनजाति परंपरा पर प्रहार है, समाज को इसे समझने की जरूरत है।

## प्रेम प्रकाश की जमानत पर हाइकोर्ट ने इडी को जवाब दाखिल करने का दिया निर्देश

रांची (आजाद सिपाही)। खनन घोटाले में चल रही इडी की कार्रवाई के तहत जेल में बंद चर्चित कारोबारी प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका पर गुरुवार को झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने इडी को जवाब दाखिल करने के लिए 3 सप्ताह का समय दिया। मामले की अगली सुनवाई 3 सप्ताह के बाद होगी। उल्लेखनीय है कि इडी कोर्ट ने उनकी जमानत अर्जी पूर्व में खारिज कर दी थी, जिसके बाद उनकी ओर से हाइकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गयी है। बता दें कि प्रेम प्रकाश सहित तीन के खिलाफ इडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोप पत्र पूर्व में ही दाखिल कर दिया है। इडी पूर्व में ही प्रेम प्रकाश से दो बार 6-6 दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है। बता दें कि इडी ने प्रेम प्रकाश के 16 ठिकानों पर पहले छापेमारी की थी और बाद में 25 अगस्त को इडी ने प्रेम प्रकाश को गिरफ्तार किया था। इडी ने प्रेम प्रकाश छापेमारी के दौरान अरगोड़ा स्थित आवास से दो एके-47 और 60 गोलियां बरामद की थी।

## केके सोन और आराधना पटनायक सहित चार आइएएस को मिलेगी प्रधान सचिव रैंक में प्रोन्नति

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड कैडर के चार भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को सचिव रैंक से प्रधान सचिव रैंक में प्रमोशन दिया जायेगा। इस पर विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक हुई है। इसमें प्रमोशन की मंजूरी मिल गयी है। इनमें आइएएस अधिकारी हिमानी पांडेय, राहुल शर्मा, केके सोन व आराधना पटनायक हैं। सभी अधिकारी 1998 बैच के हैं। सीएम की सहमति के बाद इससे संबंधित अनुशंसा केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय को भेजी जायेगी। इसके बाद अधिसूचना जारी होगी। प्रमोशन का लाभ 1 जनवरी 2023 से मिलेगा।

## सांसद निशिकांत दुबे को हाइकोर्ट से मिली राहत

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट की न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट से गुरुवार को भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे को राहत मिली है। कोर्ट ने उन पर पीड़क कार्रवाई पर रोक लगायी है। इससे पहले चार अन्य मामलों में भी इनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक पूर्व में हाइकोर्ट ने लगायी थी। मधुपुर उप चुनाव वर्ष 2021 के दौरान उनपर गलत ट्वीट करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। इसी में से एक देवघर टाउन थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह निशिकांत दुबे की ओर से किया गया था। मामले में प्रार्थी की ओर से कहा गया घटना के छह माह के बाद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में कुल पांच प्राथमिकी मधुपुर सब डिवीजन के अलग-अलग थानों में की गयी थी। प्रार्थी का कहना था कि प्राथमिकी में जो सेक्शन लगाये हैं। उसमें सिर्फ कंप्लेंट केस हो सकता है एफआइआर नहीं। मामले को लेकर देवघर टाउन थाना में कांड संख्या 527/2021 दर्ज किया गया था। उन पर गलत ट्वीट करने का आरोप है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पैरवी की।

# एमएलए कैश कांड में तीनों विधायकों के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी

### अनूप सिंह ने जवाब के लिए मांगा समय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड हाइकोर्ट में कैश कांड में फंसे तीनों विधायकों की ओर से दाखिल क्रिमिनल रिट पर गुरुवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने तीनों विधायकों के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश का विस्तार दिया है, सुनवाई को दौरान अदालत में इस केस के सूचक एमएलए अनूप सिंह के अधिवक्ता भी उपस्थित रहे। उन्होंने जवाब दाखिल करने के लिए अदालत से समय देने का आग्रह किया. जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने सरकार और विधायक अनूप सिंह को जवाब दाखिल करने का समय दे दिया। अब इस मामले में 16 जनवरी को अगली सुनवाई होगी। प्रार्थियों (आरोपी विधायकों) के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अजय शाह ने पक्ष रखा।

### कोलकाता पुलिस ने 48 लाख के साथ किया था गिरफ्तार

झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। बता दें कि झारखंड के तीन कांग्रेसी विधायकों इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप को कोलकाता पुलिस ने 48 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार किया था। काफी दिनों तक जेल में रहने के बाद तीनों विधायकों को कोलकाता हाइकोर्ट ने सशर्त बेल दे दी थी, जिसके बाद कैश कांड में फंसे विधायकों ने झारखंड हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और कांग्रेस के विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह द्वारा दर्ज करवाई गयी जीरो एफआइआर को रद्द करने की मांग की है।

# जेल में बंद मुंगेरी यादव ने एसपी, डीएमओ और सीओ के खिलाफ दर्ज कराया परिवाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**साहिबगंज।** झारखंड के साहिबगंज जिले के राजमहल जेल में बंद जय प्रकाश यादव उर्फ मुंगेरी यादव ने एसपी, डीएमओ और सीओ के खिलाफ परिवाद दर्ज कराया है। मुंगेरी यादव ने प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी प्रतीक रंजन की न्यायालय में साहिबगंज एसपी, जिला डीएमओ, तालझारी सीईओ, तालझारी थाना प्रभारी, तालझारी सब इंस्पेक्टर और टास्क फोर्स जुड़े सुरक्षाबलों के खिलाफ कंप्लेन केस किया है।इन सभी लोगों के ऊपर आरोप लगाया गया है कि षड्यंत्र के तहत उसके खदान को बंद किया गया है।

### इडी का प्रमुख गवाह मुंगेरी यादव का बेटा है

साहिबगंज जिले की पुलिस ने बीते 29 जुलाई इडी के एक प्रमुख गवाह के पिता को ही गिरफ्तार कर लिया था। अवैध खनन के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जांच कर रही इडी के गवाह के पिता जय प्रकाश यादव उर्फ मुंगेरी यादव को पुलिस ने एयरपोर्ट इलाके से आर्म्स एक्ट के एक पुराने मामले में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद मुंगेरी यादव को साहिबगंज पुलिस अपने साथ ले गयी। मुंगेरी यादव के खिलाफ राजमहल थाना प्रभारी प्रणीत पटेल की लिखित शिकायत पर आर्म्स एक्ट के तहत सात मार्च 2022 को केस दर्ज हुआ था। इस मामले में ही उसकी गिरफ्तारी की गयी थी। इसके बाद मुंगेरी यादव के ऊपर बीते 19 अगस्त को सीसीए को भी लगा दिया गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.2 °c | 13.3 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.02 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.13 बजे |



### घूसखोरी मामले में हाइकोर्ट ने स्वतः लिया था संज्ञान

# नक्शा पास करने पर हाइकोर्ट ने अगले आदेश तक लगायी रोक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने रांची नगर निगम से अगले आदेश तक किसी भी तरह के भवन प्लान यानी नक्शा पारित करने पर रोक लगा दी है। एक दैनिक अखबार में छपी खबर के आधार पर, जिसमें व्यावसायिक तथा घरेलू मकानों के नक्शा पारित करने पर ली जानेवाली घूस की रकम पर हाइकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। हाइकोर्ट ने रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (आरआरडीए) के उपाध्यक्ष और रांची नगर निगम के नगर आयुक्त को कड़ी फटकार लगायी। न्यायमूर्ति जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की खंडपीठ ने मामले की गुरुवार को सुनवाई, मामले में अदालत के समक्ष सशरीर हाजिर रहे आरआरडीए के उपाध्यक्ष और रांची नगर निगम के नगर आयुक्त। अदालत ने आरआरडीए में 20 साल से नियुक्ति नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जतायी।



अदालत ने पूछा नगर निगम में कितने जूनियर इंजीनियर और टाउन प्लानर, मामले में कोर्ट के समक्ष ब्योरा प्रस्तुत करने का आदेश, वहीं नियुक्ति के लिए जेपीएससी को प्रतिवादी बनाने का आदेश दिया है।

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जन समुदाय की भागीदारी बहुत जरूरी : बन्ना गुप्ता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता के लिए जनसमुदाय की भागीदारी बहुत जरूरी है। राज्य को फाइलेरिया एवं कालाजार रोग से मुक्त करने के लिए एक साथ मिशन मोड में कार्य करें। गुप्ता गुरुवार को रांची में आइडीए एवं फाइलेरिया और कालाजार के कम्युनिकेशन कैंपेन के राज्य स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम के उद्घाटन में बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने फाइलेरिया एवं कालाजार रोग के संबंध में सिने कलाकार मनोज वाजपेयी द्वारा लोगों को फाइलेरिया के संबंध में ऑडियो- विजुअल के माध्यम से दिये गये संदेशों के पैकेज का भी उद्घाटन किया।



स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य में कोविड-19 के दिशा- निर्देशों का पालन करते हुए फाइलेरिया या हाथीपांव रोग से बचाने के लिए राज्य के सात जिलों पलामू, लातेहार, सरायकेला, जामताड़ा, चतरा, दुमका और गोड्डा में एक दिसंबर से 15 दिसंबर तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम (आइडीए) चलाया जायेगा। इन जिलों में तीन दवाओं डीइसी, एल्बेंडाजोल के साथ आइवरमेक्टिन की निर्धारित खुराक दवा प्रशासकों द्वारा बूथ एवं घर-घर जाकर अपने सामने मुफ्त खिलायी जायेगी। यह दवाएं पूरी तरह सुरक्षित है। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य अरुण कुमार सिंह, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम डॉ अनिल कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# रोजगार की गारंटी दे रहा मनरेगा पार्क

### कांके स्थित उपरकोनकी के मरवा गांव में 20.5 एकड़ में बना है मनरेगा पार्क

**अनोखे ढंग से हो रहा ग्रामीणों का आर्थिक सशक्तिकरण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आपने फ्लावर पार्क या फूड पार्क के बारे में जरूर सुना और देखा होगा, लेकिन बात अगर मनरेगा पार्क की करें, तो शायद आप सोचने पर मजबूर हो जायेंगे। एक ऐसा पार्क जहां लोगों के रोजगार का सृजन हो रहा है। एक ऐसा पार्क जहां सरकार की योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं, जो ग्रामीणों के वर्तमान से लेकर भविष्य को संवारने में अहम भूमिका निभाएगी। सरकार की इच्छाशक्ति और ग्रामीणों की मदद से मनरेगा की 37 से ज्यादा योजनाएं आपको इस पार्क में दिख जाएंगी। सिंचाई कूप, दीदी बाड़ी, वर्मी कम्पोस्ट, टीसीबी, शेड सहित मनरेगा से संचालित अन्य योजनाएं यहां धरातल पर उतर चुकी हैं।




**स्थायी परिसंपत्तियों का भी हो रहा निर्माण :** हम बात कर रहे हैं रांची के कांके प्रखण्ड स्थित उपरकोनकी गांव में बने मनरेगा पार्क की। यहां मनरेगा की 37 से ज्यादा योजनाएं धरातल पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराती दिख रही हैं। मनरेगा पार्क का निर्माण 19 परिवारों को मिला कर 20.5 एकड़ भूमि पर किया गया है। ग्राम उपरकोनकी के ग्रामीणों को यहां महीने में कम से कम 20 दिन रोजगार की गारंटी है। 20.5 एकड़ में यह पार्क न सिर्फ ग्राम विशेष में स्थायी परिसंपत्ति का सृजन करेगा, बल्कि संबंधित प्रखण्ड में रोजगार मांगने वाले श्रमिकों को रोजगार की गारंटी सुनिश्चित करेगा।

**ग्राम स्वराज का सशक्त मॉडल होगा मनरेगा पार्क :** मनरेगा पार्क योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन का मॉडल है। यह ग्राम स्वराज का भी सशक्त मॉडल है। मनरेगा अन्तर्गत विभिन्न परिसंपत्तियों का समेकित निर्माण कर उन्हें एक स्थल पर प्रदर्शित करने के लिए मनरेगा पार्क का निर्माण कांके प्रखण्ड के ग्राम उपरकोनकी में किया गया है। मनरेगा पार्क में कम से कम 37 प्रकार की परिसम्पत्तियों का एक ही क्षेत्र में प्रत्यक्षण किया जा सकता है। पार्क का निर्माण होने से परिसंपत्तियों का बेहतर उपयोग एवं उचित प्रबंधन किया जा सकेगा। साथ ही सालों भर उस स्थान पर रोजगार का सृजन हो सकेगा एवं लाभुकों को रोजागर से जोड़ा जा सकेगा।

### सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हुई कैबिनेट की बैठक में 37 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# झारखंड सरकार सरकारी स्कूल के बच्चों को निःशुल्क साइकिल देगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानमंडल के सदस्यों के वेतन, भत्ता और पेंशन नियमावली 2015 में संशोधन किया गया है। गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इसकी स्वीकृति दी गयी। राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में 37 प्रस्ताव पर स्वीकृति दी गयी। इसके तहत फर्नीचर और आवास के सजावट व रख-रखाव के लिए 1.50 लाख रुपये की राशि को बढ़ाकर तीन लाख रुपये किया गया है। वहीं, प्रति वर्ष रख-रखाव के लिए 10 हजार रुपये को बढ़ाकर 20 हजार रुपये किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष-उपाध्यक्ष को उपरस्कर-आवास सजावट इत्यादि के लिए तीन लाख मात्र व प्रति वर्ष 20 हजार रुपये, विधानसभा के मुख्य सचेतक, उप मुख्य सचेतक उपरस्कर एवं आवास सुसज्जित करने के तहत एक टर्म के लिए तीन लाख रुपये तथा इसके रख-रखाव के लिए 20 हजार रुपये प्रति वर्ष दिया जायेगा।



**कैबिनेट के अन्य महत्वपूर्ण फैसले**

- अंतरराष्ट्रीय बस पड़ाव डेवलपमेंट के लिए 81.63 करोड़ की योजना मंजूर की गयी। वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट योजना की मंजूरी दी गयी। इसमें 136 करोड़ खर्च होगा। 31 एकड़ से अधिक भूमि कचरा मुक्त होगी।
- देवघर समाहरणालय भवन निर्माण की मंजूरी-52.53 करोड़ लागत आयेगी।
- स्वर्गीय ललित प्रसाद के आश्रित पुत्र मुकेश कुमार श्रीवास्तव के अनुकंपा पर नियुक्ति के लिए नियम शिथिल।
- नयी टेक्सटाइल नीति लाने तक 2016 की टेक्सटाइल नीति को एक साल का अवधि विस्तार।
- झारखंड कराधान समाधान संशोधित विधेयक की स्वीकृति। इसे पहले राज्यपाल ने लौटा दिया था। इस विधेयक को आगामी शीतकालीन सत्र में लाया जायेगा। इसमें 3690 करोड़ का बकाया भुगतान होना जिसमें 500 करोड़ का राजस्व सरकार को मिलेगा।
- केंद्रीय प्रलिस संगठन में समादेष्टा पद में नियुक्ति के लिए सेवा-शर्त नियमावली निर्धारित।
- पशुपालन निदेशक के पद पर नियुक्ति के लिए नियमावली बनी।

**एसटी, एससी, ओबसी, अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल दी जायेगी :** एसटी,एससी,ओबसी,अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल देने की स्वीकृति दी गयी। इनमें 2020-21,2021-22 व 2022-23 के कक्षा आठ के वैसे छात्र-छात्राएं जो अभी नवीं-दसवीं में हैं उन्हें भी साइकिल दिया जायेगा। वर्तमान साल में जो आठवीं कक्षा में है उन्हें भी साइकिल दिया जायेगा। बता दें कि विगत वर्षों साइकिल टेंडर फाइनल नहीं होने के कारण छात्रों को साइकिल नहीं दिया जा सका। अब लगातार तीन साल के छात्रों को साइकिल दिया जायेगा।

**राजकीय विश्वविद्यालय और कॉलेज इकाई में प्रशिक्षित कर्मचारियों को सातवां वेतनमान देने का निर्णय :** राज्य के अल्पसंख्यक समुदाय के कब्रिस्तान के डेवलपमेंट के लिए नये सिरे से रूपरेखा कार्यवाही की नीति बनायी गयी। 25 लाख की लागत की योजना की स्वीकृति लाभुक समिति देगी। राजकीय विश्वविद्यालय और कॉलेज इकाई में प्रशिक्षित कर्मचारियों को सातवां वेतनमान देने की स्वीकृति दी गयी। उसका लाभ 1 जनवरी 2016 की तिथि से मिलेगी।

कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में महिलाओं को शिक्षकों के पदों में 50 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जायेगा। इसके लिए कार्मिक विभाग के नियमों को संशोधित किया गया। पहले सिर्फ 5 परसेंट क्षैतिज आरक्षण मिलता था। कल्याण विभाग से संचालित सरकारी स्कूलों के छात्रावासों में रह रहे कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को छात्रवृत्ति 2000 से बढ़ाकर 2500 रुपये की गयी।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड मंत्रालय में झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की नवनियुक्त अध्यक्ष काजल यादव एवं सदस्य उज्ज्वल प्रकाश तिवारी, रुचि तथा मिनहाजुल हक ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर मंत्री जोबा मांझी भी उपस्थित थीं।

# रिम्स डेंटल कॉलेज के सभी विभागों में एमडीएस की शुरुआत की जाये : डॉ विवेक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड स्टेट डेंटल काउंसिल के अध्यक्ष सह डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया की कार्यकारी समिति के सदस्य डॉ विवेक कुमार ने गुरुवार को नेपाल हाउस में झारखंड सरकार के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह से मिलकर डेंटल कॉलेज रिम्स के सभी विभागों में एमडीएस (मास्टर ऑफ डेंटल सर्जरी) के स्नातकोत्तर की पढ़ाई कराने की मांग की। इस दौरान झारखंड स्टेट डेंटल काउंसिल के अध्यक्ष सह डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया की कार्यकारी समिति के सदस्य डॉ विवेक कुमार ने कहा कि द डेंटल इंस्टीट्यूट रिम्स, रांची अंडर ग्रेजुएट बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी कोर्स की 50 सीटों के लिए मान्यता देने की प्रक्रिया में है।

डॉक्टर विवेक कुमार ने कहा कि मान्यता मिलने के बाद अगला कदम रिम्स, रांची के सभी नौ विशिष्ताओं में पोस्टग्रेजुएट, मास्टर ऑफ डेंटल सर्जरी कोर्स शुरू करना होगा। इससे झारखंड के छात्रों और दंत चिकित्सकों को अत्यधिक लाभ होगा, स्नातकोत्तर सीटों की कमी के कारण राज्य के दंत चिकित्सा के छात्रों को एमडीएस करने के लिए दूरदराज के राज्यों में जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि राज्य के डेंटल पोस्टग्रेजुएट के पास राज्य में ही ज्यादा अवसर नहीं है। रिम्स के सभी 9 विशिष्टताओं में एमडीएस पाठ्यक्रम शुरू करने से दोनों को अत्यधिक लाभ होगा, क्योंकि यह राज्य के छात्रों को शैक्षिक अवसर प्रदान करेगा और दंत चिकित्सा पेशेवरों को रोजगार के अवसर प्रदान करेगा।

**राशिफल**

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

| | |
|---|---|
| मेष | रोजी-रोजगार में लाभ मनमुटाव का निराकरण होगा। धन लाभ का योग है। |
| वृष | कारोबार में उन्नति। नवीन कार्य की योजना सफल होगी। अध्ययन-अध्यवसाय में रुचि। |
| मिथुन | शुभ फल प्राप्त होगा। आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा। सहायता मिलेगी। इच्छा पूरी होगी। |
| कर्क | शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे। खर्च पर नियंत्रण रखें। संतान की ओर से चिंता रहेगी। |
| सिंह | कार्यों में सफलता मिलेगी। पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी। यात्रा में धन लाभ का योग बन रहा है। |
| कन्या | सभी कार्य पूरे होंगे। मेहमानों का आगमन होगा। आप आवभगत में व्यस्त रहेंगे। |
| तुला | संपति संबंधी मामलों का निपटारा आपके पक्ष में होगा। शुभ समाचार मिलेगा। |
| वृश्चिक | यश, कीर्ति एवं मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी। वाणिज्य-व्यवसाय में लाभ होगी। |
| धनु | आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे। ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। |
| मकर | अकस्मात धन लाभ होगा। कार्यों में सफलता मिलेगी। नवीन वस्तु की खरीदारी होगी। |
| कुंभ | सरकारी नौकरी करने वालों को लाभ। गृह-भूमि-वाहन का सुख। संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा। |
| मीन | लंबित कार्य निपटाने में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में पदोन्नति के अवसर भी मिल सकता है। |

# विस्थापितों और मजदूरों के रहनुमा थे समरेश सिंह



**सूरज नाथ शाहदेव**

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के दिग्गज राजनीतिज्ञ, पूर्व मंत्री सह बोकारो के पूर्व विधायक 81 वर्षीय समरेश सिंह का गुरुवार को सुबह साढ़े छह बजे बोकारो स्थित आवास में निधन हो गया। समरेश सिंह को एक दिन पहले ही रांची स्थित मेदांता अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी थी और उन्हें बोकारो स्थित उनके घर लाया गया था। मालूम हो कि समरेश सिंह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। बीते महीने 12 तारीख को तबीयत अधिक बिगड़ने के बाद उन्हें पहले बीजीएच और फिर रांची स्थित मेदांता अस्पताल ले जाया गया था। वहां करीब 16 दिन रहने के बाद 29 नवंबर को ही वह बोकारो लौटे थे। उस समय डॉक्टर और स्वजनों ने उनकी हालत पहले से बेहतर बतायी थी, लेकिन एक दिन बाद ही उनका निधन हो गया।

मजदूर नेता समरेश सिंह का जन्म 11 अक्टूबर 1941 को बोकारो जिले के चंदनकियारी प्रखंड के लालपुर पंचायत स्थित देउलटांड़ गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम स्व अरुण सिंह और माता का नाम ब्रह्मा देवी था। स्व समरेश सिंह की प्राम्भिक शिक्षा गांव से ही हुई। उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा बरमसिया हाई स्कूल से 1955 में पास की। जिसके बाद इंटरमीडिएट और स्नातक की पढ़ाई रांची विश्वविद्यालय से पूरी की। स्व समरेश सिंह का विवाह बांकुड़ा की रहने वाली भारती सिंह से हुई थी। उनका देहांत भी 2017 में हो चुका है। स्व सिंह के तीन पुत्र हैं। सबसे बड़ा बेटा राणा प्रताप सिंह दूसरा सिद्धार्थ सिंह और सबसे छोटे पुत्र संग्राम सिंह हैं।

### समरेश सिंह का राजनीतिक सफर

बोकारो के पूर्व विधायक स्व समरेश सिंह भाजपा के संस्थापक सदस्य रहे थे। वे एक अच्छे वक्ता थे। वे हिंदी और बांग्ला में धाराप्रवाह भाषण दिया करते थे। उनको सुनने को दूर दराज से लोग आते थे। स्व सिंह समाजिक सेवा के क्षेत्र में 1974 से राजनीति की शुरूआत की थी। उन्होंने 1974 में मजदूरों का यूनियन नेता बने। स्व समरेश भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के अग्रणी नेता थे। उन्होंने कोलयरी क्षेत्र के मजदूरों के साथ हो रहे अन्याय और शोषण के विरुद्ध आवाज उठाया। उनकी बुलंद आवाज और शेर की दहाड़ से कोलयरी क्षेत्र के अधिकारियों में एक प्रकार का दहशत जाता था। स्व समरेश सिंह ने 80 के दशक में क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ की स्थापना की थी। वे मजदूरों के हक को दिलवाने में काफी सफल रहे। उनके कामों से कोलयरी क्षेत्र के मजदूर उनपर आंख मूंद कर विश्वास करने लगे।



### मजदूर उन्हें प्यार से दादा कह कर संबोधित करते थे

मजदूरों के निवेदन और अपनी लोकप्रियता को देखते हुए वे पहली बार 1977 में बाघमारा विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़े और उन्हें चुनाव में जीत हासिल हुई। उनका चुनाव चिन्ह था कमल का निशान। जब जनता पार्टी का विघटन हुआ और भाजपा की नींव रखी गयी तो समरेश सिंह भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक रहे। जब मुंबई में 1980 में भाजपा के प्रथम अधिवेशन का आयोजन किया गया उस अधिवेशन में स्व समरेश सिंह ने ही कमल निशान का चिह्न रखने का सुझाव दिया था। जिसे केंद्रीय नेताओं ने मंजूरी दी थी। क्योंकि समरेश सिंह को 1977 के चुनाव में कमल निशान पर ही जीत मिली थी। बाद में समरेश सिंह भाजपा से 1985 में बोकारो से विधायक निर्वाचित हुए। उसके बाद 1985 में सिंह ने इंदर सिंह नामधारी के साथ मिलकर भाजपा में विद्रोह कर 13 विधायकों के साथ संपूर्ण क्रांति दल का गठन किया था। पर कुछ ही दिनों के बाद संपूर्ण क्रांति दल का विलय भाजपा में कर दिया गया। वर्ष 1995 में समरेश सिंह ने भाजपा का टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय चुनाव लड़ा लेकिन वह हार गये। इसके बाद वर्ष 2000 का चुनाव उन्होंने झारखंड वनांचल कांग्रेस के टिकट पर लड़ा। फिर 2009 में झाविमो के टिकट पर विधायक बने। बाद में भाजपा में शामिल हो गये। वहीं 2014 में भाजपा का टिकट नहीं मिलने पर वह निर्दलीय चुनाव लड़े व हारे गये।

# धान की एमएसपी 2040 रुपये, ग्रेड ए धान के लिए 2070 रुपये प्रति क्विंटल तक का होगा भुगतान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार ने धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य तय किया है। इस वित्तीय वर्ष 8 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद होगी। प्रति क्विंटल न्यूनतम एमएसपी 2040 रुपये रखी गयी है। इसमें 10 रुपया बोनस यानी 2050 रुपये किसानों को दिया जायेगा। वहीं ग्रेड ए धान के लिए 2070 रुपये प्रति क्विंटल भुगतान किया जायेगा। एक किसान से अधिकतम 200 क्विंटल धान खरीदी जायेगी।

## विधानसभा की ओर से दलीलें पूरी, एमएलए दीपिका पांडे को 13 दिसंबर को रखना है पक्ष

**रांची (आजाद सिपाही)।** विधानसभा में दलबदल मामले में सुनवाई कर फैसला सुरक्षित रखने के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की याचिका पर गुरुवार को झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस राजेश शंकर की अदालत में विधानसभा की ओर से दलीलें पेश की गयी। विधानसभा की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता संजय हेगड़े ने सर्वोच्च न्यायालय के कई आदेशों का हवाला देते हुए कहा कि दसवीं अनुसूची के तहत विधानसभा न्यायाधिकरण के फैसले के बाद ही मामले में चुनौती दी जा सकती है। उन्होंने अपनी बहस पूरी की. ज्ञात हो कि प्रार्थी की ओर से पहले ही दलीलें पूरी की जा चुकी है। अदालत के आदेश के बाद मामले में सूचक विधायक दीपिका पांडे को प्रतिवादी बनाया गया था। विधायक दीपिका पांडे को 13 दिसंबर को पक्ष रखना है। तत्पश्चात प्रार्थी अगर जवाब देना चाहे, तो उसके लिए समय की मांग कर सकता है। पूर्व मंत्री बाबूलाल मरांडी ने विधानसभा स्पीकर पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की है। सुनवाई के दौरान बाबूलाल मरांडी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता वीपी सिंह, अभय कुमार मिश्रा एवं विनोद कुमार साहू मौजूद रहे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना संख्या: टीआरडी-आरएनसी-22-23-19, दिनांक: 30.11.2022।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची निविदा सूचना संख्या: टीआरडी-आरएनसी-22-23-19, दिनांक: 30.11.2022, जिसे दिनांक 23.12.2022 को अपराह्न 3:30 बजे या उसके बाद खोला जाना निर्धारित है, के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** (i) जेएचएमआर के सीएनआई छोर पर 132 मी. द्वारा जेएचएमआर में लाइन संख्या 3 के क्रॉस ओवर पॉइंट संख्या: एस14एस/एस14एन के स्थानांतरण के चलते ओएचई का रूपांतरण। (ii) एलटीएमडी स्टेशन के सीएनआई छोर पर 112 मी. द्वारा एलटीएमडी में लाइन संख्या 3 के क्रॉस ओवर पॉइंट संख्या: एस13एस/एस13एन के स्थानांतरण के चलते ओएचई का रूपांतरण। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 23,85,785.81। **जमा बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 47,700। **बंद होने की तारीख और समय:** 23.12.2022 को अपराह्न 3.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** www.ireps.gov.in। निविदा का विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदादाता/ बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय निविदादाता को निविदा दस्तावेज के साथ सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। (PR-858)

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 02 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.com



# शिक्षकों के 90 हजार पद खाली, सरकार में नियुक्ति की इच्छा शक्ति नहीं : अन्नपूर्णा देवी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गुरुवार को झारखंड के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के खाली पदों को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की इच्छाशक्ति ही नहीं है कि वह शिक्षकों की नियुक्ति करें। स्थानीय नीति नहीं होने से नियुक्ति में पेंच फंस जाता है। सरकार ने पूर्व की स्थानीयता नीति को भी रद्द कर दिया। राज्य के बच्चों को बिन शिक्षक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कैसे मिलेगी। अन्नपूर्णा देवी राजकीय अतिथिशाला में झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की समीक्षा कर रही थी। उन्होंने कहा कि राज्य के प्राथमिक स्कूलों में शिक्षकों के 75 हजार और



मिडिल स्कूल में 15,000 से ज्यादा पद खाली हैं। यही स्थिति हाई एवं प्लस 2 स्कूलों में भी है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में भी शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो पा रही है। बावजूद इसके प्रारंभिक स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र की योजनाओं के लिए सरकार को फंड देती है। राज्य सरकार को उसका सदुपयोग करना चाहिए। बैठक में शिक्षा मंत्री के निदेशक ई नवीन निकोलस, जेईपीसी की एसपीडी किरण कुमारी पासी, माध्यमिक शिक्षा निदेशक सुनील कुमार, जयंत मिश्रा, प्रदीप चौबे, अरविंद सिंह, रतन श्रीवास्तव, मुकेश सिन्हा, ओपी मिश्रा, धीरसेन सोरंग, स्वप्निल कुजूर, सचिन कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# कलश शोभायात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह आरंभ

## गाड़ीखाना श्री राम मंदिर द्वारकाधीश धाम में कथा के पहले दिन हुआ प्रवचन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गाड़ीखाना श्री राम मंदिर द्वारकाधीश धाम में गुरुवार को कलश शोभायात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह आरम्भ हुआ। मंदिर के महंत अमर दास महाराज ने बताया कि श्री चित्रकूट धाम से आये कथावाचक आचार्य विमलेश महाराज ने दिन के तीन बजे से व्यास पीठ से प्रवचन के साथ कथा आरम्भ किया।

कथावाचक ने प्रवचन के दौरान श्रीमद् भागवत गीता के महातम में के अलावा धुंधकारी और गोकर्ण प्रसंग का श्रद्धालुओं को श्रवण कराया। कथा की पूणार्हुति आठ दिसंबर को दिन के दस बजे होगी। इसके बाद दिन के चार बजे से महाभण्डारा में भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया जायेगा।



### कलश शोभायात्रा निकाली गयी

मंदिर परिसर से दिन के नौ बजे बैंड बाजा के साथ कलश शोभायात्रा निकली। कथावाचक के सानिध्य में निकली शोभायात्रा शनि मंदिर चौक रातू रोड, अपर बाजार से होकर मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। इस दौरान श्री चित्रकूट धाम से आई भजन मंडली के कलाकारों ने भजन प्रस्तुत किया।

कलश शोभायात्रा में अयोध्या से आये संत रामदास महाराज, श्री जानकी मंदिर के महंत ललित दास महाराज, आचार्य कृष्ण मोहन द्विवेदी, पार्षद सुनील यादव, पूर्व पार्षद सुनीता देवी, छोटू सिंह, धीरज सिंह, अनिल सिंह, अजय कुमार, मिथिलेश कुमार, हरिमोहन, बसंत कुमार, श्री बाल्मीकि समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# नयी दिल्ली में किसान गर्जना रैली 19 को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य की मांग को लेकर 19 दिसंबर को रामलीला मैदान नयी दिल्ली में लाखों किसान जुटेंगे। भारतीय किसान संघ के आह्वान पर नयी दिल्ली में किसान गर्जना रैली का आयोजन किया गया है। रैली में देश के कोने कोने से लाखों किसान शामिल होंगे। यह जानकारी भारतीय किसान संघ, झारखंड के प्रचार प्रमुख प्रकाश कुमार ने प्रेसवार्ता में दी।

उन्होंने बताया कि संघ की प्रमुख मांगों में लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य दिया जाये। कृषि आदानों पर जीएसटी समाप्त किया जाये। किसान सम्मान निधि की राशि में प्रर्याप्त बढ़ोतरी की जाये।



जीएम सरसों को अनुमति नहीं दिया जाये। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि भारतीय किसान संघ का नारा रहा है कि ह्वदेश के हम भंडार भरेंगे लेकिन कीमत पूरी लेंगे। आज देश खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बन चुका है, हम विदेशों में खाद्यान्न निर्यात कर रहे हैं। लेकिन किसान जो फसल उगाता है, कड़ी मेहनत के बावजूद उसको अपनी उपज का लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य अभी तक नहीं मिल रहा है। इसलिये किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ 19 दिसम्बर को दिल्ली के रामलीला मैदान में किसान गर्जना रैली आयोजित कर रहा है। भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता सभी प्रांतों में ग्राम संपर्क, धरना, सभा पदयात्रा जैसे कार्यक्रमों से जनजागरण करते हुए 18 दिसंबर को दिल्ली में भारी संख्या में किसान गर्जना रैली में शामिल होंगे।

# सीवरेज-ड्रेनेज योजना फेज-1 का कार्य फंड के अभाव में लंबित : मेयर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार सीवरेज-ड्रेनेज योजना फेज-1 का कार्य पूरा करने के लिए रांची नगर निगम को पैसा नहीं दे रही है। फंड के अभाव में काम लंबित है। पूर्व में चयनित एजेंसी ने नौ किलोमीटर ट्रंक लाइन में 06 किलोमीटर ट्रंक लाइन का कार्य पूरा किया था। एनएचएआइ, एसएएजे और जेआरडीसीएल से एनओसी नहीं मिलने के कारण शेष तीन किलोमीटर ट्रंक लाइन का कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है। ये बातें गुरुवार को मेयर डॉ आशा लकड़ा ने सीवरेज-ड्रेनेज योजना फेज-1 की समीक्षा बैठक में की। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द नगर निगम को आवंटित राशि उपलब्ध कराई जाये, ताकि सीवरेज-ड्रेनेज योजना फेज-1 का कार्य पूरा किया जा सके। एकरारनामा के अनुसार नयी एजेंसी को फरवरी 2023 तक इस योजना को पूरा करना है।

उन्होंने बताया कि 2015 में सीवरेज-ड्रेनेज फेज-1 का कार्य शुरू हुआ था। कुल 167 किलोमीटर सीवर लाइन बिछाना था। पूर्व में चयनित एजेंसी ने 70 किलोमीटर तक सीवर लाइन बिछाने का कार्य किया गया था। अब नई एजेंसी 113 किलोमीटर सीवर लाइन का काम कर रही है।



पूर्व में चयनित एजेंसी ने 14333 प्रॉपर्टी चेंबर में से 4737 प्रॉपर्टी चेंबर का निर्माण किया था। नयी एजेंसी ने शेष 9596 प्रॉपर्टी चेंबर में से 7780 प्रॉपर्टी चेंबर का निर्माण किया है।

रांची शहर को स्मार्ट सिटी का दर्जा मिल चुका है। इसलिए रांची में साफ-सफाई की स्मार्ट बनाने के उद्देश्य से ZONTA INFRA एजेंसी का चयन किया गया था। लेकिन, एजेंसी ने अब तक डीपीआर व एकरारनामा के तहत कार्य पूरा नहीं किया है। समीक्षा बैठक के दौरान मेयर डॉ आशा लकड़ा ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया है कि एजेंसी को स्मार्टबिन की सफाई व्यवस्था डीपीआर और एकरारनामा के शर्तों के अनुसार पूरा करने के लिए अंतिम चेतावनी के तहत एक माह का समय दें। यदि निर्धारित समयावधि के अंदर एजेंसी की ओर से डीपीआर और एकरारनामा के शर्तों को पूरा नहीं किया तो एजेंसी को टर्मिनेशन नोटिस जारी करें। साथ ही एजेंसी को निगम की ओर से किए जा रहे भुगतान पर तत्काल रोक लगा दी जायेगी। मेयर ने यह भी कहा कि ZONTA INFRA का चयन नगर विकास विभाग के माध्यम से किया गया है ना कि रांची नगर निगम की ओर से। नगर विकास विभाग के निर्देश पर ही शहरी क्षेत्र में स्मार्टबिन लगाने और उसकी सफाई के लिए रांची नगर निगम ने एजेंसी के साथ एकरारनामा किया था। एजेंसी की ओर से की जा रही लापरवाही के प्रति नगर विकास विभाग ही जिम्मेदार है। वहीं उन्होंने कहा कि ZONTA INFRA एजेंसी ने शहर को बर्बाद कर दिया है। बैठक में अपर नगर आयुक्त, उप नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त, मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं स्वस्थ शाखा के अधिकारीगण समेत जोनटा इंफ्राटेक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# खेलगांव रेसिडेंसियल कांप्लेक्स के जी-9 ब्लॉक के रिपेयर-रिनोवेशन का काम शुरू

- काम का कौशल्या गुप्ता ने किया शुभारंभ
- गुणवत्ता पर विशेष ध्यान : अरबिंद बासू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आशिर्वाद प्रोजेक्ट लिमिटेड एवं आशिर्वाद कंस्ट्रक्शन को खेलगांव रेसिडेंसियल कांप्लेक्स के जी-9 ब्लॉक के रिपेयर और रिनोवेशन का टेंडर मिला है। गुरुवार को ब्लॉक छह सेक्टर1 में काम का शुभारंभ कौशल्या गुप्ता ने किया। इस अवसर पर आशिर्वाद ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर अरविंद बासू, कंपनी के बबलू सिंह, संजय कुमार, रंजीत, इरशाद और ब्लॉक छह के अशोक गुमार, दुष्यंत सिंह, मुकुंद कुमार और भास्कर आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर अरबिंद बासू ने कहा कि आशिर्वाद ग्रुप को 160 अपार्टमेंट और शॉपिंग कांप्लेक्स का 35 वर्ष का अनुभव है। खेल गांव प्रोजेक्ट में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रिपेयर और रिनोवेशन में ब्रांडेड कंपनियों का सामान लगाया जा रहा है।

## हरमू नदी से शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**रांची (आजाद सिपाही)।** डोरंडा थाना क्षेत्र के द्वारिकापुरी बकाइन टोली स्थित हरमू नदी से एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। स्थानीय लोगों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की जांच में जुट गयी। मृतक की पहचान मुकेश कुमार के रूप में हुई है। वह द्वारिकापुरी रोड नंबर-8, चुटिया का रहने वाला है। बुधवार शाम में घर से निकला था। गुरुवार की सुबह स्थनीय लोगों ने हरमू नदी में एक व्यक्ति के शव को पानी में देखा, जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुटी हुई है।

## झारखंड पुलिस के जवान ने आत्महत्या की



**इटकी (आजाद सिपाही)।** जिले के इटकी थाना क्षेत्र के महुआ टोली में झारखंड पुलिस के जवान ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है। बुधवार की देर रात जवान सुबल तिग्गा (33 वर्ष) ने अपने ही घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना मिलने के बाद गुरुवार को पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया है और मामले की छानबीन में जुटी हुई है। जवान रांची पुलिस लाइन में पदस्थापित था। जवान ने किस वजह से आत्महत्या की। अब तक इसके पीछे का सही वजह सामने नहीं आ पायी है।

## जॉन प्लेयर के शोरूम का उद्घाटन



**रांची (आजाद सिपाही)।** विधायक हटिया विधानसभा नवीन जायसवाल, डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय और वार्ड पार्षद अर्जुन यादव ने जॉन प्लेयर के शोरूम का उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रेम पाल रावत, स्वेता साह, डॉक्टर सुभाष साहू, गौतम गुप्ता, युवा समाजसेवी पंकज कुमार कश्यप, राजन कुमार, विजय साहू, बंशीधर कुमार, राम लखन, अखिलेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि हरिनाथ साहू धर्मपाल रावत,पूजा रावत,आरुष कश्यप मौके पर मौजूद थे। हटिया विधायक नवीन जयसवाल और संजीव विजयवर्गीय ने फीता काट कर उज्ज्वल भविष्य की कामना दी।

# पति और पत्नी में विवाद के बाद चली तीन राउंड गोली, महिला गंभीर रूप से घायल

## आरोपी पति हिरासत में, रातू पुलिस कर रही है पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** राजधानी में महिला को गोली लगी है। संध्या कुमारी नाम की महिला को पति से विवाद के बाद गोली लगी है। हालांकि अभी ये साफ नहीं हो पाया है कि गोली महिला के पति ने मारी है या फिर उसने खुद को गोली मारी है। घटना रातू थाना क्षेत्र के कटहल मोड़ का है। फिलहाल, महिला का रिम्स में इलाज चल रहा है। वहीं, आरोपी पति को रातू पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है महिला जर्नलिस्ट है और एक निजी मीडिया संस्थान में बतौर एंकर काम करती है।



जानकारी के अनुसार महिला का अपने पति के साथ विवाद कुछ इस कदर बढ़ी की बात गोलीबारी तक आ गयी। उनके बंद कमरे से एक के बाद एक तीन गोली चलने की आवाज आयी। महिला के पति के पास लाइसेंसी गन है। माना जा रहा है कि उसी पिस्टल से गोली चली है।

जानकारी के अनुसार संध्या की शादी सात माह पहले ही हुई थी और कुछ दिनों से उनका विवाद उनके पति के साथ चल रहा था। पिछले दो दिनों से दोनों के बीच बातचीत भी बंद थी, जिसके बाद गुरुवार सुबह दोनों के बीच झगड़ा शुरू हो गया। विवाद कुछ इस कदर बढ़ा कि कमरे के अंदर गोली चलने लगी। कमरे में तीन गोलियां चली हैं, जिसमें से एक गोली संध्या को लगी। इसके बाद घायल संध्या को रिम्स लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

वहीं, मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने संध्या के पति जो एक व्यवसायी हैं, उन्हें हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। हालांकि जयंत ने इस बात को स्वीकार किया है कि दोनों के बीच विवाद था, लेकिन संध्या ने आत्महत्या की कोशिश की या फिर उस पर गोली उसके पति ने चलायी, इसे लेकर पुलिस तफ्तीश कर रही है। पुलिस की मानें तो मामला फिलहाल संदेहास्पद है, क्योंकि कमरे में तीन गोलियां चली हैं।

# फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन की ओर से छात्रों ने निकाली एड्स जागरूकता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन इरबा के छात्र छात्राओं ने बुधवार को जागरूकता रैली निकाली। रैली संस्था से एनएच 33 पथ होते हुए ब्लॉक चौक ओरमंझी तक गयी। इस दौरान हाथ में बैनर पोस्टर लिए छात्र-छात्राएं नारा लगाते हुए लोगों को एड्स के प्रति जागरूक कर रहे थे। ब्लॉक चौक ओरमंझी पहुंचने के बाद छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को एड्स की बीमारी एवं इससे बचाव की जानकारी दी। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राम टहल चौधरी ने कहा कि एड्स संक्रामक बीमारी जरूर है लेकिन किसी के साथ उठने बैठने वालों से नहीं फैलती।




विशिष्ट अतिथि विजय कुमार सोनी बीडीओ, ओरमांझी ने कहा कि एड्स को लेकर लोगों में तरह-तरह कि भरम है जागरूकता की कमी के कारण एड्स के मरीजों के साथ सौतेला व्यवहार बिल्कुल गलत है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया जा सकता है। संस्थान के सचिव जीनत कौशर ने कहा कि एड्स रोग से ग्रसित लोगों से नफरत नहीं उन्हें स्नेह व प्यार की जरूरत है। वहीं कॉलेज निदेशक शाहीन कौशर ने कहा कि हर साल 1 दिसंबर को पूरी दुनिया में एड्स दिवस मनाया जाता है, जिसे विश्व एड्स दिवस कहा जाता है। एड्स का पूरा नाम एक्वायर्ड इम्यूनो डेफि शियेंसी सिंड्रोम है और ये एचआइवी (ह्यूमन इम्यूनो डेफि शियेंसी वायरस) के कारण फैलता है। इस मौके पर उपप्रमुख रिजवान अंसारी, उप प्राचार्या विनिशा बन्श्रीयार, अरसाद अंसारी, रकिब अंसारी, हिमांशु, सुधीर कुमार, वर्षा कुमारी, शोएब अंसारी, एजाज, शकील, अजहर, सादिक, शाहनवाज एवं कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## प्रदेश भाजपा ने समरेश सिंह के निधन पर जताया शोक

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के पूर्व मंत्री, जुझारू एवं संघर्षशील नेता समरेश सिंह के निधन पर प्रदेश भाजपा ने गहरा शोक प्रकट किया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने स्व. सिंह के निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि जनसंघ से लेकर भाजपा तक की यात्रा में स्व. सिंह ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे एक जुझारू और संघर्षशील नेता थे। अलग झारखंड राज्य की लड़ाई में उन्होंने वनांचल आंदोलन में शामिल होकर लंबी लड़ाई लड़ी। श्री प्रकाश ने समरेश सिंह की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कहा कि दुख की इस घड़ी में ईश्वर परिजनों को धैर्य साहस प्रदान करें। नेता विधायक दल एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि समरेश सिंह का निधन झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि वनांचल आंदोलन में उनके संघर्ष को राज्य की जनता सदा याद रखेगी। श्री मरांडी ने उनकी आत्मा की। शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहायआदि शामिल हैं।

## स्थानीय एवं नियोजन नीति को दोनों सदनों से पारित कराये केंद्र सरकार : विजय शंकर नायक

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष विजय शंकर नायक ने गुरुवार को कहा कि झारखंडी समाज के युवाओ के लिए स्थानीय एवं नियोजन नीति, ओबीसी समाज के लिए 77 प्रतिशत आरक्षण नीति को केंद्र की भाजपा सरकार दिसंबर माह में होनेवाले शीतकालीन सत्र में दोनों सदनों से पारित करा कर कानून बनाने की दिशा में सकारात्मक ठोस पहल करें। अगर ऐसा नहीं किया गया तो झारखंड में आर्थिक नाकेबंदी की जायेगी और एक छटाक भी खनिज राज्य से बाहर जाने नहीं दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह तीनों विधेयक झारखंड के आदिवासी मूलवासी समाज के जीवन को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष से रूप से प्रभावित करता है। ऐसे में केंद्र की भाजपा सरकार इन तीनों विधेयक को दोनों सदनों राज्यसभा - लोकसभा से पारित कराकर कानून बनाने की दिशा में गंभीरता पूर्वक विचार करे।

# डेढ़ महीना बीत गया, पुलिस के मुखबिर का नहीं मिला कोई सुराग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डेढ़ महीना बीत जाने के बाद भी पुलिस के मुखबिर का कोई सुराग नहीं मिला है। रातू थाना क्षेत्र के रहने वाले राजा साहेब बीते 17 अक्टूबर से गायब हैं। पुलिस की खोजबीन के बाद भी राजा साहेब का सुराग नहीं मिल पाया है। इसके बाद रांची पुलिस ने आठ नवंबर को राजा की सूचना देने वाले को 50 हजार इनाम देने की घोषणा की है। इसके लिए एक इश्तेहार भी जारी किया गया था।

राजा पुलिस के लिए काम करते थे। इस वजह से वो टीपीसी उग्रवादियों के निशाने पर थे। आशंका जताई जा रही है कि टीपीसी उग्रवादियों के द्वारा राजा का अपहरण कर लिया गया है। राजा की खोज के लिए रांची के बुढ़मू, चान्हो और खलारी इलाके में पुलिस ने सर्च ऑपरेशन भी चलाया, लेकिन उनका अब तक कोई पता नहीं चल पाया है।

### क्या है मामला

रातू थाना क्षेत्र के हुरहुरी गुटुवाटोली का रहने वाला राजा साहेब 17 अक्टूबर से लापता है। टीपीसी उग्रवादियों की ओर से राजा साहेब के अपहरण की आशंका जतायी जा रही है। आशंका यह भी जतायी जा रही है कि राजा की हत्या कर टीपीसी उग्रवादियों ने उसे जंगल में दफना दिया है। इस मामले में राजा की पत्नी ने रातू थाना में रिपोर्ट भी दर्ज करायी है। राजा की पत्नी के आवेदन के अनुसार राजा साहेब 17 अक्टूबर की दोपहर एक बजे घर से बाइक से निकले थे। उन्होंने पत्नी से कहा था कि वह सर के साथ जरूरी काम से जा रहे हैं, जाने से पहले उन्होंने पत्नी से फटे-पुराने कपड़े मांगे और कहा कि उन्हें अपनी पहचान छुपानी है। इसी दौरान उन्होंने पत्नी से फोन करने के लिए भी मना किया था, फिर घर में रखे पुराने कपड़े उन्होंने पहने और बाइक से निकल गये। पत्नी ने पूरे दिन उन्हें फोन नहीं किया, लेकिन रात 11 बजे तक जब वह नहीं पहुंचे, तो वह उन्हें फोन करने लगी। उनका फोन लगातार स्वीच ऑफ आने लगा। आवेदन में राजा की पत्नी ने यह दावा किया है कि उनके पति का अपहरण कर लिया गया है। इधर पुलिस को राजा साहेब का अंतिम लोकेशन बुढ़मू के जंगल में मिला था। उसके बाद कोई लोकेशन नहीं मिला है।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 02 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.com



## मुखिया सरिता देवी ने फाइलेरिया दवा वितरण का किया शुभारंभ



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सरकार के निर्देशानुसार पुरे पंचायत में पोकला उर्फ कासियाडीह मुखिया सरिता देवी एव पंचायत समिति सदस्य राजेश चौधरी ने गुरुवार को फाइलेरिया रोधी दवा वितरण का शुभारंभ किया। मुखिया सरिता ने ग्रामीणों को प्रोत्साहित कर कहा की पंचायत में एक भी व्यक्ति नही छूटेगा दवा वितरण पर प्राथमिकता दिया गया है। उन्होंने कहि की फाइलेरिया रोधी दवा सेवन करना जरूरी है। इसलिये की फाइलेरिया कृमि कीटाणु एक स्वस्थ्य व्यक्ति को भी हो सकता है। इससे हाथी पांव नही होने देता है।इस मौके पंसस राजेश चौधरी, एएनएम सुजाता कुमारी, आंगनबाड़ी सेविका मंजू देवी, असगरी बेगम, सहिया दीदी सीता देवी, ताजो देवी, मुखिया प्रतिनिधि गोपाल महतो समेत कई उपस्तिथ थे।

## विश्व एड्स दिवस पर भद्रकाली कॉलेज में चला जागरूकता अभियान



**चतरा (आजाद सिपाही)।** इटखोरी के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान भद्रकाली महाविद्यालय में गुरुवार को विश्व एड्स दिवस के मौके पर एनएसएस इकाई 1 एवं 2 के तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं कर्मियों द्वारा कॉलेज परिसर से आस-पास के गांवों में रैली निकाल जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही हरिजन बाहुल्य आवादी को एड्स के लक्षणों के कारण एड्स से बचाव के उपाय की जानकारी लोगों को दी गई। छात्र-छात्राओं के बीच एड्स मुक्त स्लोगन लिखकर नारा लगाते हुए। भर्मण किया गया। जागरूकता रैली को कॉलेज के प्राचार्य डॉ दुलार हजाम रवाना किया। मौके पर प्रो जानकी दांगी, श्याम सुंदर प्रसाद, प्रो डॉ मंसूर, प्रो ललित मोहन चौधरी, प्रो लीलू रानी, मधुबाला, मो शाहिद, असलम, छात्र सोनू पांडेय, विवेक तिवारी, कार्यक्रम प्रभारी संदीप कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## जेएसपी फाउंडेशन ने विश्व एड्स दिवस पर चलाया जागरूकता कार्यक्रम




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** विश्व एड्स दिवस पर जेएसपी फाउंडेशन ने गुरूवार को जागरूकता कार्यक्रम चलाया। इसका उद्देश्य जानलेवा बीमारी के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना था। एचआईवी का मतलब ह्यूमन इम्यूनो डेफिसिएंसी वायरस होता है, उसके खिलाफ लड़ाई के लिए लोगों को एकजुट होने का एक अवसर प्रदान करता है। कहा गया कि इस विशेष दिन का उद्देश्य उन व्यक्तियों का समर्थन करना है जो इस वायरस के साथ जी रहे हैं और उन लोगों को याद करना है जिन्होंने एड्स से संबंधित बीमारी के कारण अपनी जान गंवाई है। इस साल के विश्व एड्स दिवस का थीम ह्यइक्वालाइजह्ल है। यह विश्व के नेताओं और नागरिकों से एड्स को खत्म करने के प्रयासों में बाधा डालने वाली असमानताओं को स्वीकार करने और हल करने का आग्रह करता है और यह सुनिश्चित करता है कि सभी को आवश्यक एचआईवी देखभाल तक समान पहुंच मिले। इस अवसर पर जेएसपी फाउंडेशन ने जागरूकता फैलाने के लिए उच्च विद्यालय, बलकुदरा के बच्चों के साथ गांव में रैली निकाला। प्लांट परिसर में जागरूकता बैनर्स लगाए गए। इस दौरान किशोरी बच्चियों, फुटबॉल खिलाडियों और ओपीजेसीसी के बच्चों के बीच जागरूकता सत्र चलाया गया। साथ ही उनके बीच जागरूकता आईइसी वितरित की गयी। कर्यक्रम के दौरान रवि निवास, अनुराग सिंह, मंजू मिश्रा, अजय पांडेय, रश्मिता दास, सुरेंद्र कुमार, शशि प्रसाद, विनोद कुमार रविदास, माया कुमारी, अजित कुमार एवं दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थें।

## भुरकुंडा कोलियरी प्रबंधन मजदूरों के साथ सौतेला व्यवहार करना बंद करें : नरेश मंडल




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** यूनियन कोल वर्कर्स यूनियन के तत्वावधान में गुरूवार को भुरकुंडा हाथीदाड़ी खदान में पीट मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें मजदूरों की विभिन्न समस्याओं पर वक्ताओं ने विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। पीट मीटिंग को संबोधित करते हुए यूनियन के शाखा अध्यक्ष सह जेसीएससी सदस्य नरेश मंडल ने कहा कि भुरकुंडा कोलियरी प्रबंधन मजदूरों के साथ सौतेला व्यवहार करना बंद करे, अन्यथा यूनियन आंदोलन का रूख अख्तियार करेगी। पीट मीटिंग में भूमिगत भत्ता कटौती, एसएलपी, वेतन समझौता, बकाया 15 दिन मजदूरी, आदि को ले मजदूरों को अवगत कराया गया। कहा गया कि फरवरी 2022 के 13 दिनों को बकाया मजदूरी का भुगतान पूरे सीसीएल में दैनिक कामगारों को किया जाएगा। पीट मीटिंग को शाखा सहायक सचिव सह सेफ्टी बोर्ड सदस्य विकास कुमार, शाखा सचिव लखेन्द्र राय आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर अनुज कुमार, सुनील सिह, सुरेंद्र महतो, संतोष कुमार, अफजल हुसैन, जोगेंद्र ठाकुर, ढुप्पा भुइयां, चंद्रदेव कुमार, नागेन, द्वारिका सिह, रंजन पासवान, सरबिंद सहित दर्जनों मजदूर मौजूद थें।

## छह उच्च स्तरीय पुल निर्माण को लेकर हुआ सर्वे, विधायक ने की थी अनुशंसा



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत उच्च स्तरीय पुल निर्माण को ले विभाग के सहायत अभियंता चलचित्र महतो, कनीय अभियंता दिलीप ठाकुर ने गुरूवार को पतरातू दामोदर नदी में पुल निर्माण को ले सर्वे किया गया। जयनगर-बलकुदरा को जोड़ने वाले नलकारी नदी, पतरातू उरीमारी के बीच दामोदर नदी, चैनगडा व सिरका के बीच पांच नंबर दामोदर नदी, लेम व सामूदाह के बीच मसरीकोचा नदी, कंडेर डेलिया पत्थर नदी, बीचा व होन्हेंटांड के बीच नदी में पुल निर्माण को ले सर्वे हुआ। बताया गया कि विधायक अंबा प्रसाद द्वारा पतरातू प्रखंड के 6 उच्च स्तरीय पुल निर्माण को ले अनुशंसा की गई थी। विभाग के एसडीओ व जेई ने बताया कि बहुत जल्द डीपीआर तैयार कर विभाग को सौंपा जायेगा। कहा गया कि पतरातू उरीमारी के बीच दामोदर नदी में पुल निर्माण होने से दर्जनों गांव लाभान्वित होंगे। जिसमें पतरातू से उरीमारी, असवा, पोटंगा बड़कागांव तक लोगों का सफर में दूरी कम होगी। और उरीमारी के लोगों को भी पतरातू या रांची जाने में सुविधा होगी। वहीं जयनगर एवं बलकुदरा के बीच में पुल निर्माण से भी दर्जनों गांव को प्रखंड मुख्यालय पहुंचने में बहुत ही कम दूरी का सामना करना पड़ेगा, जिससे दर्जनों गांव लाभान्वित होंगे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, योगेंद्र सिंह खरवार, नईम अंसारी, मुन्ना अंसारी, अजीत सिंह व मुस्तकीम अंसारी मौजूद थें।

## जेएम कॉलेज में विश्व एड्स दिवस पर सेमिनार का हुआ आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व सृजन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कॉलेज में गुरूवार को विश्व एड्स दिवस पर सेमिनार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विद्यानंद तिवारी व संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. शीला सिंह ने की। मौके पर प्राचार्य डॉ. विद्यानंद तिवारी ने कहा कि बस सुरक्षा है इस बीमारी का बचाव है। इसका ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने स्वयंसेवको से एड्स को ले समाज में जागरूकता फैलाने की बात कही। इस अवसर पर स्वयंसेवको ने कविताओं के माध्यम से एड्स पर प्रकाश डाला। मौके पर डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. बिरेंद्र सिंह, डॉ. लीला सिंह, फाउंडेशन के शेखर सिंह, डॉ. समां बेगम, प्रो. मनोज कुमार सिंह, धनंजय, शत्रुधन, शुभम, रूद्र, पंकज, कंचन, नंदिनी, जिया, शिवानी, राहुल, रोशन, अमन, अंकित, प्रियांशु, कोमल, कंचन सहित दर्जनों स्वयंसेवक मौजूद थें।

### अवैध खनन के विरुद्ध जिला प्रशासन ने की कार्रवाई

# बनखेता में अवैध तीन क्रेशरों को किया ध्वस्त, स्टोन चिप्स जब्त



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए डीसी माधवी मिश्रा ने अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया है।इसी क्रम में गुरुवार को जिला खनन पदाधिकारी नितेश कुमार के नेतृत्व में रामगढ़ थाना क्षेत्र में चलाए गए जांच अभियान में बनखेता में अवैध रूप से संचालित 3 क्रेशरों को ध्वस्त किया गया। वही स्थल से करीब 1500 सीएफटी स्टोन चिप्स को जब्त कर जिला खनन कार्यालय में रखा गया। जांच दल में जिला खनन निरीक्षक विनोद बिहारी प्रमाणिक, रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर रोशन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## मेक इन ओड़िशा 2022: ओड़िशा सीएम नवीन पटनायक ने झारसुगुड़ा में वेदांता एल्यूमीनियम पार्क का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** भारत में एल्यूमीनियम के सबसे बड़े उत्पादक वेदांता लिमिटेड ने गुरुवार को झारसुगुड़ा, ओड़िशा में वेदांता एल्युमिनियम पार्क की आधारशिला रखने की घोषणा की। ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल की उपस्थिति में चल रहे मेक इन ओडिशा 2022 कॉन्क्लेव में फाउंडेशन पत्थर का अनावरण किया। इस प्रकार एल्यूमीनियम पार्क का आधिकारिक उद्घाटन किया गया। पार्क वेदांता एल्यूमीनियम और ओड़िशा इंडस्ट्री इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (आइडीसीओ) के बीच एक ज्वाइंट वेंचर है। समारोह के दौरान वेदांता एल्युमिनियम के सीइओ राहुल शर्मा भी मौजूद थे। वेदांता एल्यूमीनियम पार्क एक विश्व स्तरीय औद्योगिक फैसिलिटी होगी जहां कंपनियां अपनी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित कर सकती हैं और अपने उत्पादों का निर्माण करने के लिए झारसुगुड़ा में वेदांता के स्मेल्टर से गर्म धातु (पिघला हुआ एल्यूमीनियम) प्राप्त कर सकती हैं। झारसुगुड़ा में वेदांता का एल्यूमीनियम स्मेल्टर दुनिया के सबसे बड़े एल्यूमीनियम स्मेल्टरों में से एक है, जिसकी क्षमता 1.75 मिलियन टन प्रति वर्ष है। 253 एकड़ में फैला वेदांता एल्यूमीनियम पार्क भारत के सबसे बड़े मेटल पार्कों में से एक होगा। अपने विशेष स्थान और विशेष सुविधाओं के साथ, पार्क एल्यूमीनियम आधारित व्यवसायों को अपने व्यवसाय को तेजी से बढ़ाने के लिए बेजोड़ लाभ प्रदान करेगा, जैसेः बढ़ती हुई उत्पादकताः किसी भी मात्रा में तत्काल उच्च गुणवत्ता वाले गर्म धातु तक प्राथमिकता पहुंच। यह उत्पादकता को बढ़ावा देगा, उत्पादन लचीलापन प्रदान करेगा और उद्योगों को लागत-प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ायेगा।

**समय की बचत :** गर्म धातु की तत्काल उपलब्धता के साथ, परिवहन और रीमेल्टिंग में लगने वाला समय कम हो जाता है, जिससे महत्वपूर्ण समय और धन की बचत होती है।

**कम वर्किंग कैपिटल :** प्री हीटेड लैडल्स के माध्यम से वांछित तापमान पर गर्म धातु ले जाने से पुनः पिघलाने से जुड़े प्रयास और लागत दोनों की बचत होगी।

**टेक्निकल और आफ्टर सेल्स स्पोर्ट :** वेदांता एल्यूमीनियम के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, आर एंड डी सुविधा, स्टार्ट-अप्स और वैश्विक विशेषज्ञों के नेटवर्क तक पहुंच, निमार्ताओं को एक महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धी बढ़त प्रदान करेगी।

**एक्सपोर्ट ओरिएंटेड इंडस्ट्री के लिए एसइजेड :** वेदांता के झारसुगुडा परिसर में एक एसइजेड (विशेष आर्थिक क्षेत्र) स्मेल्टर की उपस्थिति एक्सपोर्ट ओरिएंटेड इंडस्ट्री के लिए अपने प्रोडक्ट के उत्पादन के लिए गर्म धातु की उपलब्धता एक अनूठा लाभ है।

**पर्यावरण और कार्बन फूटप्रिंट :** री-मेल्टिंग या लॉन्ग-हॉल लॉजिस्टिक्स की आवश्यकता को समाप्त करते हुए, पार्क प्रति वर्ष 60-70,000 टन के महत्वपूर्ण कार्बन उत्सर्जन को रोकने में मदद करेगा। यह उद्योगों को लो कार्बन वाले उत्पादों का उत्पादन करने और उनके संचालन को डीकाबोर्नाइज करने में भी मदद करेगा।

ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा कि ओड़िशा तेजी से देश में एक प्रमुख इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है। हम सभी क्षेत्रों में परिवर्तन और समावेशी विकास पर स्पष्ट फोकस रखने वाले एक प्रगतिशील राज्य हैं। ओडिशा में हम आपको देश में सर्वश्रेष्ठ से बेहतर सेवाएं, स्पोर्ट और प्रोत्साहन करते हैं। इन्वेस्टर फ्रेंडली इनीशिएटिव और टांसफार्मेटिव गवर्नेंस ने हमें प्रगति के पथ पर अग्रसर किया है। हम आप में से प्रत्येक के साथ काम करना जारी रखेंगे और आपकी आवश्यकताओं को समझेंगे और बेस्ट स्पोर्ट सिस्टम प्रदान करेंगे। वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा, आज, दुनिया भारत को मैन्युफैक्चरिंग के लिए अगले डेस्टिनेशन के रूप में देखती है और नवीन पटनायक के नेतृत्व में ओडिशा भारत में निवेशकों के लिए पसंदीदा गंतव्य बनने की ओर अग्रसर है। ओडिशा, अपने प्राकृतिक लाभों के साथ, आज भारत की एल्यूमीनियम राजधानी है, और इसमें दुनिया की एल्यूमीनियम राजधानी बनने की क्षमता है। इन वर्षों में, वेदांता ने 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है और राज्य में 5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आजीविका के अवसर पैदा किए हैं और अब वेदांता एल्युमिनियम पार्क का अधिकतम वैल्यू एडिशन करने और राज्य में औद्योगीकरण को और गहरा करने के लिए अधिक डाउनस्ट्रीम प्लेयर को ओडिशा में लाएगा। . ओडिशा वह जगह है जहां आपके सपने सच हो सकते हैं- जहां आपका सपना साकार हो सकता है। वेदांता एल्युमिनियम के सीइओ राहुल शर्मा ने कहा कि झारसुगुड़ा में हमारे एल्यूमीनियम स्मेल्टर के पास एक विश्व स्तरीय एल्यूमीनियम पार्क बनाने के लिए वेदांता और ओडिशा सरकार के बीच यह सहयोग भारतीय मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री के लिए एक नए युग की शुरूआत करेगा। हम उद्योगों को अपने एल्युमिनियम पार्क में अपने प्लांट स्थापित करने के लिए आमंत्रित करते हैं, और हमारे द्वारा प्रदान किए जाने वाले ढेर सारे लाभों का लाभ उठाते हैं। हम भारत को दुनिया का सबसे अधिक मांग वाला मैन्युफैक्चरिंग डेस्टिनेशन बनाने के लिए हम सभी एक टीम में शामिल हो सकते हैं। वेदांता लिमिटेड का एक व्यवसाय वेदांता एल्यूमीनियम, भारत का सबसे बड़ा एल्यूमीनियम उत्पादक है, जो भारत के आधे से अधिक एल्यूमीनियम का निर्माण करता है, जो कि वित्तीय वर्ष 22 में 2.26 मिलियन टन है। यह वैल्यू ऐडेड एल्यूमीनियमउत्पादों में अग्रणी है जो कोर इंडस्ट्री में क्रिटिकल उपयोग में आते हैं। डॉव जोन्स सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स (डीजेएसआइ) 2021 विश्व रैंकिंग में वेदांता एल्यूमीनियम, एल्यूमीनियम इंडस्ट्री श्रेणी में चौथे स्थान पर है, जो इसके सस्टेनेबल डेवलपमेंट प्रयासों का प्रतिबिंब है। भारत में अपने विश्व स्तरीय एल्यूमीनियम स्मेल्टर, एल्यूमिना रिफाइनरी और पॉवर प्लांट्स के साथ, हरे-भरे कल के लिए कंपनी एल्यूमीनियम के उभरते हुए अनुप्रयोगों को 'भविष्य की धातु' के रूप में बढ़ावा देने के अपने मिशन को पूरा करती है।

# रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र को समृद्ध और सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना लक्ष्य : ममता देवी

**दो करोड़ अड़तालीस लाख के लागत से छात्रावास का निर्माण और पुराने भवन की मरम्मति का विधायक ने किया शिलान्यास**

बीरु कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** दो करोड़ अड़तालीस लाख की लागत से रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में 64 बेड का छात्रावास निर्माण एवं रामगढ़ महाविद्यालय के पुराने भवन के मरम्मती कार्य का शिलान्यास गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ममता देवी थी।

### इनकी उपस्थिति में हुआ शिलान्यास

मौके पर मुख्य रूप से रामगढ़ महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर शारदा प्रसाद,महिला कॉलेज के प्राचार्य सरिता सिंह, दामोदर महतो, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आभा सिन्हा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान जिला 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा विधायक प्रतिनिधि मुकेश यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे।



### ढोल नगाड़ों के साथ विधायक का स्वागत

मौके पर उपस्थित छात्रों ने ढोल बाजे के साथ विधायक का स्वागत किया। जिसके बाद भूमि पूजन किया गया। स्वागत भाषण में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर शारदा प्रसाद के द्वारा योजना की स्वीकृति के लिए विधायक का धन्यवाद करते हुए महाविद्यालय में व्याप्त समस्याओं की ओर उनका ध्यान आकृष्ट करते हुए महाविधालय में पेयजल समस्या के संबंध में बताया।

### कौन कौन थे मौजूद

मौके पर सुंदर लाल महतो, राजू महतो, सुनील करमाली,शशि करमाली,रमेश रजवार, सुमंत माली, अमृत मान, राजा करमाली, राजन करमाली, धनंजय मुंडा, अनिल मुंडा सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### छात्रों की मांग पर हो रहा है छात्रावास का निर्माण

विधायक ममता देवी ने महाविद्यालय परिवार सहित छात्र छात्राओं को शुभकामना दी।कहा कि रामगढ़ महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की लंबे समय से यह मांग रहीं है कि यहां एक छात्रावास का निर्माण कराया जाए। जिससे दूरदराज के छात्र यहां रह कर अपनी पढ़ाई कर सकें।साथ ही महाविद्यालय का भवन जो काफी पुराना है इसकी मरम्मती की आवश्यकता थी।इसे देखते हुए इस योजना की स्वीकृति कराई गई हैं। उन्होंने कहा कि महाविधालय के विकास के लिए हमेशा प्रयासरत हूं। आने वाले दिनों में भी महाविद्यालय के विकास के लिए आवश्यक कदम उठाया जाएगा। पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए उन्होंने अपने विधायक मद से एक डीप बोरिंग उपलब्ध कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा की रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र को समृद्ध और सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना ही हमारा लक्ष्य है।

## जेएसपी फाउंडेशन ने विश्व एड्स दिवस-2022 मनाया




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** अंगुल जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) की कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी शाखा, जिसे जेएसपी फाउंडेशन के नाम से जाना जाता है, उन्होंने जिला एड्स रोकथाम और नियंत्रण इकाई और अन्य के सहयोग से विश्व एड्स दिवस 2022 मनाया। इस अवसर पर जेएसपी फाउंडेशन के फील्ड पदाधिकारियों ने लोगों को महामारी के परिणामों के बारे में जागरूक किया और लोगों को एचआइवी/एड्स की रोकथाम उपचार और देखभाल के खिलाफ कार्रवाई करने के बारे में जागरूक किया। इसके अलावा जेएसपी फाउंडेशन के भलेंटियर ने एचआइवी से पीड़ित लोगों के प्रति अपनी एकजुटता और समर्थन दिखाने के लिए संयंत्र के आसपास और आसपास के सभी कर्मचारियों, ट्रक ड्राइवरों, प्रवासी मजदूरों और समुदाय के सदस्यों को लगभग 20000 रेड-रिबन भी टैग किये। एड्स और इसकी रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए, जेएसपी फाउंडेशन ने जिले के विभिन्न रणनीतिक स्थानों पर बड़ी संख्या में पोस्टर, बैनर, स्टिकर आदि भी लगाए और एकीकृत परामर्श और परीक्षण केंद्र की मदद से एक शिविर का आयोजन किया। ट्रक ड्राइवरों को व्यक्तिगत परामर्श सहायता और विभिन्न ट्रकों पर एचआइवी/एड्स के हेल्पलाइन नंबर वाले स्टिकर भी चिपकाए गये थे। सड़क जागरूकता कार्यक्रम के रूप में, लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोक नृत्य (डालखाई नृत्य) के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था और जेएसपी फाउंडेशन द्वारा एक जन हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया था। यह उल्लेखनीय है कि जेएसपी अंगुल ने 2015 में नेशनल एड्स कंट्रोल सोसाइटी के साथ एम्प्लॉयर लेड मॉडल पर हस्ताक्षर किए हैं और एचआइवी/एड्स को संबोधित करने के लिए एक नैतिक भागीदार के रूप में, अब तक 476986 लोगों को एचआईवी परामर्श के तहत कवर किया गया है और 449713 एचआइवी परीक्षण किए गये हैं।

## मेक-इन ओड़िशा कांक्लेव में सोआ स्टॉल का उद्घाटन




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा में निवेशक महाकुंभ का श्रृंगार बुधवार 30 नवंबर से शुरू हो गया है। भुवनेश्वर के जनता मैदान में शुरू हुए इस शिल्प महाकुंभ में एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) का स्टॉल भी खोला गया है। आइटी सचिव मनोज मिश्र ने इस स्टॉल का उद्घाटन किया। स्टालों में कृषि और पशुपालन, दंत चिकित्सा और चिकित्सा देखभाल शामिल थी। साथ ही सोआ द्वारा संचालित स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट द्वारा फूड स्टॉल भी खोला गया। स्टॉल का उद्घाटन एसटीपीआइ के निदेशक मानस पंडा ने किया। इस फूड स्टॉल में नानभेज और भेजीटेरियन भोजन के साथ-साथ ओडिशा का पारंपरिक ओडिशा भोजन परोसा जाता है। उद्घाटन समारोह के अवसर पर सोआ के निदेशक प्रो मानस कुमार मल्लिक, प्रो-चांसलर प्रो अमित बनार्जी, प्रो रेणु शर्मा, संयुक्त कुलसचिव प्रो शशांक मिश्र, प्रमेय और न्यूज-7 के समूह संपादक गोपालकृष्ण महापात्र, न्यूज-7 के कार्यकारी संपादक देब नारायण सेठी और यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम के निदेशक प्रो नचिकेता शर्मा के साथ प्रीतम नाइक OSD दिल्ली स्थित सोआ के संस्थापक अध्यक्ष और निदेशक लाजिस्टिक देवब्रत दास प्रमुख इस अवसर पर उपस्थित थे।

## भुवनेश्वर में किट नन्हीपरी लिटिल मिस इंडिया के लिए क्षेत्रीय ऑडिशन




**भुवनेश्वर।** बहुप्रतीक्षित किट नन्हीपरी लिटिल मिस इंडिया प्रतियोगिता के लिए क्षेत्रीय ऑडिशन तीन दिसंबर को भुवनेश्वर में इसके कैंपस 7 परिसर में आयोजित किये जायेंगे। 'नन्हीपरी' 15 से 17 वर्ष की आयु वर्ग की युवा लड़कियों के बीच एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतिभा अड्डा प्रतियोगिता है। इसने 2001 में केंदुझार में एक विनम्र शुरुआत की, तब से इस आयोजन ने उत्तरोत्तर तेजी से प्रगति की है और अब यह ख्याति का एक राष्ट्रीय कार्यक्रम बन गया है। सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षाविद प्रो अच्युत सामंत संस्थापक किट किस के संरक्षण में यह कार्यक्रम 2004 में एक राष्ट्रीय कार्यक्रम में बदल गया। इस कार्यक्रम का पूरा प्रबंधन 2015 में किट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस और किट यूनिवर्सिटी को सौंपा गया। किट किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत के मुख्य संरक्षक ने किट नन्ही परी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। ग्रैंड फिनाले 29 दिसंबर को भुवनेश्वर में लिटिल मिस इंडिया 2022 का ताज पहनने के लिए आयोजित किया जायेगा।

## पुल निर्माण के लिए हुई मापी

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड में छह उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए स्थानीय विधायक अम्बा प्रसाद ने अथक प्रयास किया। इस प्रयास को भुमि पर उतारने के लिए गुरुवार को ग्रामीण विकास विभाग के सहायक अभियंता चलचित्र महतो व कनीय अभिंता दिलीप ठाकुर ने पुल निर्माण स्थलों का सर्वे किया और मापी भी की। इसके तहत पतरातू से उरीमारी को जोड़ने के लिए दामोदर नदी पर पुल निर्माण जयनगर से बलकुदरा को जोड़ने के लिए नलकारी नी पर पुल निर्माण सहित अन्य चार स्थलों पर सर्वे का काम किया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, योगेन्द्र सिंह खरवार, नईम अंसारी, मुन्ना अंसारी, अजीत सिंह, मुस्तकीम अंसारी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

## पीवीयूएनएल ने स्कूल में बांटी खेल सामग्री

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के जयनगर स्थित मध्य विद्यालय में गुरुवार को पीवीयूएनएलके माध्यम से बच्चों के लिए खेल सामग्री का विमरण किया गया। इस मौके पर अधिकारी संतोष कुमार सिंह, जिप सदस्य राजाराम प्रजापति, मुखिया हीरा देवी आदि मुख्य रुप से शामिल थे। अधिकारी संतोष सिंह ने बच्चों को पढ़ाई के साथ खुब खेलने और अपने देश का नाम रोशन करने क लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक पाठक, प्रधान शिक्षिका सुशीला कुमारी, रीता कुमारी, रीना कुमारी, मुन्नी कुमारी, सुषमा कुमारी, प्रिती कुमारी, सबिता कुमारी, देवधारी प्रजापति, अजीत पाठक, संतोष महतो, पप्पु मंडल, भुवनेश्वर महतो सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## गुरुगोष्ठी में कई विषयों पर हुई चर्चा

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड एक में संचालित सभ्झी सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के लिए गुरुवार को पतरू ब्लॉक परिसर स्थित वर्किंग हॉल में गुरुगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता बीईईओ मनोरंजन पाण्डेय ने की। गोष्ठी में वर्तमान समन्वयक प्रखंड संसाधन केंद्र मनोरंजन को पद पर यथावत बने रहने की स्वीकृति के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को निवेदित करने, एमडीएम का रिपार्ट समय पर जमा करने, विभागीय निरदेर्शों का पालन करने, पोषाक कीट, पीटीएम सहित विकास राशि को जल्द समसप्त करने, सभी विद्यालयों से एसएमएस करने, विद्यालय के सभी पंजियों को अच्छी प्रकार संधारण करने आदि पर चर्चा की गई। इसके साथ ही कई निर्देश भी दिए गए।

# विस्तारा और एयर इंडिया का विलय


टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस और उसकी पार्टनर सिंगापुर एयरलाइंस (एसआइए) के बीच एयर इंडिया और विस्तारा के विलय पर सहमति बन गयी है, जिसकी पहले से आशा की जा रही थी। इस विलय के वित्त वर्ष 2024 में पूरा होने की आशा है और इसके बाद देश की दूसरी बड़ी एयरलाइन वजूद में आएगी। एयर इंडिया और विस्तारा का विलय टाटा ग्रुप के साथ देश की एविएशन इंडस्ट्री के लिए भी अच्छी खबर है। टाटा ग्रुप के लिए अच्छी खबर इसलिए क्योंकि वह इससे एयर इंडिया को वर्ल्ड क्लास एयरलाइन बनाने की उम्मीद कर रहा है। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने यह बात कही भी। उन्होंने यह भी बताया कि दोनों एयरलाइन कंपनियों के विलय से कस्टमर सर्विस में भी बेहतरी आयेगी। इसका एक फायदा यह भी हो सकता है कि एविएशन सेक्टर में प्रतिस्पर्धा बढ़े, जिससे यात्रियों को सस्ती सेवा मिलने की आशा की जा सकती है। अभी इंडिगो देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी है। टाटा ग्रुप उम्मीद कर रहा होगा कि विलय के बाद इंडिगो को एयर इंडिया मजबूत टक्कर दे पायेगी। इसमें विलय की वजह से सिंगापुर एयरलाइंस की ओर से लगाई जाने वाली पूंजी से मदद मिलेगी। सिंगापुर एयरलाइंस, एयर इंडिया में 5,020 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। एयर इंडिया इसका इस्तेमाल नये विमान खरीदने में कर सकती है। अभी कंपनी के पास जो विमान हैं, वे पुराने पड़ चुके हैं। खुद टाटा ग्रुप आसानी से पूंजी जुटा सकता है। इसका मतलब यह है कि एयर इंडिया को आधुनिक बनाने में पैसा आड़े नहीं आयेगा। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि विलय के बाद एयर इंडिया की मुश्किलें खत्म हो जायेंगी। पहले यह पब्लिक सेक्टर की कंपनी थी, जैसा कि अक्सर ऐसी कंपनियों में होता है, इनमें कर्मचारियों की संख्या ज्यादा है। हो सकता है कि विलय के बाद एयर इंडिया का ऑर्गनाइजेशनल स्ट्रक्चर बेहतर हो और इससे कंपनी को लागत घटाने में भी मदद मिल सकती है। एविएशन बहुत चुनौतीपूर्ण इंडस्ट्री है। ऐसे में लागत कम होने से भविष्य में एयर इंडिया के विस्तार में टाटा ग्रुप को मदद मिलेगी। दुनिया के दूसरे देशों का सबक भी बताता है कि एविएशन इंडस्ट्री में संख्या कम होने से कंपनियों के लिए कारोबारी मौके बेहतर होते हैं। भारत में पहले किंगफिशर और जेट एयरवेज जैसी कंपनियां दिवालिया होने की वजह से कारोबार से बाहर हो गयी थी, जिनमें से जेट एयरवेज को फिर से रिवाइव करने की कोशिश हो रही है। इससे खासतौर पर इस क्षेत्र में बची हुई कंपनियों के लिए बेहतर मौका बना है। एयर इंडिया इसका लाभ लेने की कोशिश तो कर ही रही है, विस्तारा के साथ विलय के बाद वह विदेशी कंपनियों से भी बाजार छीनने की पहल कर सकती है।

**एविएशन बहुत चुनौतीपूर्ण इंडस्ट्री है। ऐसे में लागत कम होने से भविष्य में एयर इंडिया के विस्तार में टाटा ग्रुप को मदद मिलेगी। दुनिया के दूसरे देशों का सबक भी बताता है कि एविएशन इंडस्ट्री में संख्या कम होने से कंपनियों के लिए कारोबारी मौके बेहतर होते हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**जी20 की अध्यक्षता के साथ, भारत के पास विभिन्न मुद्दों पर प्रतिक्रिया देने के बजाय एजेंडा तय करने का अवसर है; ग्लोबल साउथ और विकासशील दुनिया के हितों के वास्तविक प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने का मौका है। गठबंधन निर्माण के समृद्ध इतिहास के साथ दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी - मई तक, आधी से अधिक आबादी (52 प्रतिशत) की उम्र 30 वर्ष से कम थी - वाले राष्ट्र के रूप में, भारत के पास बड़े पैमाने पर जनसांख्यिकीय और भू-राजनीतिक लाभ हैं, जो अध्यक्ष पद के लिए सर्वथा उपयुक्त है।**

# जनता की अध्यक्षता: क्यों जी20 भारत, प्रत्येक नागरिक के लिए मायने रखता है?



**अमिताभ कांत**




भारत के राजनयिक संबंधों के इतिहास में यह एक महत्वपूर्ण क्षण है। भारत ने 20 का समूह (जी20), जो दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का अंतर सरकारी मंच है, की अध्यक्षता ग्रहण की है। 1999 में स्थापित, यह समूह, दुनिया की कुल आबादी का दो-तिहाई, वैश्विक व्यापार का 75 प्रतिशत और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 80 प्रतिशत से अधिक का प्रतिनिधित्व करता है। आसान शब्दों में कहें, तो जी20 वैश्विक नीति के संदर्भ में सबसे मजबूत राजनीतिक प्रभाव रखता है, जिसकी वजह से यह समूह वर्तमान के सर्वाधिक महत्वपूर्ण मुद्दों - सतत विकास लक्ष्य, जलवायु कार्रवाई, खाद्य सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियां, डिजिटल बदलाव आदि - पर विचार-विमर्श करने का प्रमुख मंच बन गया है।

जी20 की अध्यक्षता के साथ, भारत के पास विभिन्न मुद्दों पर प्रतिक्रिया देने के बजाय एजेंडा तय करने का अवसर है; ग्लोबल साउथ और विकासशील दुनिया के हितों के वास्तविक प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने का मौका है। गठबंधन निर्माण के समृद्ध इतिहास के साथ दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी - मई तक, आधी से अधिक आबादी (52 प्रतिशत) की उम्र 30 वर्ष से कम थी - वाले राष्ट्र के रूप में, भारत के पास बड़े पैमाने पर जनसांख्यिकीय और भू-राजनीतिक लाभ हैं, जो अध्यक्ष पद के लिए सर्वथा उपयुक्त है। भारत अपनी प्राथमिकताओं को केंद्रित करते हुए दुनिया के साथ अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में सक्षम है। 43 प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुख - जी20 का अब तक का सबसे बड़ा - अगले साल सितंबर में नयी दिल्ली शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस वर्ष बाली में की गयी घोषणा के अनुरूप, भारत के नेतृत्व की इच्छा समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्रवाई उन्मुख होने की है।

**43 प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुख - जी20 का अब तक का सबसे बड़ा - अगले साल सितंबर में नयी दिल्ली शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।**

जी20 के नेतृत्व का अवसर ऐसे समय में आया है, जब अस्तित्व पर खतरा बढ़ गया है, जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी व्यापक प्रभावों के बीच कोविड-19 महामारी ने हमारी प्रणाली की कमजोरी को उजागर कर दिया है। इस संबंध में, भारत की अध्यक्षता के एजेंडे के लिए जलवायु कार्रवाई एक विशिष्ट प्राथमिकता है, जिसमें न केवल जलवायु वित्त और प्रौद्योगिकी पर विशेष ध्यान, बल्कि दुनिया भर के विकासशील देशों के लिए ऊर्जा स्त्रोतों में न्यायसंगत बदलाव सुनिश्चित करना भी शामिल है। भारत के सामने बिना कार्बन उत्सर्जन किये औद्योगीकरण करने की अनोखी चुनौती है। भारत हरित हाइड्रोजन का व्यापक विस्तार कर रहा है और देश ने 2047 तक 25 मिलियन टन की वार्षिक उत्पादन क्षमता का लक्ष्य निर्धारित किया है, जो इसे आने वाले वर्षों में स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी का निर्यातक बना सकता है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि जलवायु परिवर्तन उद्योग, समाज और अन्य क्षेत्रों को समान रूप से प्रभावित करता है, भारत ने दुनिया के सामने लाइफ (लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट; पर्यावरण के लिए जीवन-शैली) का विकल्प रखा है - एक व्यवहार-आधारित आंदोलन, जो हमारे देश की समृद्ध एवं प्राचीन सतत परंपराओं पर आधारित है तथा जो उपभोक्ताओं और बाजार को पर्यावरण के प्रति जागरूक तौर-तरीकों को अपनाने के लिए से प्रेरित करती है।

कोविड-19 महामारी ने विकास से जुड़ी प्रगति को वर्षों पीछे धकेल दिया है, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने अधिक आवश्यक सार्वजनिक-स्वास्थ्य और खाद्य संकटों को ध्यान में रखते हुए सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को पृष्ठभूमि में रख दिया है। राष्ट्राध्यक्षों के समूह के रूप में जी20 को एसडीजी हासिल करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ और तीव्र करना चाहिए - जो लोगों के लिए एक बेहतर, स्वच्छ, स्वस्थ और अधिक समृद्ध विश्व का वादा करते हैं। वर्तमान चुनौतियों के समाधान के लिए, विश्व को समसामयिक संस्थानों की आवश्यकता है, जो विविधतापूर्ण व आगे बढ़ती हुई दुनिया की आधुनिक वास्तविकताओं को न्यायसंगत और प्रभावी रूप से प्रतिबिंबित करने में सक्षम हों। भारत की जी20 प्राथमिकता सुधार के साथ बहुपक्षवाद के प्रति दबाव बनाये रखने की होगी, जो अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को अधिक उत्तरदायी और समावेशी बनाते हैं।

भारत सरकार सामाजिक और आर्थिक बाधाओं को दूर करने के लिए डिजिटल तकनीक का प्रभावी ढंग से उपयोग कर रही है। जी20 की अध्यक्षता, भारत को अपना ज्ञान दुनिया के साथ साझा करने का अवसर देती है। दुनिया की सबसे बड़ी बायोमेट्रिक आइडी प्रणाली (आधार) को सफलतापूर्वक लागू करने और 2014 तथा 2022 के बीच प्रत्यक्ष लाभ अंतरण में 50 गुनी वृद्धि के साथ, भारत डिजिटल सार्वजनिक हितों और विकास के लिए डेटा के उपयोग के संबंध में विचार-विमर्श को आगे बढ़ाने की केंद्रीय स्थिति में है। अक्टूबर 2022 में, भारत के एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआइ) ने 7 बिलियन लेनदेन पूरे किये - एक दिन में 230 मिलियन लेनदेन के बराबर झ जो दशार्ता है कि इतने बड़े पैमाने पर वित्तीय समावेश मॉडल को शुरू करना और सफलतापूर्वक लागू करना भी संभव है। जी20 नेतृत्व प्रदान करने के साथ, भारत प्रौद्योगिकी के मानव-केंद्रित दृष्टिकोण के प्रति अपने विश्वास को आगे बढ़ा सकता है और सार्वजनिक डिजिटल अवसंरचना, वित्तीय समावेश तथा तकनीक-सक्षम विकास जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों समेत कृषि से लेकर शिक्षा तक के क्षेत्रों में अधिक से अधिक ज्ञान-साझाकरण की सुविधा प्रदान कर सकता है। विशेष रूप से, भारत के जेएएम ट्रिनिटी जैसे वित्तीय समावेश के कार्यक्रमों ने देश की महिलाओं को महत्वपूर्ण वित्तीय स्वायत्तता प्रदान की है, जिससे वे अपने घरों के निर्णय लेने में सक्रिय भागीदार बन गयी हैं - 56 प्रतिशत बैंक खाताधारक अब महिलाएं हैं, पहले 23 करोड़ महिलाओं को बैंक-सुविधा नहीं थी, लेकिन अब उनके पास बैंकों में अपने खाते हैं।

2023 भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा के लिए एक स्वर्णिम वर्ष सिद्ध होने वाला है, लेकिन नीतिगत फ्रेमवर्क को सर्वसम्मति से अंतिम रूप देने का कार्यादेश आसान नहीं है। विश्व व्यवस्था का तेजी से ध्रुवीकरण हो रहा है, रूस-यूक्रेन संघर्ष के साथ व्यापक विकास एजेंडा कमजोर हो रहा है; दुनिया की महाशक्तियों के बीच भू-राजनीतिक संबंध अधिक तनावपूर्ण हो रहे हैं - इन सबके बीच राष्ट्र को जी20 की अध्यक्षता मिल रही है। वैश्विक अर्थव्यवस्था आसन्न मंदी और अब तक के सबसे अधिक वैश्विक-ऋण को लेकर आशंकित है और कई देश कमजोर होती खाद्य सुरक्षा और बाधित आपूर्ति श्रृंखलाओं का सामना कर रहे हैं। इस माहौल में, भारत के पास एकता और सद्भाव के सूत्रधार के रूप में उभरने का अवसर है। बाली में 20 शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी के नेतृत्व में देश ने जी20 विज्ञप्ति के मसौदे पर आम सहमति बनाने में अपरिहार्य भूमिका निभायी। प्रधानमंत्री के शब्द आज का युग, युद्ध का नहीं होना चाहिए सीधे राजनेताओं के घोषणापत्र में परिलक्षित हुए, जो निर्णय गतिरोध को तोड़ने में सफल हुआ और जिससे शांति के पक्षधर के रूप में भारत की स्थिति मजबूत हुई।

चूंकि शक्ति के पुराने केंद्र; गुणात्मक आर्थिक और सामाजिक विकास वाले युवा, जीवंत राष्ट्रों को जवाबदेही सौंप देते हैं, इसलिए भारत की महत्वाकांक्षी एवं कार्रवाई-उन्मुख अध्यक्षता में इस उच्च-स्तरीय गठबंधन को, विकासशील तथा अल्प-विकसित देशों के हितों और जरूरतों के अनुरूप, तैयार किया जा सकता है। अपनी अध्यक्षता के दौरान, भारत वैश्विक चुनौतियों को अवसरों में बदलना जारी रखेगा, यह याद रखते हुए कि हमारे प्रयास एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लक्ष्य के अनुरूप होने चाहिए।

**(लेखक : भारत सरकार के जी20 शेरपा हैं। वे नीति आयोग के पूर्व सीइओ हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# चाकुलिया के शिवराम आश्रम में शुक्ल अष्टमी पर नौ कन्याओं की हुई पूजा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाकुलिया।** चाकुलिया प्रखंड की चालुनिया पंचायत के जयनगर गांव स्थित तुलसीबनी शिवराम आश्रम में गुरुवार को मां भवानी की पूज-अर्चना के साथ ही अग्रहण माह की शुक्ल अष्टमी के शुभ अवसर पर नौ कन्याओं का पूजन किया गया। आश्रम के पुजारी स्वामी आनंद दास महंत ने विधि-विधान के साथ मां भवानी और नौ कन्याओं का पूजन कराया। इस अवसर पर सौ से अधिक बालक-बालिकाओं को भोजन कराया गया। इस दौरान दुर्गा दत्त लोधा, रामकृष्ण सुरेखा, रामावतार अग्रवाल, कमल कुमार खंडेलवाल, युगल नायक, दिनेश शुक्ला, नयन दास, लक्ष्मी नारायण दास, सुभाष महतो, जितेंद्र ग्वाला, गोपाल दास समेत अन्य लोग उपस्थित थे। यह आयोजन कोलकाता निवासी समाज सेवी सह उद्योगपति विकास माधव गढ़िया के सौजन्य से किया गया।

# बिजली विभाग की परेशानियों से निजात दिलाने के लिए उपायुक्त को सौंपा मांग पत्र



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले में बिजली विभाग के मनमानी रवैया से ग्रामीणों का परेशानी बढने लही है। बिजली विभाग के द्वारा लंबे अरसे का बिल एकमुश्त दिए जाने और बिना नोटिस के कनेक?शन काटने से कई उपभोक्ता परेशानी में पड़ गये हैं। गुरुवार को ग्रामीणों को राहत दिलाने के लिये केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के ऊर्जा विभाग की प्रतिनिधि उदय सिंह देव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिले के उपायुक्त अरवा राजकमल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने एक मांग पत्र सौंप कर उपभोक्ताओं को राहत दिलाने के लिए मांग की। साथ ही बिजली उपभोक्ताओं के समक्ष उत्पन्न संकट से अवगत कराया। श्री सिंहदेव ने कहा उपभोक्ताओं को बिजली कनेक्शन देने के बाद समय पर बिल नहीं दिया जाता है। विभागीय गलती के कारण अनेक उपभोक्ताओं पर बिजली बिल का अतिरिक्त बोझ बढ़ जाता है। अल्प शिक्षित अनेक ग्रामीण उपभोक्ता जानकारी के अभाव में स्वयं बिल लेने कार्यालय का चक्कर लगते है। ऐसे बकायेदारों के बिजली का कनेक्शन बिना किसी सूचना के काट दी जाती है। साथ ही बकाया राशि वसूली की कार्रवाई करने की तैयारी होती है। उन्होंने उपायुक्त से आग्रह करते हुए कहा कोरोना काल के समय कई जरूरतमंद लोगों बकाया बिल है। बिल में ब्याज को माफ कर बिल की राशि किश्तवार जमा करने की सुविधा उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया जाए ताकि कनेक्शन जुड़वाने में ग्रामीणों को सहायता मिल सके।

# जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में 5 दिसंबर से पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए जारी होगा ऑनलाइन आवेदन




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** महिला शिक्षा के लिए समर्पित झारखंड की एकमात्र वीमेंस यूनिवर्सिटी शोध कार्यों को गति देने के लिए तत्पर है। यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता के निदेर्शानुसार विश्वविद्यालय में अलग-अलग स्नातकोत्तर विभागों के अंतर्गत शोध पंजीकरण के लिए विश्वविद्यालय स्तरीय शोध प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की नियमावली के अनुसार तय मानकों का अनुपालन करते हुए योग्यताधारी छात्राएं आगामी पांच दिसंबर से प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगी। यूजीसी नेट/जेआरएफ उत्तीर्ण छात्रायें भी आवेदन पत्र भरेंगी हालांकि उन्हें प्रवेश परीक्षा की जगह सीधे साक्षात्कार में शामिल होने का मौका दिया जायेगा। विश्वविद्यालय की ओर से इसके लिए तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। कुलपति का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक छात्रायें शोध कार्य से जुड़े। लिहाजा उन्होंने अपने योगदान करने की तिथि से ही रिसर्च वर्क को प्राथमिकता में रखा है। विद्वत परिषद की स्थायी समिति की पहली ही बैठक में इसे पारित कराकर अभिषद् की पहली बैठक में भी इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पारित कराया और पहल करते हुए इससे संबंधित सारी तैयारियों को पूरा कराया। कुलपति के निदेर्शानुसार अलग-अलग विभागों की ओर से शोध के लिए रिक्त सीटों के विरुद्ध छात्राओं को अवसर प्रदान किये जायेंगे।

# आदित्यपुर पुलिस ने हत्या के आरोपी को 24 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर पुलिस ने 24 घंटे में भाटिया बस्ती निवासी मीणा पात्रो हत्याकांड के मामले का खुलासा कर दिया। गुरुवार को आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार ने घटना की खुलासा करते हुए पत्रकारों को जानकारी दी। उन्होंने बताया बुधवार को भाटिया बस्ती में एक महिला की सड़े गले शव मिलने की सूचना मिली थी। शव से दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस मृतक महिला की पहचान मीणा पात्रों के रूप में की। शव सड़े- गले अवस्था में पुलिस ने बरामद किया था। उन्होंने बताया मृतक होटलों में बर्तन मांजकर अपने गुजर वसर करती थी। क्षेत्र के रहने वाले 37 वर्षीय नरेश मुखी के साथ महिला का संबंध था। जानकारी मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते आरोपी नरेश मुखी को सरायकेला के इंद्रटांटी हरिजन बस्ती से 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी राजन कुमार ने बताया मीणा यहां अपने कथित प्रेमी नरेश मुखी साथ रहती थी। नरेश मुखी ने पूछताछ के दौरान बताया उसकी हत्या कर वह फरार हो गया था। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त डंडा भी बरामद कर लिया। फिलहाल पुलिस आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज कर आगे की करवाई में जुट गई है।

# भुइयांडीह मिश्रा कांप्लेस में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भुइयाडीह के मिश्रा कंप्लेस में रहने वाले भाजपा नेत्री सह समाजसेवी नमिता उपाध्याय के ससुर वृंदावन उपाध्याय के आकस्मिक निधन होने पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मौके पर शहर के सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता उपस्थित हुए। गुरुवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में 2 मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय वृंदावन उपाध्याय के आत्मा की शांति के लिए सभी ने प्राथना की। इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रधांजलि दी गई। साथ ही दरिद्र नारायण भोज एवं श्रद्धा भोज का आयोजन किया गया। मौके पर संतोष कुमार, नमिता उपाध्याय, अमन उपाध्याय, भाजपा महिला मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजपति देवी, डिंपल चौरसिया, अरविंदर कौर, अनीता सिंह, प्रियंक होनागा, हो समाज के केंद्रीय अध्यक्ष भगवान चार्टर, केंद्रीय मुखी समाज के केंद्रीय उपाध्यक्ष शंभू मुखी डूंगरी एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### राजमाता कुंजेश्वरी देवी महाविद्यालय में मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन



रंका (आजाद सिपाही)। अनुमंडल मुख्यालय के प्रखंड संसाधन केंद्र रंका के स्थानीय राजमाता कुंजेश्वरी देवी महाविद्यालय के सभागार में गुरुवार को मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे की अध्यक्षता में किया गया। गुरु गोष्ठी में सभी छात्राओं का सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना को शत-प्रतिशत आवेदन जमा करने, कक्षा 1 से 10 तक के सभी छात्र-छात्राओं का ऑनलाइन ई-कल्याण डॉट सीजीजी डौट जीवोभी डॉट इन पर लॉगिन करने, नये रंग में विद्यालय का रंग रोगन कराने, बच्चों का आधार खाता अद्यतन करने, विद्यालय की साफ-सफाई, विद्यालय की समय सारणी एवं पाठ टीका का पालन करने, घंटीवार अध्यापन कराने, विद्यालय कीट, पोशाक, विद्यालय विकास की राशि का उपयोग करने सहित नौ बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। मौके पर उपस्थित संकुल साधन सेवियों को माह में 18 विद्यालय का अनुश्रवण करते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति को उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कराने का निर्देशित करते हुए सतत अनुसरण करने को कहा गया है। मौके पर प्रखंड के प्रभारी कल्याण पदाधिकारी पंकज तिवारी, संकुल साधन सेवी संजय प्रसाद, ओम दुबे, देवेंद्र नाथ उपाध्याय, चंदेश्वर तिवारी, राकेश तिवारी, प्रदीप दुबे, चंद्रमौली तिवारी, पंकज गुप्ता, कनीय अभियंता दिलीप उपाध्याय, आईएमएस कोऑर्डिनेटर आनंद कुमार, लेखापाल अभय कुमार, प्रधानाध्यापक कृतिबास महतो, राजेश कुमार चौबे, शिक्षक नेता प्रताप कुमार पांडेय, प्रभुदयाल प्रजापति, अनिल कुमार पासवान, चंद्र किशोर सिंह, नवीन कुमार, दयानंद प्रजापति, मोहन साह, राजेंद्र कुमार गुप्ता, नरेंद्र राम, शारदा कुमारी, लता कुमारी, छाया सिन्हा, बरखा कामाख्या तिवारी, जनार्दन सिंह, कृष्ण मुरारी यादव, उदय कुमार चौरसिया, मनोज कुमार ओझा, बाबूलाल सिंह, सुभाष मिश्रा, फिरोज अहमद खान, अशोक कुमार, सुरेंद्र राम, विंदू पांडेय, आशा कुमारी, माया यादव सहित काफी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### अंचलाधिकारी ने बिना चालान के गिट्टी लदे हाइवा को किया जब्त

**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** अंचलाधिकारी निधि रजवार ने बीती रात्रि को बिना चलान गिट्टी लदे हाईवा को जब्त कर विशुनपुरा थाना को सुपुर्द किया। उन्होंने बताया कि गिट्टी लदा हाईवा बंशीधर नगर की ओर जा रहा था। जहां कमता गांव में चेकिंग अभियान के दौरान बिना चालान पाये जाने पर उक्त हाइवा संख्या सीजी30ए 0104 को जब्त करते हुए थाना को सुपुर्द कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु खनन विभाग को भेज दिया गया है। अवैध उत्खनन के खिलाफ अंचलाधिकारी के द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई से अवैध धंधेबाजों में हड़कंप है। मालूम हो कि अंचलाधिकारी द्वारा अवैध धंधेबाजों के प्रति यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। उन्होंने पिछले 13 नवंबर को एक अवैध बालू लदा हाइवा को विशुनपुरा से पीछा करते हुए बंशीधर नगर पेट्रोल पंप के पास पकड़ा था। हाइवा द्वारा अंचलाधिकारी को कुचलने का भी प्रयास किया गया था। जिसमें वह बाल बाल बच गयी थीं। जिसपर कड़ी कार्रवाई की गयी थी। लेकिन अब अवैध गिट्टी लदे हाइवा पर कार्रवाई से कारोबारियों में काफी हड़कंप मचा हुआ है।

### ट्रक और बाइक की टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल, बाइक जलकर खाक

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** बुधवार की देर शाम एनएच 75 पर ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें दो की हालत नाजुक होने के कारण बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। घायलों में अमहर गांव निवासी विकास चंद्रवंशी, हलीवन्ता गांव निवासी गोपाल चंद्रवंशी, रमेश पासवान, राजेंद्र बैठा के नाम शामिल हैं। घायलों का इलाज कराने पहुंचे प्रमुख प्रतिनिधि रविंद्र पासवान ने बताया कि थाना क्षेत्र के जोरमा गांव के समीप ट्रक द्वारा मोटरसाइकिल को टक्कर मारते हुए ट्रक फरार हो गया। उन्होंने बताया कि सभी घायल नगर उंटारी से अपने घर की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल पूरी तरह से जल गयी। जानकारी मिलने के बाद स्थानीय थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है।

### युवती ने कीटनाशक खाकर की आत्महत्या

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर बस्ती के अमवा टोला निवासी अजीत पासवान की 29 वर्षीय पत्नी सुष्मिता देवी ने पारिवारिक विवाद में कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार की दोपहर में गढ़वा से शव गांव पहुंचते हुए परिजनों के करुण चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। आपको बता दें कि बुधवार की शाम में पारिवारिक विवाद में आवेश में आकर सुष्मिता ने कीटनाशक का सेवन कर लिया था, गंभीर स्थिति में परिजनों ने देर शाम में अस्पताल में इलाज कराने के लिए लेकर पहुंचे, जहां पर तैनात चिकित्सक ने स्थिति गंभीर देखते हुए बिना देर किए ही सदर अस्पताल रेफर कर दिया था, जहां सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में मौत हो गई।

**बैठक : उपायुक्त ने की लोक कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, अधिकारियों को दिये निर्देश**

# सभी योजनाओं में लाभुकों को चिन्हित कर जल्द आवेदनों को स्वीकृत करें

**पोटो हो खेल विकास योजना एवं आंगनबाड़ी भवन निर्माण योजना में बुरी स्थिति होने पर जतायी नाराजगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में झारखंड सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न महत्वपूर्ण लोक कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति से संबंधित समीक्षा की गयी। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मनरेगा, पीएमईजीपी, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, केसीसी, मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना एवं फसल राहत योजना, आवास, राशन, बिरसा आवास, मनरेगा, आधार एवं मतदाता पहचान पत्र आदि अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं को लेकर उपायुक्त श्री घोलप द्वारा बारी बारी से जिले के सभी बीडीओ-सीओ तथा जिला स्तरीय पदाधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उसके प्रगति प्रतिवेदन के बारे में पूछा गया। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त श्री घोलप द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि शिविर लगाकर उक्त योजना के तहत आवेदन प्राप्त करते हुए स्वीकृत करने का कार्य करें। मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत अनुसूचित जनजाति के समुदायों के मामले में 100% सब्सिडी के साथ योजनाओं को स्वीकृत करने हेतु निर्देशित किया गया है। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त श्री घोलप द्वारा निर्देशित किया गया कि सारे योग्य फॉर्म की जांच कर आवेदन जल्द से जल्द स्वीकृत करने का कार्य करें। सभी आवेदनों में आवश्यक कागजात को उपलब्ध कराते हुए 5 दिसंबर के अंदर तक पूर्ण करें। उपायुक्त द्वारा कहा गया कि इस वर्ष लक्ष्य के अनुसार मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लाभुकों को चिन्हित करें एवं उन्हें स्वीकृत करें।

उन्होंने कहा कि पेंशन योजना से आच्छादित वैसे व्यक्ति जिनकी मृत्यु हो चुकी हो उनका डोर टू डोर भ्रमण कर उनके अद्यतन स्थिति से अवगत करायें एवं यदि किसी भी जीवित व्यक्ति का नाम गलत तरीके से हटाया गया हो तो दोषी पदाधिकारियों एवं कर्मियों पर उचित कार्यवाही हेतु अनुशंसा करें। विभिन्न गंभीर बीमारियों से ग्रसित अथवा दिव्यांग व्यक्तियों के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु दिनांक 5 दिसंबर 2022 को कैंप लगाकर उन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र देते हुए पेंशन योजना से जोड़ने का कार्य करें। पोटो हो खेल विकास योजना एवं आंगनबाड़ी भवन निर्माण योजना में बुरी स्थिति होने पर नाराजगी व्यक्त की गई। इसे सुधार करते हुए निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण करने हेतु कहा गया। मुसहर परिवारों एवं आदिम जनजाति के समुदायों के बीच वनाधिकार पट्टा देने एवं सभी पंचायतों में पोटो हो खेल विकास योजना के तहत खेल मैदान निर्माण करने से संबंधित 4 दिसंबर 2022 तक बैठक करने हेतु सभी बीडीओ, सीओ एवं एसडीओ को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात 6 दिसंबर को जिला स्तरीय बैठक में आवश्यक प्रतिवेदन की तैयारियों के साथ भाग लेने हेतु कहा गया। मौके पर उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह एवं जिला तथा प्रखंड स्तर के अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## विश्व एड्स दिवस पर उपायुक्त ने जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय परिसर से विश्व एड्स दिवस के मौके पर उपायुक्त गढ़वा रमेश घोलप द्वारा जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ओम साईं खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान, अहाना व जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा आदि संस्थानों के बैनर तले एचआईवी एड्स जैसे संक्रामक रोग से बचने, इसके रोकथाम व अन्य विभिन्न सावधानियों के बरतने आदि को लेकर जन जागरूकता रथ चलाया गया। लोगों में इस लाइलाज संक्रामक सेक्सुअली ट्रांसमिटेड डिजीज के होने एवं इसके इलाज और रोकथाम के बारे में बैनर, पोस्टर व तख्ती के माध्यम से लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जन जागरूकता रथ को रवाना किया गया। मौके पर उपायुक्त गढ़वा श्री घोलप द्वारा सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा गढ़वा नीतीश कुमार निशांत को एचआईवी एड्स से पीड़ित मरीजों को सर्वजन पेंशन योजना से सात दिनों के अंदर आच्छादित करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य सरकारी योजनाओं से भी उन्हें लाभान्वित करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। मौके पर एचआईवी एड्स से पीड़ित लगभग 70 से 80 व्यक्तियों के बीच कंबल वितरित किया गया। मौके उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## एसएचजी से जुड़ी महिलाएं वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण का उठायें लाभ : जोश लकड़ा

**ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में छह दिवसीय वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण का उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में छह दिवसीय वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण का उद्घाटन गुरुवार को जेएसएलपीएस के डीएमएफआई जोश लकड़ा और अविनाश कुमार शुक्ला ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस मौके पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे एसएचजी से जुड़ी महिलाओं को संबोधित करते हुए जेएसएलपीएस के डीएमएफआई जोश लकड़ा ने कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य गांव से आयी महिलाओं को वित्तीय साक्षरता के सभी पहलुओं से प्रशिक्षित कराना था, ताकि वे अपने गांवों में जाकर ग्रामीणों के बीच वित्तीय साक्षरता की जानकारी देकर उन्हें जागरूक कर सकें। आप सभी लोगों को वित्तीय साक्षरता से संबंधित जानकारी दी गई हैं। ट्रेनिंग में दी गई जानकारियां आप को आने वाले दिनों में काम आएंगी। जेएसएलपीएस के बीपीओ एफआई अविनाश कुमार शुक्ला ने कहा कि संस्था की ओर से आप सभी लोगों को वित्तीय साक्षरता का जानकारी दी जाएगी आप ट्रेनिंग का लाभ उठायें। इस मौके पर मिथलेश कुमार सिंह, पंकज कुमार वर्मा, सुरेंद्र रवि शामिल थे।

## महिलाओं ने लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध चलाया जन जागरूकता अभियान




**रंका (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) रंका के बैनर तले प्रखंड रंका के पंचायत रंका कला में सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा महिलाओं पर हो रहे घरेलू हिंसा तथा समाज में हो रहे महिलाओं पर अत्याचार के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया। यह जागरूकता अभियान कार्यक्रम बीपीएम मनोज तिर्की के निर्देशानुसार रंका प्रखंड में पिछले 25 नवंबर से आरंभ होकर आगामी 23 दिसंबर 2022 तक चलाया जाएगा। जागरूकता रैली का नेतृत्व जेएसएलपीएस के सामुदायिक समन्वयक सुनील पाण्डेय के द्वारा किया गया जबकि जागरूकता रैली में महिला मंडल से जुड़ी सबिता देवी, रीता देवी, संगीता देवी, सनिता देवी, आशा देवी, धनकांति देवी, सुमन देवी, ज्योति देवी, मालती देवी, उर्मिला देवी एवं बेबी देवी सहित काफी संख्या में समूह की महिलाएं शामिल थीं।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### विशेष कार्य प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, राँची
Mail:-splworksdivbcdrnc@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–20/2022–23**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम :– कार्यपालक अभियंता, विशेष कार्य प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–08.12.2022 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–09.12.2022 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–09.12.2022 को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, छोटानागपुर भवन अंचल संख्या–1,भवन निर्माण विभाग, राँची। (ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग राँची।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
7. निविदाधीन कार्य का विवरण :–

| क्र. सं | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Directorate Office of Prosecution Department, Jharkhand, Ranchi for the Year- 2022-23 | 26,14,700.00 | 52,300.00 | 5000.00 | 3Month |

8.निविदा की शर्तें WWW.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है ।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता
विशेष कार्य प्रमण्डल, भ0 नि0 वि0 राँची

PR 283993 Building(22-23).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा

**अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – प0नि0वि0/सिमडेगा/11/2022–23, दिनांक 30.11.2022 (तृतीय आमंत्रण)**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सिमडेगा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– **07.12.2022** एवं **08.12.2022** को कार्यालय अवधि में।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– **09.12.2022** को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **09.12.2022** को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– क) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, अभियंत्रण छात्रावास, गोल चक्कर, धुर्वा, राँची। ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ अचंल, राँची। ग) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– क्रमांक 5 में उल्लेखित स्थानों पर।
7. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपया में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रूपया में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पथ प्रमण्डल, सिमडेगा अंतर्गत विभिन्न पथों में पोट पैच मरम्मति एवं अन्य मरम्मति कार्य। (गैर–योजना मद) | 29.99284 | 60,000.00 | 5000.00 | 2 माह |

1. निविदा की शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है, जिसका अनुपालन अनिवार्य होगा।
2. परिमाण विपत्र का मूल्य **भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट** के रूप में ही स्वीकार्य होगा, जो निविदा आमंत्रण तिथि के बाद जारी की गई हो तथा किसी भी परिस्थिति में लौटाया नहीं जाएगा।
3. पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए युकेन निबंधन आवश्यक है।
4. झारखंड पथ निर्माण विभाग, रांची का संकल्प सं0 2146(एस0) दिनांक 09.09.2020 के आलोक में झारखंड लोक निर्माण विभाग संहिता की कंडिका – 163(ए0) द्वारा कृत प्रावधान को अवक्रमित करते हुए 10 प्रतिशत की न्यूनतम अधिसीमा को समाप्त किया जाता है। सम्प्रति 10 प्रतिशत से नीचे के दर की निविदायें अनुमान्य होगी। साथ ही JPWD Code के 163(ए0) को डिलीट किया जाता है। 10(दस) प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से – (क) 10 से 20 प्रतिशत below तक की राशि का 20 प्रतिशत तथा (ख) 20 प्रतिशत से अधिक below की राशि का 30 प्रतिशत अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा। यह झारखंड लोक निर्माण विभाग संहिता के नियम 172(ए) के रुप में समाहित होगा। पूर्व के संहिता/नियम/परिपत्र द्वारा कृत सभी प्रावधान अवक्रमित समझे जायेंगे। वैध एवं समान दर की निविदाओं के मामले में निविदा निष्पादन के प्राधिकार द्वारा पारदर्शी तरीके से लॉटरी (Lottery) की पद्धति अपनायी जायेगी। यह प्रावधान झारखंड लोक निर्माण विभाग संहिता के कंडिका – 163(ई0) के रुप में समाहित होगा तथा उक्त हद तक पूर्व के संहिता/नियम/परिपत्र द्वारा कृत सभी प्रावधान अवक्रमित समझे जायेंगे।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,सिमडेगा।

PR 284002 (Road) 22-23 (D)

## झारखण्ड सरकार
### ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची
### ई–निविदा आमंत्रण सूचना

**ई–निविदा संख्या:- 136/2022-23/RWD/GUMLA दिनांक :- 01.12.2022**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/GUMLA/06/2022-23 | घोड़ाटांगर से बाराडीह हालमाटी होते हुए काशपोड़ेया तक पथ निर्माण कार्य (लं– 8.100 कि0मी0) | 6,89,26,100.00 | छः करोड़ नवासी लाख छब्बीस हजार एक सौ रू0 मात्र | 18 माह |
| 2. | RWD/GUMLA/07/2022-23 | खरका से कोटाम भाया पंसो तक पथ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य (लं– 6.800 कि0मी0) | 6,85,46,500.00 | छः करोड़ पचासी लाख छियालीस हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 18 माह |
| 3. | RWD/GUMLA/08/2022-23 | आर0ई0ओ0 रोड केडेंग से सिरा सीता भाया आकासी पाकरटोली तक पथ निर्माण कार्य (लं– 5.000 कि0मी0) | 5,28,70,500.00 | पाँच करोड़ अठाईस लाख सत्तर हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 18 माह |
| 4. | RWD/GUMLA/09/2022-23 | कोबजा यात्री पड़ाव से गिंजनडाड तक पथ निर्माण कार्य (लं– 3.800 कि0मी0) | 3,80,13,900.00 | तीन करोड़ अस्सी लाख तेरह हजार नौ सौ रू0 मात्र | 18 माह |
| 5. | RWD/GUMLA/10/2022-23 | कुलमुण्डा स्कूल से बकसपुर एन0एच0–78 तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.600 कि0मी0) | 2,68,66,500.00 | एक करोड़ सैंतीस लाख अड़तीस हजार छः सौ रू0 मात्र | 09 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 14.12.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 26.12.2022 अपराह्न 5.00 बजे।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– 27.12.2022 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 28.12.2022 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला के पक्ष में एवं गुमला में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 283990 Rural Work Department(22-23)D


**जांच की मांग : कैलान पंचायत में पीसीसी पथ व गार्डवाल को कागज पर नवनिर्माण दिखाकर दो लाख रु. की फर्जी निकासी का खुलासा**

# उपमुखिया के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उपायुक्त से की स्थल की जांच कर कार्रवाई की मांग

**इस मामले का खुलासा तब हुआ जब खाते में पैसा ट्रांसफर होने के बाद मुखिया और प्रतिनिधि फर्जी लाभुक से उक्त पैसा की मांग करने लगे**

नवीन कुमार गुप्ता



**भवनाथपुर।** प्रखंड के कैलान पंचायत में 15वें पंचायत निधि मद से निर्मित पीसीसी पथ व गार्डवाल को कागज पर नवनिर्माण दिखाकर दो लाख रुपये की फर्जी निकासी किये जाने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर पंचायत के उपमुखिया सुरेंद्र यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने गढ़वा उपायुक्त को आवेदन देकर जांचोंपरांत दोषियों पर कार्रवाई किये जाने की मांग की है। विदित हो कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में कैलान गांव स्थित डीहवार बाबा के समीप योजना संख्या (51342251/ 51342251) अंतर्गत पांच लाख रुपये की लागत से पीसीसी और गार्डवाल का दिसंबर 2020 में निर्माण पूर्ण कराया गया था, जिसमें 4 लाख रुपये का भुगतान भी हो चुका है। उक्त योजना में स्थानीय ग्रामीणों के अंशदान के सहयोग से प्राक्कलन से अधिक का कार्य हुआ है। लेकिन उसी योजना में ग्रामीणों द्वारा अपने स्तर से अधिक किया गया कार्य को वर्तमान मुखिया और प्रखंड कर्मियों की मिलीभगत से उसी योजना को दुबारा दिखाते हुए 2 लाख 49 हजार रुपये ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड कर लाभुक गिरवर सिंह को दरकिनार कर फर्जी तरीके से एक अन्य फर्जी लाभुक शंभु साव का चयन कर उसके खाते में पैसा भुगतान कर दिया गया है। इस मामले का खुलासा उस समय हुआ जब फर्जी तरीके से खाते में पैसा ट्रांसफर होने के बाद मुखिया और प्रतिनिधि शंभू साव से उक्त पैसा की मांग करने लगे। उक्त योजना में अभी भी एक लाख रुपये शेष हैं, जो प्रखंड कर्मियों की मिलीभगत के चलते योजना के लाभुक गिरिवर सिंह के खाते में नहीं भुगतान किया जा रहा है। उधर उपायुक्त को दिए गए आवेदन के माध्यम से उपमुखिया और ग्रामीणों ने स्थल की जांचोंपरांत दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

लाभुक शंभु साव ने बताया कि यह योजना 2020-21 की है। योजना में प्राक्कलन से अधिक कार्य हुआ था, जिसका दुबारा रेकड़ खुलवाने और योजना पूर्ण होने के बाद ही मेरे खाते में राशि का भुगतान हुआ है। वहीं जेई श्याम कुमार चौधरी ने बताया कि दोनों एक ही योजना है, कार्य और प्राक्कलन के अनुरूप ही एमबी बुक कर राशि का भुगतान किया गया है।

### क्या कहते हैं पंचायत सचिव

**इस मामले में पंचायत सचिव सतीश सिंह ने बताया कि डीहवार बाबा के समीप गार्डवाल और पीसीसी सहित दो योजनाओं में कार्य हुआ है। योजना में दो रेकड़ खुला था और दो अलग अलग एमबी बुक के आधार पर राशि का भुगतान किया गया है।**

### क्या कहते हैं पूर्व मुखिया

**इस मामले में कैलान के पूर्व मुखिया राजकिशोर सिंह ने बताया कि 15वें वित्त से चार लाख 98 हजार रुपये की लागत से डीहवार बाबा के पास गार्डवाल व पीसीसी पथ का निर्माण पूर्ण कराया गया था, जिसमें 4 लाख रुपये का भुगतान लाभुक समिति के अध्यक्ष गिरवर सिंह के खाते में कर दी गई, आचार संहिता लगने के बाद शेष 98 हजार का भुगतान नहीं हो सका। जिसके बाद वर्तमान मुखिया और प्रखंड कर्मियों की मिलीभगत से उसी योजना को दुबारा दिखाकर दो लाख रुपये की फर्जी निकासी कर ली गई है।**

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता कप में जिंतु पंचायत की टीम बनी प्रखंड चैंपियन



**सोनाहातु (आजाद सिपाही)।** थाना मैदान में आयोजित तीन दिवसीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल बालक एवं बालिका प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हुआ। बालक वर्ग के मैच में जिन्तु पंचायत की टीम दुलमी पंचायत को 3 गोल से हरा कर प्रखंड चैंपियन बनी। जिन्तु पंचायत की टीम अब जिला स्तर में खेलेगी। मैच का उद्घाटन बीडीओ सुचित्रा मिंज, प्रमुख विक्टोरिया देवी, पंसस धरनी देवी ने किया। बालिका वर्ग के मैच में तेंतला पंचायत ने लांदूपडीह पंचायत को एक गोल से हराकर विजेता बनी। विजेता और उपविजेता टीम को सीओ प्यारेलाल, प्रमुख विक्टोरिया देवी,जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि तारणी सिंह मुंडा, पंसस रूप साहू, धरनी देवी, सुषेन प्रामाणिक द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

### रांची से रनिया जानेवाली बस में सवार होकर भागने की कर रहे थे कोशिश

# पीएलएफआइ के पांच उग्रवादी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले के प्रभारी पुलिस अधीक्षक और रांची ग्रामीण एसपी नौशाद आलम को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बुधवार को तोरपा थाना क्षेत्र के चुरगी नदी के पास रांची से रनिया जाने वाली यात्री बस में छापामारी कर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआइ) के पांच सक्रिय उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार की शाम तोरपा के अनुमंडल पुलिस कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में एसपी नौशाद आलम ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि पीएलएफआइ का एक सक्रिय उग्रवादी किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए अवैध आग्नेयास्त्र के साथ रांची से बस से रनिया जा रहा है। इसके सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रभारी पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओम प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर चुरगी नदी के पास बस में छापामारी की गयी। जहां से नक्सली मुकेश मुंडा (20) को एक देसी कट्टा एवं .315 बोर के जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। वह रांची जिले के सिकिदिरी थाना क्षेत्र के आगरटोली गांव का रहने वाला है। उससे पूछताछ करने पर उसने बताया कि पश्चिमी सिंहभूम जिले के आनंदपुर क्षेत्र के पीएलएफआइ कमांडर माइकल गुड़िया और उसके साथी और संगठन का कमांडर मुकेश चीक बड़ाइक और पंकज महतो के साथ मिलकर आनंदपुर क्षेत्र में जमीन विवाद में पैसे लेकर एक व्यक्ति की हत्या की योजना बनायी गयी थी। उसकी हत्या करने के लिए वे रांची से रनिया जा रहे थे, जहां अन्य साथी मुकेश और पंकज उनका इंतजार कर रहे थे। रांची से आने जाने का खर्च बानो के सुरेंद्र चीक बड़ाइक द्वारा दिया गया था। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने छापामारी करते हुए रनिया थाना क्षेत्र से मुकेश चीक बड़ाईक और पंकज महतो को पीएलएफआइ पर्चा एवं चंदा रसीद के साथ, जबकि बानो थाना एवं मनोहरपुर थाना के सहयोग से संगठन के लिए नेटवर्किंग करने वाले सुरेंद्र चीक बड़ाइक को बानो से और आनंदपुर के माइकल गुड़िया को गिरफ्तार किया गया। एसपी ने कहा कि पुलिस की सक्रियता से एक व्यक्ति की जान बच गयी।



प्रेस वार्ता कर नक्सलियों के बारे में जानकारी देते एसपी नौशाद आलम और अन्य।

### छापामारी टीम के सदस्यों को किया जायेगा पुरस्कृत

प्रभारी एसपी ने कहा कि प्रतिबंधित संगठन के पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार करने वाले पुलिस अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने समाज से भटके लोगों से अपील की कि वे समाज की मुख्यधारा में लौट आयें और समाज के विकास में सहयोग करें।

### मुकेश चीक बड़ाइक का है आपराधिक इतिहास

प्रभारी एसपी ने बताया कि गिरफ्तार पीएलएआइ उग्रवाद मुकेश चीक बड़ाइक का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। हत्या, रंगदारी, अपहरण, लेवी वसूली, आर्म्स एक्ट, 17 सीएलए सहित अन्य संगीन मामलों को लेकर मुकेश चीक बड़ाईक के खिलाफ गुमला जिले के पालकोट, बसिया और कमडारास थाना में पहले से ही सात मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार माइकल गुड़िया को पहले भी पुलिस जेल भेज चुकी है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## ब्लॉक के गार्ड ने किया बमने के पंसस से अभद्र व्यवहार, पंचायत प्रतिनिधियों ने जताया विरोध



**खलारी (आजाद सिपाही)।** बमने पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मनभावन लोहरा के साथ ब्लॉक के गार्ड द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने के विरोध में गुरुवार को प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा की अध्यक्षता में पंचायत प्रतिनिधियों ने एक बैठक की। जिसमें उपस्थित बमने पंचायत समिति सदस्य मनभावन लोहरा ने बताया कि बुधवार को जब वह प्रखंड कार्यालय परिसर में अपनी बाइक खड़ा कर अंदर जाने लगे तो ब्लॉक के गार्ड बिनोद गंझू द्वारा उनसे गाड़ी हटाने को कहा गया। साथ ही अभद्र व्यवहार करते हुए हाथापाई की गई। बैठक में एक पंचायत प्रतिनिधि के साथ ब्लॉक गार्ड द्वारा किए गए अभद्र व्यवहार की कड़ी निंदा की गयी और विरोध जताया गया। वहीं प्रमुख सोनी तिग्गा के द्वारा खलारी सीओ शिशुपाल आर्य को भी उक्त घटना की जानकारी दी गयी। पंचायत प्रतिनिधियों ने सीओ से चौकीदार विनोद गंझू को हटाने की भी मांग की। नाराज प्रतिनिधियों की बातों को सुनने के बाद सीओ शिशुपाल आर्य ने संबंधित घटना की जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इधर, बमने पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मनभावन लोहरा ने उक्त मामले पर कार्रवाई करने के लिए खलारी थाना में भी एक आवेदन दिया है। इस मौके पर उप प्रमुख सुमन देवी, मुखिया पारसनाथ उरांव, पुतुल देवी, पुष्पा खलखो, मलका मुंडा, शिवरथ मुंडा, ललिता देवी, पंसस कृष्णा रजक, मेनका देवी, मुकेश भुईयां, विशेष्वर मुंडा, सहदेव महली, धीरज कुमार बहादुर, अंजू देवी और उर्मिला देवी आदि उपस्थित थे।

## रैयत विस्थापितों के सहयोग से मिली नौकरी : राजेश

**खलारी (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर जेहलीटॉड के रैयत राजेश गंझू ने कहा कि रैयत विस्थापितो के सहयोग के कारण उनको नौकरी मिली है। राजेश गंझू ने बताया कि पिछले 35 वर्षों से उनका परिवार जमीन के बदले नौकरी के लिए प्रयासरत था। कई बार आंदोलन हुआ। लेकिन रैयत विस्थापितों के सहयोग के कारण उन्हें जमीन के बदले नौकरी मिल पायी है। उन्होंने बताया कि नौकरी लेने के लिए जीएम कार्यालय के समक्ष आमरण अनशन शुरू किया था जिसमे स्थानीय रैयत विस्थापित का काफी सहयोग रहा था। उनके आंदोलन में भरपूर सहयोग मिला था जिसके कारण ही प्रबंधन ने उन्हें नौकरी दी थी। लेकिन कुछ लोग झूठ बोलकर लोगों को बरगलाने का काम कर रहे हैं कि उनके आंदोलन से उन्हें नौकरी मिली जबकि झूठ बोलने वाले लोगों का कोई योगदान नहीं था।

## हेंजदा के रैयतों को नौकरी-मुआवजा देने की मांग



**खलारी (आजाद सिपाही)।** हेंजदा कुसुमटोला में रैयतों की गुरुवार को बैठक हुई। जिसमें कहा गया कि हेंजदा सरना स्थल एवं महुकुलीबर के बगल में पुरनाडीह परियोजना द्वारा खनन कर कोयला निकल लिया गया है। इस लिए हम ग्रामीण जमीन के समतलीकरण करने सहित पुनर्वास स्थल का चयन एवं मुआवजा की मांग की गयी। वहीं रैयतों की बची हुई नौकरी भी अविलंब देने की मांग की गयी। बैठक में मुख्य रूप से महेंद्र उरांव, बालेश्वर उरांव, रामकुमार उरांव, रामसेल उरांव, मोहन, सर्वजीत, अर्जुन, धर्मवीर ठाकुर, सर्वजीत उरांव, आनंद, रामप्रसाद गंझू, प्रकाश गंझू, सहदेव, बद्री गंझू, टेकलाल गंझू, सोहराई, बल्कू गंझू, महेंद्र गंझू सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## मैकलुस्कीगंज में ट्यूशन पढ़ने गये छात्र की बाइक चोरी

**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। गुरुवार को भी एक बाइक चोरी हो गई है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह सात बजे लपरा पंचायत के गंझू टोला निवासी रंजीत गंझू का भाई उपेन्द्र लपरा विकासनगर में एक शिक्षक के यहां बाइक खड़ा कर टयूशन पढ़ रहा था। बाहर निकला तो देखा उसकी बाइक गायब थी। उसने बाइक की काफी लताश ली, लेकिन वो नहीं मिली। इसके बाद बाइक चोरी की घटना की जानकारीमैकलुस्कीगंज पुलिस को दी। इसके पहले भी मैकलुस्कीगंज में कई बाइक चोरी की वारदातें हो चुकी हैं। कभी ट्रकों से डीजल, रेलवे क्वार्टर से लैपटॉप और रुपये एवं कई बाइक की चोरी हुई है।

## राहे में किसान संगोष्ठी का आयोजन

**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बाजार टांड प्रांगण में किसान गोष्ठि का आयोजन किया गया। जिसमें 100 किसान उपस्थित हुए। किसानों को इफको के राज्य विपणन प्रबंधक यूके सिन्हा ने बताया कि कृषि में फसलों के उत्पादन के लिए उर्वरकों का प्रबंधन करना बहुत आवश्यक है। फसलों में यूरिया के असंतुलित एवं अत्यधिक प्रयोग होने के कारण जहां मृदा की उर्वरता शक्ति में ह्रास हुआ है। वहीं, दूसरी ओर हवा, जल एवं पर्यावरण का भी नुकसान हुआ है। यूरिया के इसी दुष्प्रभाव को दूर करने के लिए इफको ने नैनो तकनीक आधारित इफको नैनो तरल यूरिया का निर्माण कर किसानों के बीच लाया है। इसके प्रयोग से उत्पादन में 8 से 10 फीसदी की वृद्धि होती है। वहीं दूसरी ओर मिट्टी, हवा, पानी एवं पर्यावरण में भी किसी तरह की हानि नहीं होता है। इस अवसर पर इफको के प्रतिनिधि सौरभ मांझी ने सब्जी फसलों में लगने वाले कीट एवं व्याधि के बारे में जानकारी दिया। इस दौरान स्थानिय प्रतिनिधि ने किसानों के अन्य समस्या को समाधान करने का अश्ववासन दिया।

## सफीउल उर्फ मास्टर का निधन, जनाजे में उमड़ी भीड़

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** आजसू के वरीय नेता सफीउल उर्फ मास्टर का निधन हो गया। उनके जनाजे में भारी भीड़ उमड़ी थी। इस दिन दोपहर दो बजे सिल्ली सुलूमजुड़ी कब्रिस्तान में सुपुर्दखाक हुए। मुरी हिन्डाल्को निवासी 52 वर्षीय सफीउल उर्फ मास्टर का बुधवार की शाम उनके निवास पर निधन हो गया। जनाजे में शामिल होने के लिए गूंज परिवार संयोजक जयपाल सिंह सुनील सिंह, गौतम कृष्णा साहू सुशील महतो, अरुण रॉय अजय कुमार सिंह, फरीद खान सरोज महतो, गंगा लकड़ा मस्तफा बबलू, मो आलम, समाजसेवी श्याम सुंदर महतो, डॉ रमणेश प्रसाद, लक्ष्मण महतो किशोर साहू, पवित्र मित्रा, उपेंद्र महतो,सुरेश महतो, सुमन अग्रवाल, मो चांद हुसैन, मो फरुक, नूरमोहम्द,शकूर आलम ,मो हेलाल, मकसूद आलम, अनवर हुसैन, मो इसहाक, मास्टर अयूब जुलुमोमीन, मो अजीज आदि शामिल थे।

## बीए, बीएससी और बीकॉम की परीक्षा शुरू

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली कॉलेज में बीए, बीएससी व बीकॉम सेमेस्टर दो और सेमेस्टर चार की परीक्षा प्रारंभ हो गई है। प्राचार्य डॉ मुकुंद महतो ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से चल रही है। कुल 750 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुई हैं। यह परीक्षा 22 दिसंबर तक चलेगी। परीक्षा में प्रो त्रिभुवन महतो, प्रो अनंत कुमार महतो, प्रो भवानंद चौधरी,प्रो नकुल चन्द्र महतो,प्रो हेमंत सिंह, श्यामल दे सुमन महतो आदि उपस्थित थे।

## अड़की में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पहल पर लगे ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन



**अड़की (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत सिगिद बीरडीह में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुण्डा के निर्देश पर 25 केवी ट्रांसफरमर का उद्घाटन अड़की के सांसद प्रतिनिधि अनुप साहू, तमाड़ सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुण्डा, पंचायत प्रतिनिधियों ने संयुक्त रुप से किया। ट्रांसफरमर उदघाटन से पूर्व सांसद प्रतिनिधियों का ग्रामीणों ने गाजे बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया। गौरतलब हो कि लगभग पांच माह के बाद केंद्रीय मंत्री के प्रयास और स्थानीय सांसद प्रतिनिधियों व विभागीय सहयोग से 25 केवी का ट्रांसफरमर मिला, जिससे ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के प्रति आभार व्यक्त किया है। ट्रांसफरमर उद्घाटन कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि अनुप साहू, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा सुभाष मुण्डा, कन्हाई पातर, गुरुचरण पातर, भोला प्रमाणिक, भोला हजाम, घासीराय पातर, प्रकाश मुंडा, सिंगराय मुंडा, शिव हजाम, गनोय मुंडा, गोपाल सरदार, महेंद्र हजाम आदि शामिल थे।

## रंग लायी विधायक कोचे मुंडा की चेतावनी, डायवर्सन का निर्माण कार्य शुरू

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भाजपा विधायक कोचे मुंडा की चेतावनी का असर दिखने लगा है। उनकी चेतावनी के दूसरे ही दिन डोड़मा-सिसई रोड पर क्षतिग्रस्त छाता नदी पुल के पास गुरुवार से डायवर्सन का निर्माण कार्य शुरू हो गया। ज्ञात हो कि डोड़मा-सिसई पथ पर छाता नदी का पुराना पुल चार-पांच महीने क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके कारण इस रोड पर चार पहिया और दो पहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप हो गया था। छाता नदी पुल के टूट जाने से क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत विधायक कोचे मुंडा से की। विधायक ने बुधवार को पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता से मुलाकात कर छाता नदी पर डायवर्सन का निर्माण कार्य शुरू करने को कहा था।

# अफीम की खेती छोड़ नकदी फसल की खेती करें किसान : अनिकेत सचान

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** अड़की प्रखंड के सुदूरवर्ती ग्राम बिरबांकी में एफपीओ अड़की महिला कृषि बागवानी स्वावलंबी सहकारी समिति और कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान एवं कार्यपालक दंडाधिकारी उषा मुंडू ने गुरुवार को बिरसा फसल विस्तार योजना एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत शत प्रतिशत अनुदान पर चना और सरसों बीज का वितरण कर योजना का शुभारंभ किया। लोगों को अफीम की खेती छोड़कर कृषि विभाग द्वारा वितरण किये जा रहे बीजों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान ने स्ट्रॉबेरी, ड्रैगन फ्रूट, स्वीट कॉर्न जैसे नकदी फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया तथा मुख्यमंत्री सुखाड राहत योजना उद्यान विभाग, कृषि ऋण माफी योजना, बिरसा फसल विस्तार योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली टपक सिंचाई योजना, ब्लॉक चौन में पंजीकरण कराने आदि के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंनें कहा कि अफीम की खेती से किसानों को दूर करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। मौके पर अड़की बीडीओ नागेंद्र नारायण, बिरबंकी की मुखिया सबिता बाखला, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद रॉय, मयंक कुमार, एफपीओ के सीइओ नवनीत कुमार आदि मौजूद थे।

## मानव उत्थान सेवा समिति ने राय रेलवे स्टेशन में चलाया सफाई अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** मानव उत्थान सेवा समिति पिपरवार की ओर से राय रेलवे स्टेशन में सफाई अभियान चलाया गया। संस्था के दर्जनों लोगों ने राय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म, मुख्य द्वार, वृश्राम गृह सहित अन्य जगहों पर सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। संस्था की साध्वी महात्मा अश्विनी भाई ने कहा कि अध्यात्म और देश सेवा से ही मानव का उत्थान संभव है। धार्मिक गुरु सतपाल जी महाराज की संस्था मानव उत्थान सेवा समिति की ओर से स्वच्छता अभियान के तहत क्षेत्र में कई सार्वजनिक स्थानों पर सफाई कार्यक्रम चलाया गया। इसी कड़ी में सुबह सात बजे दल बल के साथ राय रेलवे स्टेशन पहुंचे संस्था के सदस्यों ने यात्री प्लेटफॉर्म की सफाई की। इसके अलावा हफुआ गांव में भी क्षेत्र की कई सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई किया गया। इस अवसर पर महात्मा अश्विनी भाई, नीति भाई, शिवलाल महतो, गणेश महतो, धनेश्वर महतो, उमाशंकर, बासुदेव, गौरी, पंकज, रोशन यादव सहित संस्था के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## फुटबॉल टूर्नामेंट में उप विजेता बनी मोहननगर झारखंड पब्लिक स्कूल की टीम

**खलारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड पब्लिक स्कूल मोहननगर डकरा की बालिका फुटबॉल टीम सीबीएसई द्वारा आयोजित ईस्ट जोन फुटबॉल प्रतियोगिता में उपविजेता रही। गुरुवार को खिलाड़ियों के बिहार के समस्तीपुर से वापस लौटने पर खलारी रेलवे स्टेशन में भव्य स्वागत किया गया। खेल शिक्षक गणेश महतो ने बताया कि फुटबॉल प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते बालिका टीम ने कूल 11 गोल मार कर उपविजेता का खिताब जीता है।

## रैयत विस्थापित मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने फागू बेसरा से रांची में की मुलाकात



**खलारी (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा एनके एरिया के पदाधिकारियों ने गुरुवार को राज्य समन्वय समिति सदस्य सह मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष फागु बेसरा से रांची में मुलाकात की। मोर्चा के एनके एरिया पदाधिकारियों ने फागु बेसरा को झारखंड राज्य समन्वय समिति सदस्य बनने एवं राज्य मंत्री का दर्जा मिलने पर उन्हें बुके देकर बधाई व शुभकामनाएं दी। मोर्चा ने आशा व्यक्त किया कि फागु बेसरा के राज्य मंत्री बनने से राज्य में कोयलांचल क्षेत्र के विस्थापन एवं रोजगार पर सकारात्मक पहल होगा। रैयत विस्थापित के समस्या का समाधान होगा। वहीं, फागु बेसरा ने कहा कि वे विस्थापन एवं रोजगार को लेकर राज्य सरकार के साथ वार्ता कर काफी पहल होगा। साथ ही राज्य सरकार के माध्यम से रैयत विस्थापितों के हक अधिकार एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में सीसीएल प्रबंधन की भूमिका सुनिश्चित किया जाएगा। मुलाकात करने वालों में मोर्चा के एनके एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, रंथू उरांव, रामलखन गंझू, जगरनाथ महतो, इकबाल हुसैन और रचित गंझू शामिल थे।

## विधिक जागरूकता सह महिला सशक्तीकरण कार्यशाला का आयोजन

# अपने हक के लिए आगे आयेंगी महिलाएं, तभी संभव होगा समाज का विकास : प्रधान जिला जज

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार और झालसा के निर्देश पर संचालित नालसा- एनसीडब्ल्यू सहयोगात्मक परियोजना के तत्वावधान में आयोजित किये जा रहे संविधान सप्ताह के तहत गुरुवार को डालसा सभागार भवन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता सह महिला सशक्तीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर सह कार्यशाला में डालसा अध्यक्ष ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक महिलाएं जागरूक होकर अपने हक के लिए आगे नहीं बढ़ेंगी, तब तक समाज का विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि समाज में अधिकतर हिंसा महिलाओं के साथ होती है, क्योंकि उन्हें कमजोर समझा जाता है। इसलिए महिलाओं को अपनी शक्ति की पहचान करनी है। एनसीडब्ल्यू और डालसा से चिह्नित महिलाएं जो पंचायत स्तर पर महिलाओं से संबंधित समस्याओं के लिए कार्य करती हैं। डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि यह कार्यशाला महिलाओं से जुड़ी सभी प्रकार की समस्याओं से जूझने वाली महिलाओं को न्याय पाने की हिम्मत प्रदान करेगी। बाल कल्याण समिति खूंटी की अध्यक्ष तनुश्री सरकार ने कहा कि कार्यशाला में उपस्थित सभी महिला कार्यकर्ता और हित धारक के रूप में जानी जाएंगी। समाज में महिलाओं के साथ विभिन्न तरह की हिंसा होती है जैसे घरेलू हिंसा, डायन प्रथा आदि हम सभी महिलाओं को संगठित होकर महिलाओं बच्चों को इन समस्याओं से सुरक्षा प्रदान करनी है। जेएसएलपीएस के जिला प्रबंधक सामाजिक विकास रमेश नायक ने कहा कि समाज में लिंग आधारित हिंसा से महिला एवं बच्चों को सुरक्षा देनी है। सरकार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से चिह्नित और असुरक्षित परिवारों को लाभ दिलाना है और स्वयं सहायता समूह के माध्यम से समानता के लिए डालसा से सहयोग प्राप्त होता रहा है। कहा कि 25 नवंबर से महिला हिंसा उन्मूलन को लेकर जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें सभी विद्वान न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता श्रीमती ममता सिंह, शशिकला, नम्रता कुमारी पीएलए सदस्य मधुचंदा आदि उपस्थित थे।

## खलारी रेलवे स्टेशन में वाहन पार्किंग का उद्घाटन

**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी रेलवे स्टेषन में गुरुवार से वाहन पार्किंग का शुभारंभ हुआ। रेलवे टिकट बुकिंग कलर्क हेमलाल यादव ने फीता काटकर वाहन पार्किंग का उद्घाटन किया। मौके पर पार्किंग संचालक सोनू निशाद ने बताया कि स्टेशन परिसर में साइकिल, दो पहिया, चार पहिया वाहन के अलावा ऑटो रिक्षा पार्क करने वालों से एक निर्धारित तय शुल्क लिया जाएगा। तय शुल्क में दो घंटा के लिए साइकिल के लिए तीन रुपए, बाइक और स्कूटर के लिए पांच रुपए, चार पहिया वाहन के लिए 20 रुपए और ऑटो रिक्षा के लिए 15 रुपये वसूला जाएगा। वहीं दो से छह घंटों के लिए साइकिल के लिए छह रुपए, बाइक और स्कूटर के लिए 10 रुपए, चार पहिया वाहन के लिए 30 रुपए और ऑटो रिक्षा के लिए 30 रुपये रहेगा। छह घंटे से उसी दिन मध्य रांत्री तक के लिए साइकिल के लिए 15 रुपए, बाइक और स्कूटर के लिए 30 रुपए, चार पहिया वाहन के लिए 40 रुपए तथा ऑटो रिक्षा के लिए 50 रहेगा। इसके अलावा दो पहिया वाहन चालक अपना हेलमेट भी 05 रुपए शुल्क देकर 24 घंटे के लिए पार्किंग कार्यालय में रखवा सकते है। इस मौके पर मुख्य रूप से मुकेष राम, सिन्धु कुमार, विजय मुण्डा, महवीर मुण्डा, भोला मुण्डा, गुरूदयाल मुण्डा आदि थे।

## सड़क दुर्घटना में सीसीएल कर्मचारी सहित तीन घायल

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** बचरा क्षेत्रीय अस्पताल के समीप गुरुवार की दोपहर दो बाइक की भिड़ंत में सीसीएल कर्मचारी सहित तीन लोग घायल हो गये। उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से बचरा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने रांची रिम्स रेफर कर दिया। घायलों में पिपरवार थाना क्षेत्र के 172 माईन्र्स कॉलोनी निवासी सीसीएल कर्मी, बहारन महतो (50) छोटू चौहान (35) और नगडुआ निवासी कृष्णा करमाली (26) शामिल है।

## दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र ने नवागढ़ पंचायत के किसानों के बीच किया मुर्गी का वितरण



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** प्रस्तावित आदिवासी आदर्श पंचायत नवागढ़ में गुरुवार को दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची के द्वारा पंचायत के सोसो, बड़कीगोड़ांग, रंगामाटी बरवाटोली, नवागढ़ एवं ओबर के कुल दस किसानों के बीच दो-दो मुर्गी का वितरण किया गया। मौके पर भुवनेशवर बेदिया मुखिया नवागढ़, सुबोध बेदिया, नरेन्द्रनाथ बेदिया, लखिराम बेदिया, हरिलाल बेदिया, कृष्णा बेदिया आदि उपस्थित थे।

## इटकी का युवक तीन दिनों से लापता

**इटकी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के आनंदपुर बस्ती से रवि तिर्की नामक एक युवक गत तीन दिनों से लापता है। जानकारी के अनुसार 29 नवंबर की रात्रि करीब आठ बजे रवि के मोबाइल फोन पर किसी का कॉल आया। कॉल रिसीव करने के बाद रवि घर से बाहर निकला, परंतु वापस घर नहीं लौटा। खोजबीन के बाद रवि के भाई जयंत तिर्की ने इसकी सूचना थाना को दी।

## कांके रोड क्षेत्र में सड़क किनारे वाहन पार्किंग व अतिक्रमण पर रोक लगाये नगर निगम प्रशासन : महेश कुमार मनीष



**कांके (आजाद सिपाही)।** रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह कांके विधानसभा प्रभारी महेश कुमार मनीष ने रांची नगर निगम प्रशासन से आग्रह किया है कि कांके रोड जो राजधानी झारखंड का एक व्यस्तम मार्ग है। इसे अतिक्रमण मुक्त करे। कांके रोड चौड़ी बस्ती, पोटपोटो नदी पुल से होकर मुख्यमंत्री निवास तक निगम क्षेत्र के कांके रोड में इन दिनों सड़कों पर दुकानों में ग्राहकों और दुकानदारों द्वारा सड़क किनारे ही वाहनों की पार्किंग अव्यवस्थित ढंग से की जा रही है। वहीं सड़क किनारे गुमटी, तिरपालनुमा झोपड़ी की दुकानें, ठेला खोमचा भी काफी मात्रा में लगाई जा रही है। इसका खमियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। सड़कों किनारे हो रही वाहन पार्किंग और अतिक्रमण से सड़क की चौड़ाई 30 फीट की जगह 12 फिट होकर रह गई हैं। प्रतिदिन सड़कों पर लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। वाहनों की भी दुर्घटनाएं यहां आम बात हो गई है। इसलिए नगर निगम प्रशासन सड़क किनारे हो रही वाहनों की पार्किंग और अतिक्रमण पर रोक लगाये और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करे। क्योंकि पैदल चलने वाले यात्री और वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## पूर्व विधायक बंधु तिर्की ने मृतकों के परिजनों से मिल कर ढाढ़स बंधाया



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** बीते दिनों चान्हो प्रखंड अंतर्गत ग्राम पतरातू के विजय गुप्ता एवं आनंद महतो ग्राम पतरातू से बोलेरो में सवार होकर शादी समारोह में रांची जा रहे थे। दुर्भाग्यवश मांडर के तिग्गा फ्यूल के समीप ट्रैक्टर से टकराने के कारण दोनों की मौत हो गई थी। एक ही गांव के दो लोगों की मृत्यु से गांव एवं आसपास के इलाके में शोक का माहौल था। दोनों व्यक्ति की असमय मृत्यु से लोग अत्यंत दुखी हैं। इसकी जानकारी पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की को दी थी। संयोगवश विधायक एवं पूर्व विधायक दोनों गुजरात चुनाव में कम्पैन कर रहे थे। रांची पहुंचकर बंधु तिर्की ने दोनों मृतकों के आवास चान्हो के पतरातू पहुंचकर मृतकों के परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया। सांत्वना देते हुए परिवार वालों को कहा कि इस दुख की घड़ी में मैं परिवार के साथ खड़ा हूं और मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मो. इस्तेयाक, विधायक प्रतिनिधि इरशाद खान, दिलीप राम, रमेश राम, जुलफान अंसारी, सुरीया उरांव के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

## बेड़ो में प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप का शुभारंभ



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड प्रशासन के तत्वावधान में गुरुवार को मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड कृषि पदाधिकारी कलिंद्र साहू, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अवनि कुमार झा, जिप सदस्य पार्वती कुमारी व मुखिया ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को किक मार कर किया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कृषि पदाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार खेल के विकास एवं खेल प्रतिभाओं को ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की ओर से इस तरह के आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेल के लिए प्रेरित करना है। सरकार की तरफ से युवाओं को खेल के साथ जोड़ने की अच्छी पहल है। शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में छिपी प्रतिभा को एक मंच प्रदान कर खिलाड़ियों को सफलता के मंजिल पर पहुंचाना ही राज्य सरकार का उद्देश्य है। इधर उद्घाटन मैच ईंटा पंचायत बनाम दिघिया पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें दिघिया पंचायत की टीम ने ईंटा पंचायत की टीम को एक गोल से पराजित किया। वहीं मौके पर अनिता बाड़ा, बुधराम बाड़ा, प्रबला केरकेट्टा, रमेश उरांव, जतरु उरांव व सरिता एक्का आदि मौजूद थे। साथ ही आयोजन को सफल बनाने में डे बोर्डिंग के कोच अनमोल टोप्पो, सुशील कच्छप, प्रवीण बाजराय व मिरनाल खलखो, राखी कुमारी, अनामिका तिर्की व सुषमा टोप्पो ने सराहनीय योगदान दिया।

**विवाद :** जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में टकराव, दो पुलिसकर्मी घायल

# पुलिस जवान के निर्माणाधीन घर को चालीस पड़हा के 28 गांवों के ग्रामीणों ने किया ध्वस्त

**घर के निर्माण के लिए वहां रखे चार टर्बो ईंटों को भी चूर कर दिया और पूरे खाली स्थान को सरना झंडा गाड़ कर घेर दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता





**मांडर।** प्रखंड स्थित सरगांव में जमीन विवाद को लेकर एक ही समाज के दो पक्ष में हुए टकराव में रैयती जमीन पर निमार्णाधीन घर को गुरुवार को चालीस पड़हा के 28 गांव के लोगों ने ध्वस्त कर दिया। पुलिस उग्र भीड़ को देखती रह गई। बीच बचाव में तीन पुलिस कर्मी घायल हो गये। गांव के ही मंगरा उरांव झारखंड पुलिस के जवान द्वारा घर बनाया जा रहा था। जिस जमीन को आज से लगभग चालीस वर्ष पूर्व उनके पिता राम उरांव द्वारा तत्कालीन जमींदार के वंशजों से अड़तालिस डिसमिल जमीन खरीदी थी।

वहीं दूसरे पक्ष के लोगों का कहना है कि इस जमीन पर बरसों से इंद जतरा का आयोजन किया जाता रहा है। ऐसे में किसी भी कीमत में इस जमीन पर निर्माण कार्य नहीं होने दिया जाएगा। गुरुवार की सुबह इसी बात को लेकर हजारों की संख्या में चालीस पड़हा के 28 गांव के लोग जमा हुए और पुलिस और मंगरा के परिजनों के सामने पूरे घर को ध्वस्त कर दिया। उग्र भीड़ में शामिल लोगों ने घर के निर्माण के लिए वहां रखे चार टर्बो ईंटों को भी चूर कर दिया। साथ ही पूरे खाली स्थान को सरना झंडा गाड़कर घेर भी दिया है। उसके बाद पारंपरिक नृत्य करते हुए वे लोग वहां से निकले और गांव के निकट बगीचा में खीचड़ी का भोजन कर अपने-अपने घरों की ओर निकल गये।

मामले की गंभीरता को देखते हुए मांडर पुलिस और ठाकुरगांव की पुलिस नजर बनाए हुए है। स्थिति नियंत्रण में है।

## नगड़ी के चेटे गांव में ऐतिहासिक 22 पड़हा शक्ति खूंटा जतरा महोत्सव का आयोजन

**सभी खोड़हा दलों का स्वागत जतरा समिति के मुख्य संरक्षक अध्यक्ष अजय कच्छप के नेतृत्व में समिति ने किया**

आजाद सिपाही संवाददाता





**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी के चेटे गांव में ऐतिहासिक 22 पड़हा शक्ति खूंटा जतरा महोत्सव का आयोजन किया गया। जतरा मेला में चेटे और आसपास के विभिन्न गांव के ग्रामीण पारंपरिक वेशभूषा में ढोल नगाड़े सहित अपने खोड़हा के साथ पहुंचे।

सभी खोड़हा दलों का स्वागत जतरा समिति के मुख्य संरक्षक अध्यक्ष अजय कच्छप के नेतृत्व में समिति द्वारा किया गया।

मौके पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि जतरा मेला आदिवासी संस्कृति की प्रमुख धरोहर है और इसे बरकरार रखना हम सब की जिम्मेदारी है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत ने कहा कि जतरा मेला आदिवासी समाज को संगठित रखने का काम करता है। जतरा में दर्जनों गांव के हजारों लोग शामिल हुए।

## अंग्रेजी नहीं जानने वाले दूसरी कक्षा के पांच आदिवासी छात्रों को शिक्षक ने बेरहमी से पीटा

**गुस्से में आकर ग्रामीणों ने उलातु के प्राथमिक विद्यालय में जड़ा ताला**

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** प्रखंड के गगारी पंचायत अंतर्गत पड़ने वाला आदिवासी बहुल गांव बड़ा उलातु के प्राथमिक विद्यालय में 22 छात्र पढ़ रहे हैं। इनके पठन पाठन के लिए एक शिक्षक नियुक्त हैं। इस विद्यालय में पढ़ने वाले दूसरी कक्षा के छात्रों को बुधवार को विद्यालय के प्रभारी शिक्षक देवेन्द्र लाल महतो के द्वारा इंग्लिश लिखने व पढ़ने को कहा। बच्चों द्वारा नहीं पढ़ पाने से नाराज शिक्षक ने पांच छात्रों को बांस की छड़ी से बेहरमी से पिटाई कर दी। इसकी जानकारी बच्चों के द्वारा अभिभावकों को दी गई। जिससे गुस्साये अभिभावक और ग्रामीण गुरुवार को विद्यालय पहुंचे और विद्यालय में ताला जड़ दिया। जिन छात्रों की पिटाई की गई उनमें महिमा कुमारी, मिहिर मुण्डा, दिपेश पहान, प्रिंस मुण्डा, आर्यन पहान शामिल हैं। इन बच्चों से पूछने पर बतलाया कि वे लोग ठीक से इंग्लिश पढ़ने लिखने नहीं जानते हैं और मास्टर जी ने इंग्लिश पढ़ने व लिखने को कहा। ऐसा नहीं कर पाने से हमलोगों को बुरी तरह पीटा गया है।

मौके पर उपस्थित वार्ड सदस्य गुड़िया देवी, पार्वती देवी, चुनु उरांव, शंकर मुण्डा आदि का कहना था उक्त शिक्षक 21 वर्षों से यहां जमा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि जब-तक शिक्षक का ताबादला नहीं हो जाता तब तक ताला नहीं खोलने की बात कही। डर के मारे बच्चे भी स्कूल नहीं जाना चाह रहे हैं। विद्यालय के आरोपित शिक्षक देवेन्द्र लाल महतो से पूछने पर कहा पिछले कुछ दिनों पहले विद्यालय में अभिभावक व ग्रामीणों के साथ बैठक हुई थी जिसमें शिक्षा का स्तर ठीक करने की बात कही गई थी। जिसकी वजह से कुछ कड़ाई किये थे, अब जैसा अभिभावक ग्रामीण चाहेंगे वैसा ही करेंगे। बच्चों को थोड़ा बहुत मारा हूं।

वहीं इस संदर्भ में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से बात करने पर मामले की जांच करने की बात कही गई।

## कांके में क्रिसमस गैदरिंग 22 दिसंबर को, निशांत कच्छप बने अध्यक्ष



**कांके (आजाद सिपाही)।** कंबाइंड क्रिश्चियन यूथ सोसाइटी सीसीवाईएस द्वारा 22 दिसंबर को सीआईपी टीना मैदान कांके में 44वीं क्रिसमस गैदरिंग आयोजित की जाएगी। अध्यक्ष निशांत कच्छप ने बताया कि क्रिसमस गेंदरिंग में क्रिसमस कैरोल, गॉस्पल, नागपुरी बैंड के कार्यक्रम होंगे। वहीं 21 दिसंबर को कांके क्षेत्र के लिए चरनी बनाओ प्रतियोगिता होगी। इसको लेकर सीसी वाईएस की बैठक हुई। जिसमें पदाधिकारियों का चयन हुआ। जिसमें अध्यक्ष निशांत कच्छप, सचिव सुमित सुवर्णो, कोषाध्यक्ष शशि किस्पोट्टा, उपाध्यक्ष सागर कुजूर व शेखर टोप्पो, सह सचिव अनुराग टोप्पो, अविनाश हैरेंज बनाए गये। वहीं संरक्षक मंडली में दीपक तिर्की, विमल जॉन खेस, सुधीर एक्का, जॉर्ज कुजूर, अजय तिर्की संयोजक मंडली में अभिषेक राज हैरेंज, मानिक तिर्की व अभय मिंज सहित कार्यकारिणी के सदस्य बनाए गए हैं।

**विरोध :** शास्त्री चौक दड़दाग में हो रहे फ्लाइओवर निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने बंद कराया

# व्यवसायियों ने पिलर से फ्लाइओवर के निर्माण की मांग की

**ग्रामीणों ने अधिगृहीत जमीन से ज्यादा जमीन का अधिग्रहण करने और कुछ लोगों को अब तक मुआवजा नहीं मिलने का लगाया आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** शास्त्री चौक दड़दाग में फ्लाइओवर निर्माण को लेकर ग्रामीणों के द्वारा बैठक पंचायत सचिवालय परिसर चकला में की गयी।

बैठक में राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पूर्व विधायक रामकुमार पहान, जिप सदस्य पूर्वी सरीता देवी, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, कुद्दूस अंसारी, रमेश उरांव, भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी ने भाग लिया। वर्तमान में फ्लाइओवर निर्माण मिट्टी भर कर किया जाना है। इसके बन जाने से सैकड़ों लोग बेरोजगार हो जाएंगे। वहीं कुछ लोगों का कहना था कि अधिग्रहित जमीन से ज्यादा जमीन ली जा रही है। साथ ही कुछ लोगों को मुआवजा भी नहीं मिला है। इसे देखते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए कहा गया कि फ्लाइओवर बने, पर पिलर के माध्यम से बने और इसके लिए एक मांग पत्र केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी व राज्य सरकार को देने की बात कही गई।

बैठक के बाद पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व विधायक रामकुमार पहान, जिप सदस्य सरीता देवी के द्वारा ग्रामीणों के साथ कार्य स्थल पर जाकर अधिकारियों से फोन पर बातचीत कर जब तक पिलर लगाकर फ्लाईओवर निर्माण कार्य की स्वीकृति नहीं होती तब तक निमार्ण कार्य बंद करने को कहा।

वहीं राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू और पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने जल्द ही दिल्ली जाकर केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर समस्या से अवगत कराने की बात कही।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## खिजरी विधायक की पत्नी ने पीसीसी पथ का किया शिलान्यास



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत लाली पंचायत के रोलटोली से लाली रोड होते हुए सरस्वती मंडप तक पीसीसी पथ एवं ग्राम कुदागड़ा में प्रदीप नागरुवार के घर से रेमिश नागरुवार के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास गुरुवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप की पत्नी रिया तिर्की ने नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया। मौके पर नामकुम प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, जयपाल होरो, दलगोविन्द महतो, महेश्वर महतो, मुक्तिलता जिल्हूर, जगरनाथ महतो, सुरेंद्र महतो, बिलसिंग लकड़ा, चूमना पहान, बुधनलाल मुण्डा, मोती टोप्पो, जेरोम जिल्हूर, खुदिया कच्छप, विनोद लोहरा, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक के साथ गांव के लोग काफी संख्या में उपस्थित थे और इस पथ के निर्माण कार्य से ग्रामीण काफी खुश नजर आ रहे थे।

## सीआइटी परिसर में की गयी ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन की स्थापना



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज के वेदर पावर स्टेशंस से लाभान्वित होंगे इलाके के लोग। खासकर कृषक व मजदूर वर्ग के लोगों को लाभ मिलेगा। कृषकों के हित और आम जनों की सुविधा को लेकर कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी विद्यार्थियों ने संस्थान के सिविल विभाग के प्रो. डॉ डी.के सिंह (सेवानिवृत्त) के नेतृत्व में सीआईटी परिसर में ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन अर्थात मौसम का पूवार्नुमान की जानकारी देने वाला यंत्र से संबंधित इकाई की स्थापना की है। इसका उद्घाटन जेयूटी के कुलपति डॉ विजय कुमार पांडेय ने किया था। सीआईटी में 2022 सत्र के नवागंतुक विद्यार्थियों के लिये चल रहे इंडक्शन प्रोगाम के तहत गुरुवार को डॉ डीके सिंह ने विद्यार्थियों को इस वेदर स्टेशन की कार्यप्रणाली, कृषकों को इससे होने वाले लाभ समेत इसकी खुबियों के बारे में बताया। बताते चलें कि सूबे के किसी भी निजी संस्थान में मौसम का पूवार्नुमान बताने वाला यह पहला ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन है। यह जानकारी संस्थान के प्रेस सचिव धर्मेंद्र तिवारी ने दी। संस्था की अध्यक्ष जानकी देवी ने कहा कि ना केवल कैंब्रिज विलेज बल्कि संस्थान की यह महत्वाकांक्षी परियोजना का दूरगामी सुखद परिणाम होगा। जिससे बहुत बड़े स्थानीय भौगोलिक क्षेत्र में रहने वाले लोगों को लाभ होगा।

## मुखिया संघ की बैठक में पंचायत क्षेत्र के गांवों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर चर्चा



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड क्षेत्र के सापुकेरा पंचायत सचिवालय में गुरुवार को मुखिया संघ की बैठक लतरातु पंचायत के मुखिया अलका तिर्की की अध्यक्षता में की गयी। इस दौरान बैठक में निर्णय लिया गया कि अपने पंचायत को स्वच्छ बनाना है। साथ ही पंचायत में पर्याप्त जल की व्यवस्था हो जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना ना करना पड़े। पंचायत क्षेत्र के गांव में मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना है। मौके पर बिरसमनी देवी, सुमिला मिंज, सविता उरांव, दुर्गा उरांव, मालती रानी केरकेट्टा, सरोज मुंडा, धुचला मुंडा, समेत कई लोग मौजूद थे।

## कांके क्षेत्र में बिजली व्यवस्था दुरुस्त करे विभाग : तनवीर आलम



**कांके (आजाद सिपाही)।** कांके क्षेत्र के शहरी क्षेत्र और 32 पंचायतों में बिजली व्यवस्था को सुचारू कर दुरुस्त करे बिजली विभाग अन्यथा ग्रामीणों और छात्र-छात्राओं के साथ कांके विद्युत सब स्टेशन का घेराव किया जाएगा। उक्त बातें क्षेत्र के युवा समाजसेवी तनवीर आलम ने कही। उन्होंने कहा कि पिछले दो माह से क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौनी जारी है। 24 घंटे में मात्र 6 से 7 घंटे ही बिजली आम जनता को दी जा रही है। बाकी समय कटौती की जा रही है। सरकार भी राज्य की जनता को बताये कि आखिर बिजली की कटौती क्यों की जा रही है। क्षेत्र के बहुत से युवा और छात्र-छात्राएं कई परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। बिजली नहीं रहने से इनके पठन-पाठन पर बुरा असर पड़ रहा है। वहीं क्षेत्र में स्थित कई अस्पतालों में शल्य चिकित्सा का कार्य नहीं हो पा रहा है। किसानों की सिंचाई सुविधा पर भी बुरा असर पड़ा है। बिजली नहीं रहने के कारण क्षेत्र के दुकानें भी शाम ढलते ही बंद हो जा रही हैं। इसलिए आम जनता के हित में विद्युत व्यवस्था को सुचारू बनाया जाए।

## रिनपास की महिला कर्मी के साथ छेड़खानी मामले में दो सुरक्षाकर्मियों की अग्रिम जमानत रद्द

**कांके (आजाद सिपाही)।** रिनपास मानसिक अस्पताल कांके में कार्यरत सिक्योरिटी सुपरवाइजर सगीर अहमद व सुरक्षाकर्मी प्रदीप राम की अग्रिम जमानत सीजीएम न्यायालय में रद्द कर दी गई है। बताते चलें कि संस्थान में कार्यरत महिला कर्मचारी मुस्कान कुमारी ने वर्ष 2020 में कंप्लेंट केस दर्ज किया था। इसी के आलोक में कांके थाना में कांड संख्या 231/2022 मामला दर्ज हुआ था। इन दोनों के विरुद्ध सीजीएम कोर्ट में मामला चल रहा था। दोनों ने अपने अग्रिम जमानत के लिए सीजीएम के अदालत में अर्जी लगाई थी। जिसमें माननीय न्यायालय ने जमानत के मानदंड को पूरा नहीं करने की बात कहते हुए इनकी अग्रिम जमानत रद्द कर दी।

# भाकपा माओवादी का टॉप कमांडर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर/छतरपुर।** थाना क्षेत्र के लावा दाग निवासी छतरपुर पुलिस के लिए सरदर्द बने नारायण यादव पिता बंधु यादव को छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक रंजन कुमार व विजय कुमार रवानी ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तारी करने में सफलता हासिल की है। नारायण यादव की पत्नी व साला भी नक्सली मामले में जेल जा चुके हैं। इस संबंध में छतरपुर डीएसपी अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि छतरपुर के नक्सल के कई मामलों में अभियुक्त नारायण यादव पूर्व में भी जेल जा चुका है। जेल से छूटने के बाद से नारायण के द्वारा नक्सल खौफ को बरकरार रखने के लिए ठेकेदार शिक्षक व्यवसाय से मोबाइल के माध्यम से नक्सली के नाम पर लेवी वसूलने का कार्य किया करता था। उन्होंने बताया कि पूर्व में जब नारायण नक्सली समूह में मौजूद था। उस दौरान लोगों को फोन के माध्यम से धमकी देकर अपनी पत्नी बसंती यादव व साला कमलेश यादव के खाते में भी पैसे डलवाया करता था। जिसमें छतरपुर पुलिस के द्वारा उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।उन्होंने बताया कि 30 नवंबर को संध्या में छतरपुर पुलिस को सूचना मिली कि नारायण यादव काला पहाड़ के गुरुआ जंगल में बैठकर लोगों को धमकी दे रहा है। पुलिस ने सशस्त्र बलों के साथ उसे धमकी देने वाले मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया उसके विरूद्ध छतरपुर थाना में कांड संख्या 114,120,समेत एसी और सीट भी दर्ज है नारायण की गिरफ्तारी के बाद छतरपुर पुलिस ने राहत की सांस ली।

# रिश्वत खोर राजस्व कर्मचारी को पांच वर्ष की सजा, 50-50 हजार का जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के स्पेशल जज-एंटी करप्शन अमरेश कुमार की अदालत ने रिश्वतखोरी के एक मामले में दोषी पाते हुए पिपरा अंचल के राजस्व कर्मचारी अवधेश प्रसाद सोनी उर्फ अवधेश सोनी को पांच वर्ष की सजा सुनाई है. इसके अलावा 50-50 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है. जुमार्ना की राशि नहीं जमा करने पर 6 माह अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी. इस मामले में सूचक केश्वर साहू द्वारा एसपी भीजिलेंश रांची को लिखित शिकायत दर्ज करवाई गई थी. दर्ज शिकायत में आरोप था कि राजस्व कर्मचारी के द्वारा उसकी जमीन के नामांतरण करने के लिए छह हजार रुपये की राशि की मांग की जा रही है. उनका कहना था कि वह गरीब व्यक्ति है तथा रिश्वत का पैसा देने में असमर्थ है. शिकायत के आधार पर 27 अक्टूबर 2015 को आरोपी के विरुद्ध विजलेंश के द्वारा कार्रवाई करते हुए रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारि को गिरफ्तार किया गया था. मामले में न्यायालय के द्वारा दर्ज प्राथमिकी गवाहों की गवाही सबूत के आधार पर अवधेश प्रसाद सोनी को पांच बर्ष कारावास की सजा सुनाई है. वही 50-50 हजार रुपये का अर्थदंड विभिन्न धाराओं में लगाया गया है.

# 291 बूथ पर 2 लाख 41 हजार 316 लोगों दवा खिलाने का है लक्ष्य

▶▶ हुसैनाबाद में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की हुई शुरूआत, एसडीओ ने दवा खाकर दिया संदेश



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद क्षेत्र को विधिवत रूप से फाइलेरिया मुक्त बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से इसकी शुरूआत की गई।इसका उद्घाटन हुसैनाबाद एसडीओ कमलेश्वर नारायण, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, नगर उपाध्यक्ष ज्ञासुदीन अंसारी, चिकित्सा प्रभारी, डॉ० दीपक कुमार, डॉ0 पीएन सिंह,एनसीपी नेता मंदीप राम, रतन लाल आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन के बाद फाइलेरिया की पहली दवा एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने खाया और लोगों से अपील की है कि ये दवा क्षेत्र को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए अति आवश्यक है। साथ ही उन्होंने लोगों से इस अभियान में जुड़ने की अपील की है।मौके पर प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि हम सभी पंचायत प्रतिनिधियों की सहभागिता और आम लोगो की जागरूकता से फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य पूरा किया जायेगा। का मौके पर प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ०दीपक कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत 2 लाख 41 हजार 316 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसकी आज गुरुवार से शुरूआत की गई है। आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, उप-स्वास्थ्य केंद्र सहित हुसैनाबाद में कुल 291 बूथ बनाये गये हैं। जिसमें करीब 700 स्वास्थ्यकर्मियों को लगाया गया है। इसके अलावे एक कंट्रोल रूम का भी गठन किया गया।मौके पर बीपीएम विभूति कुमार, एकाउंटेंट राजीव कुमार समेत स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मी मौजूद थे।

# यात्री गाड़ी से टकराए मोटरसाइकिल के चालक को भेजा गया जेल

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला आरपीएफ पुलिस ने यात्री गाड़ी से मोटरसाइकिल टकराने वाले चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। विदित हो कि 11 नवंबर को डाउन उक्त मोटरसाइकिल चालक ने मोहम्मदगंज और सतबहिनी रेलवे स्टेशन के बीच ऐसी जगह से मोटरसाइकिल पार कर रहा था जहा कोई रास्ता नही था।इस क्रम में मालगाड़ी की चपेट में आकर मोटरसाइकिल दुर्घटना ग्रस्त हो गया था। मोटरसाईकिल चालक मौके पर से फरार हो गया था। उक्त घटना में किसी जानमाल की क्षति नहीं हुई थी परंतु डाउन रेल लाइन काफी समय तक बाधित रहा था। फरार चालक के विरुद्ध रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट जपला में मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त मामले में जांच के बाद मोटरसाइकिल संख्या खल 14इ 5344 के चालक गढ़वा जिला के कांडी थाना अंतर्गत लमारी खुर्द के निवासी रामप्रीत बैठा पिता स्वर्गीय देवा बैठा को रेलवे सुरक्षा बल थाना जपला के निरीक्षक प्रभारी राकेश रंजन के निदेर्शानुसार तथा कांडी स्थानीय थाना के सहयोग से रेलवे सुरक्षा बल थाना जपला के उप निरीक्षक निशांत कुमार साथ आरक्षी विजय कुमार सिंह और आरक्षी राकेश कुमार के द्वारा उनके निवास स्थान से पकड़ा गया और दर्ज कांड से संबद्ध कर अग्रिम कार्यवाही हेतु डाल्टनगंज भेजा गया।ज्ञात हो कि रेल लाइन को पार करने के लिए हमेशा रेल फाटक या वैध रास्तों का ही प्रयोग करना चाहिए। अवैध रूप से जहां पर कोई भी मार्ग या रास्ता नहीं बना हो रेल लाइन को पार करना, रेल अधिनियम के प्रावधानों के तहत अपराध की श्रेणी में आता है।

# एके सिंह कॉलेज में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** स्थानीय एके सिंह कॉलेज जपला में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर पेंटिंग, स्लोगन एवं एड्स पर आधारित जागरूकता नाटक, एड्स से सुरक्षा का प्रस्तुतीकरण किया गया। नाटक का उद्देश्य था आम लोगों के बीच भ्रम और गलत धारणा को दूर करना, साथ ही इसके कारण लक्षण एवं निवारण पर प्रकाश डालना।मौके पर प्राचार्य प्रोफेसर सूर्यमणि सिंह ने सभी स्वयंसेवकों को बताया कि कोई भी कार्यक्रम स्वयंसेवकों, छात्र-छात्राओं के प्रतिभा को निखारने का उचित माध्यम है। एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह ने विश्व एड्स दिवस के अवसर पर स्वयंसेवकों को अपने पड़ोसी एवं गोद लिए हुए गांव में घर घर जाकर जागरूक करने पर जोर दिया।। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉक्टर आलोक रंजन कुमार ने एड्स पर व्याख्यान देते हुए एड्स के कारण, लक्षण, सावधानी, रोकथाम तथा निवारण पर प्रकाश डाला ।इस अवसर पर प्रोफेसर डॉक्टर अजय कुमार सिंह, प्रोफेसर शशि भूषण सिंह, प्रोफेसर डॉ उपेंद्र कुमार सिंह, प्रोफेसर डॉक्टर आनंद कुमार सिंह, प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह सहित कई शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी शामिल हुए। स्वयंसेवकों में हिमांशु कुमार, शीतल कुमारी, सुप्रिया कुमारी, आरूषी कुमारी, दिव्या कुमारी, नैंसी कुमारी, रूबी कुमारी, आकांक्षा कुमारी, छवि कुमारी, खुशबून खातून, गुलशन बानो सहित कई अन्य स्वयंसेवकों ने भाग लिया और अपनी प्रस्तुति दी।

# माता-पिता से मिले संस्कार को जीवन में उतारें : हेमलता शास्त्री



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** संसार में मनुष्य को छोड़ कर जितने भी जीव हैं वो अपनी जिंदगी आनंद से गुजार रहे हैं,लेकिन मनुष्य अपनी जिंदगी से बेहद दुःखी है।जब देखो अपने दुखों की दुहाई देता दिखता है ऐसा न हो कि ईश्वर अपने सर्वश्रेष्ठ रचना मनुष्य को दुखी देख मनुष्य का निर्माण करना ही छोड़ दे ये सारी बातें रेड़मा ठाकुरबाडी.में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा यज्ञ के प्रथम दिन अपने प्रवचन में मातृ शक्ति सेवा संस्थान मथुरा के विदुषी हेमलता शास्त्री ने कही।वहीं विदुषी शास्त्री ने कहा कि ईश्वर ने अपने सर्वश्रेष्ठ रचना के रूप में मनुष्य का निर्माण किया था।लेकिन मनुष्य सिर्फ अपनी कर्मों की वजह से जानवर से भी बदतर हो गया।कर्म अच्छे करने होंगे,हरहाल में खुश रहना होगा,तभी हम इंसान कहलाएंगे।हमें अपने जीवन में अपने माता-पिता से मिले संस्कार को अपने जीवन में ढ़ालना होगा।संस्कार कहीं मिलता नहीं है खरीदा नहीं जाता, संस्कार तो अपनों से ही मिलता है। भागवत व कृष्ण में आपकी श्रद्धा कितनी है सुनने तो आते हैं पर सुन नहीं पाते इसी कारण आप भटक रहे हैं। भक्त की लाईन लगी है, पर भक्त नहीं है। क्योंकि ज्ञान नहीं है गीत तो हम सभी जगह गाते हैं, पर गीत में इतने डूब कर गाओ कि भगवान मिल जाएंगे।ज्ञान और वैराग्य मिल जाएंगे। कथा का बोध कराते हुए कहा कि जिसको सुनने से खुशी मिले उससे कथा कहते हैं।वहीं विदुषी हेमलता शास्त्री को कमेटी के द्वारा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।इसके पूर्व पलामू आयुक्त जटाशंकर चौधरी ने सपत्नीक दीप प्रज्ज्वलित कर भागवत कथा का उदघाटन किया। आयोजन में समिति के अध्यक्ष दिलीप तिवारी, प्रवीण तिवारी, अभिषेक तिवारी, कमल किशोर तिवारी, मनीष पांडेय,अपपू तिवारी, अजीत तिवारी,मुकेश त्रिपाठी राकेश तिवारी सहित कई सदस्य सक्रिय थे वहीं यशवंत तिवारी अधिवक्ता ने पूरे आयोजन का संचालन किया।

# विश्व एड्स दिवस पर कठौतिया में मासूम ने किया नुक्कड़ नाटक



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर हिंडालको के कठौतिया कोल माइंस में कई जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माइंस के एचआर हेड अरूप बनर्जी ने की। उन्हींने कहा की जागरूकता और सतर्कता से बड़ा कोई अन्य हथियार नहीं है जिससे एड्स का मुकाबला किया जा सके। उन्होंने कहा की हिंडाल्को सिर्फ काम से मतलब नहीं रखती कंपनी इसका भी ख्याल रखती है की उनके साथ जुड़े सभी अधिकारी और कर्मचारी सुरक्षित रहे, इसी उद्देश्य को लेकर एड्स दिवस के मौके पर कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया जाता है। इस अवसर पर कंपनी के चिकत्सक डां टी गफ्फार ने कहा कि एड्स से जुड़ी कोई भी समस्या के समाधान के लिए सराकर द्वारा मुफ्त चिकित्सकीय सलाह दिया जाता है, लोगो को इसका लाभ लेना चाहिए। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर कठौतिया कोल माइंस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक ₹गलतफहमी₹ प्रस्तुत कर जागरूकता के संदेश दिए। नुक्कड़ नाटक में कामरूप प्रसाद सिन्हा ने हरियाऔर अमर कुमार भांजा ने माधव की भूमिका में शानदार अभिनय कर लोगो को बांधे रखा। दीदी की भूमिका में कनकलाता तिर्की और भाई को भूमिका में उज्ज्वल सिन्हा ने अभिनय किया. सिकंदर कुमार ने दो स्वरचित एड्स जागरूकता गीत प्रस्तुत किया जिसे लोगों ने खूब सराहा। इस अवसर पर प्रबंधक अश्विनी कुमार, एचआर हेड अरूप बनर्जी, डाक्टर टी गफ्फार, राकेश सिंह,शैलेन्द्र सिंह, सुनील सिन्हा, रविन्द्र सिंह, जयंत शुक्ला, गौतम सिन्हा, अमरेन्द्र सिंह, रासबिहारी प्रसाद, योगेश द्विवेदी,कंदर्प मिश्रा, नितेश कुमार, अशोक दुबे, नितेश पौराणिक, अनीता भगत, सुहानी सहित कई लोग मौजूद थे। संचालन अजीत मिश्रा व धन्यवाद ज्ञापन केसी मोदक ने किया।

# मूलभूत सुविधाओं से युक्त होगा मेदिनीनगर नगर निगम : मनोज



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** मेदिनीनगर नगर निगम का इलाके में आज भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। निगम की विफलता का इससे बड़ा उदाहरण और क्या हो सकता है ।यह बातें भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने कही। घर घर यात्रा के निर्धारित कार्यक्रम के 24 वें दिन आपका बेटा आपके द्वार के तहत गुरूवार को श्री सिंह ने वार्ड संख्या 9 का भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि वह झूठा सपना निगमवासियों को नहीं दिखाएँगे,सबसे पहले हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुँचना चाहिए क्यूँकि अधिकतर बीमारी अशुद्ध पानी की वजह से होती है। मेदिनीनगर को इस बार झूठे सपनों दिखाने वाला नही बल्कि संकल्प के तहत काम करने वाले मेयर चाहिए। जो सक्रियता के साथ काम करते हुये हर सुख दुख में जनता के साथ खडा रहे ।उन्होने कहा कि घर घर यात्रा के तहत वह लोगों की समस्या को जान रहे है ,जनता परेशान है उसकी कोई सुनने वाला नही है ।पिछले पांच वर्षों में जनता को झुठे वादे के अलावा कुछ भी नही मिला ।यदि ईमानदारी के साथ काम होता तो पांच वर्षो का कार्यकाल इलाके की सूरत बदलने के लिए पर्याप्त था ।उन्होंने कहा जन बेहतरी के लिए कार्य करने के संकल्प के साथ वह चुनावी मैदान में उतर रहे है। घर घर यात्रा मे लड्डू चंद्रवंशी,पप्पू चंद्रवंशी,मुकेश सिंह,हिरदानन्द मेहता,मोहन चंद्रवंशी,रितेश चंद्रवंशी,राहुल चंद्रवंशी,रोहित चंद्रवंशी,लव चंद्रवंशी सहित कई लोग शामिल थे।

### एनसीपी अनुमंडल कमेटी की बैठक

# बूथ स्तर तक संगठन की मजबूती पर जोर



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर एनसीपी के हुसैनाबाद कार्यालय परिसर ने अनुमंडल स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। अध्यक्षता पार्टी के अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान ने की। बैठक में सर्वप्रथम सदस्यता अभियान की समीक्षा की गयी। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विनय पासवान ने कहा कि गांव गांव घर घर जाकर कार्यकर्ता विधायक कमलेश कुमार सिंह के द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों से लोगों को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ स्तर पर कम से कम एक एक सौ सदस्य बनाएं। उन्होंने कहा कि इस बीच जनता की समस्याओं को भी जाने और उसे पंजी में अंकित कर पार्टी कार्यालय को उपलब्ध कराएं। इस बैठक में जिला प्रवक्ता सह हुसैनाबाद बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, रामचंद्र चौधरी, अभिषेक सिंह हरी, हुसैनाबाद अनुमंडल मीडिया प्रभारी प्रिंस शर्मा, मनदीप राम, संजय सिंह, ज्यौदिन खान, विमलेश सिंह, ओमप्रकाश राजवंशी, हंसराज सिंह, मुखिया सज्जू खान, अजीत सिंह, रतन लाल, अंजली शर्मा, बबिता सिंह, रीता देवी, बैरिस्टर सिंह, गोरख पासवान, विजय राजवंशी, राजकुमार ठाकुर, मुखिया नरेंद्र ठाकुर, श्यामबिहारी मेहता, कृष्ण सिंह, रजनीश सिंह, बलराम मेहता, लल्लू यादव,राजकुमार प्रजापति, प्रमोद प्रजापति, हसन खलीफा मौजूद रहें।

## स्पोर्ट्स




बांग्लादेश के 2023 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने पर बोले तमीम इकबाल- यह अंतिम लक्ष्य नहीं

# भारत के खिलाफ पहले एकदिनी से बाहर हुए तस्किन अहमद




**ढ़ाका।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तस्किन अहमद कमर दर्द के कारण भारत के खिलाफ आगामी तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के पहले मैच से बाहर हो गए हैं। तस्किन की जगह शोरफुल इस्लाम को एकदिवसीय टीम में बैक-अप के रूप में बुलाया गया है। बीसीबी के मुख्य चयनकर्ता मिनहाजुल अबेदीन ने गुरुवार को क्रिकबज को बताया, ₹तास्किन को तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के शुरूआती मैच से बाहर कर दिया गया है क्योंकि उनकी पीठ में दर्द हो रहा है। हम उनकी भागीदारी के संबंध में आगे निर्णय लेने से पहले उनकी प्रगति देखेंगे। इस बीच, 30 नवंबर को शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में वार्म-अप मैच में तमीम इकबाल के कमर में चोट लगने से बांग्लादेश की चिंता बढ़ गई है। मिनहाजुल ने कहा, ₹हम तमीम की स्कैन रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। उन्हें कमर में चोट लगी थी और चिकित्सक ने उनकी उपलब्धता के बारे में निर्णय लेने के लिए स्कैन कराने को कहा था।

# स्टेडियम लौटने पर मुंबई सिटी एफसी के प्रशंसक बोले- हम टीम को घरेलू मैदान पर खेलते देखना चाहते थे

**मुंबई।** मुम्बई सिटी एफसी के प्रशंसक पिछले दो वर्षों में स्टेडियम में मौजूद रहकर अपनी टीम का उत्साह बढ़ाने के सुख से वंचित रह गए थे, जिसमें एक तरफ अभूतपूर्व खुशी और दूसरी तरफ दिल टूटते हुए देखा गया। सीजन 2020-21 में मुम्बई सिटी एफसी हीरो आईएसएल के इतिहास में लीग शील्ड और खिताब जीतकर दोनों ट्रॉफियां उठाने वाला पहला क्लब बन गया। हालांकि, अगले सीजन में आइलैंडर्स लीग दौर के अंत में शीर्ष 4 में प्रवेश करने में विफल रहे। लेकिन, मुम्बई सिटी एफसी के प्रशंसकों के लिए, दो साल के अंतराल के बाद स्टैंड पर वापसी करना वेस्ट कोस्ट ब्रिगेड जैसे प्रशंसकों के लिए एक भावनात्मक अनुभव रहा है। वे इस पल को संजोने के लिए लंबे समय से तैयारियों में लगे हुए थे, जिसके लिए भारतीय फुटबॉल प्रशंसक इंतजार करता है। आनंद ने कहा, ह्लहम बेहद भावुक थे क्योंकि यह हमारे लिए बहुत मायने रखता था।ह्व उन्होंने कहा, ह्लहमने सुनिश्चित किया कि कुछ भी आधा-अधूरा न छूटने पाए क्योंकि हमने कभी भी खुद को पीछे नहीं रखा। हमने सिर्फ यह सुनिश्चित किया कि खिलाड़ियों और कोचों को पता रहे कि प्रशंसक यहां मौजूद हैं। जितना वे प्रशंसकों के सामने खेलना चाहते थे, हम भी उन्हें अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए देखना चाहते थे। वापसी को मुम्बई सिटी एफसी गेम के सभी ट्रेडमार्क के साथ चिह्नित किया गया था झ्र नारे-गीत, टीम बस का स्वागत और आतिशबाजी शो। इस बार, उन्होंने मुम्बई फुटबॉल एरेना के एक छोर से दूसरे छोर तक एक मार्च भी किया - आपस में थोड़ा उत्सव, अब वे परिसर में वापस आने में सक्षम थे। आनंद ने कहा, ह्लमुम्बई फुटबॉल एरेना एक छोटा स्टेडियम है और इसकी पिच भी करीब है। आप बेहद नजदीक से खेल को आसानी से समझ सकते हैं। हमारे लिए नारे-गीत के साथ माहौल बनाना आसान है। शुरूआत से लेकर डबल ट्रॉफी जीतने तक का सफर शानदार रहा है। इसे शब्दों में व्यक्त करना बहुत मुश्किल है। उन्होंने कहा, आईएसएल और मुम्बई सिटी द्वारा वर्षों से तैयार किया गया प्रशंसक से जुड़ाव बहुत गहरा है। एक फुटबॉल प्रशंसक के रूप में मेरा अनुभव पिछले कुछ वर्षों में बढ़ा है। हर मैच के बाद मेरा लगाव बढ़ता गया, फिर चाहे नतीजे कुछ भी रहे हो। वर्षों से, मेरी उस दीवानगी बढ़ाने के मामले में आईएसएल ने मदद की है। मुम्बई सिटी एफसी ने प्रशंसकों को क्लब से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई है।

## छापामारी कर पुलिस ने बंद करायी मुर्गो पर लगने वाली सट्टेबाजी

कतरास (आजाद सिपाही)। महुदा थाना क्षेत्र के बारकी बस्ती स्थित ग्राउंड (ताड़) में आयोजित मुर्गा लड़ाई को स्थानीय पुलिस ने पहुंचकर लोगों को खदेड़कर बंद करा दिया। इस दौरान पुलिस ने बांस के बने कई बाड़ों को तोड़ कर सभी दुकानदारों एवं ग्रामीणों को भगाया। साथ ही जुआ एवं माड़ी, शराब बेचने वाले अवैध धंधेबाजो को भी खदेड़ दिया। बताया जा रहा कि बाघमारा पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में मुर्गा लड़ाई को अपना पारंपरिक उत्सव का हवाला देते हुए उसी क्षेत्र के कुछ दबंग किस्म के लोग दो मुर्गों के जान की बाजी पर हजारों-लाखों की सट्टेबाजी करते रहे है। इस दौरान वहां रंग-बिरंगे मदिरा समेत न जाने और कितने तरह के जुओं की दुकानें सजायी जाती है जिसमें आमलोग फंस कर अपना सब कुछ लुटाते रहे है। ऐसे में महुदा पुलिस प्रशासन की उक्त कार्रवाई पर लोग प्रशंसा कर रहे है।

## गांव गांव जाकर रुपायणी संस्था ने दी एड्स से बचाव संबंधित जानकारी

तेनुघाट (आजाद सिपाही)। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर रूपायनी की ओर से चापी स्थित बड़काटांड समुदायिक बैठक आयोजित कर लोगों को एड्स से बचाव संबंधित जानकारी दी गई। एड्स क्यो, और कैसे फैलता है और इससे बचाव संबधित जानकारी देते हुए लोगों से जागरूकता और सुरक्षा पर ध्यान देने की अपील की गयी। संस्था के सचिव डॉ सीए कुमार ने कहा कि एकवार्ड इम्यूनो डेफिस्येसी सिंड्रोम एक खतरनाक वायरस जनित रोग है जो एचआईवी यानी ह्यूमेन इम्युनो वायरस के संक्रमण में आने पर होता है। असुरक्षित यौन संपर्क, व्यवहार की गई असुरक्षित सुई एवं सिरीज, बिना एचआईवी जांच खुन का उपयोग करने पर एड्स फैलता है। बार-बार बुखार आना, सिर दर्द, त्वचा के रंग में बदलाव आना एड्स के लक्षण है। ऐसे में पीड़ित जन को परीक्षित और योग चिकित्सक की सलाह लेना चाहिए। जिले में 600 एचआईवी के मरीज है। इसमें से अधिकतर काम के लिए बाहर जाने वाले लोग हैं। 2021-22 में 9408 लोगों का लक्ष्य का रिपोर्ट लिया गया जिसमें 67 मरीज पॉजिटिव पाए गए। इसलिए सुरक्षित यौन व्यवहार संयम और पूरी जानकारी से एचआइवी से बचा जा सकता है। इस अवसर पर पी मरांडी, शशि कुमार, महावीर आदि मौजूद थे।

**प्रदर्शन : प्रधानखंटा स्टेशन पर हंगामा, ट्रेन चलाने के आश्वासन के बाद माने ग्रामीण**

# आसनसोल-बरेली पैसेंजर ट्रेन रद्द किये जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने रोकी ट्रेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बलियापुर।** आसनसोल-बरेली पैसेंजर ट्रेन के रद्द किए जाने से आक्रोशित प्रधानखंता और आसपास के सैंकड़ों गांव वालों ने गुरुवार को हावड़ा-नई दिल्ली रेल मार्ग को घंटे भर जाम रखा। गोमो से आसनसोल जा रही मेमू के आगे लगभग 300 लोग खड़े हो गए और ट्रेन रोक दिया। इस वजह से बरकाकाना-आसनसोल पैसेंजर, धनबाद-पटना इंटरसिटी और हावड़ा से रांची जानेवाली शताब्दी एक्सप्रेस के पहिए भी थमे रहे। ग्रामीण करीब दो घंटे तक ट्रेन रोक कर जमकर प्रदर्शन किये। बतातें चलें कि धनबाद से गया रेल मार्ग के कोडरमा स्टेशन पर चल रहे नान इंटरलाकिंग के कारण



ट्रेन रोककर प्रदर्शन करते सैकड़ों ग्रामीण।

पिछले कई दिनों से आसनसोल-वाराणसी मेमू एक्सप्रेस रद्द है। गुरुवार को भी ट्रेन रद्द रही। इससे छोटे स्टेशन के यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। प्रधानखंता और आसपास के सैंकड़ों गांव के लोगों को दूसरा विकल्प ढूंढ़ना पड़ रहा है। गांव के लोग रद्द ट्रेन के बदले दूसरी ट्रेन का ठहराव मांग रहे हैं। साथ ही दुमका-रांची इंटरसिटी का भी प्रधानखंता में ठहराव शुरू कराने की मांग डटे हैं। उनका कहना है कि दुमका-रांची इंटरसिटी का ठहराव कालूबथान में दिया गया है। उसी तरह प्रधानखंता में भी दिया जाए। अपनी मांगों को लेकर रेलवे पर दबाव बनाने के लिए ही गुरुवार को सैकड़ों लोग पटरी पर उतरे और रेल परिचालन रोक दिया। घटना की जानकारी मिलते ही आरपीएफ समेत रेल अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और नाराज गांव वालों को मनाने का प्रयास किया, लेकिन स्थानीय अधिकारियों के काफी मनाने के बाद भी गांव वाले नहीं माने और वरीय अधिकारियों के बुलाने का दबाव बनाया। बाद में वरीय अधिकारी से संपर्क कर मोबाइल फोन से गांव वालों की बात कराई गई। उन्हें भरोसा दिया गया कि उनकी मांगों पर सकारात्मक रूप से विचार किया जाएगा। यही नहीं, शुक्रवार से आसनसोल-बरेली पैसेंजर को चलाए जाने के आश्वासन के बाद रेल अवरोध समाप्त हुआ और ट्रेनों का परिचालन सामान्य हुआ। इधर प्रधानखंता के मुखिया प्रतिनिधि कन्हाई बनर्जी ने बताया कि आसनसोल-बरेली पैसेंजर के रद्द किए जाने से मजदूर समेत अन्य लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इससे तंग आकर लोगों ने आज यह कदम उठाया है।

## मजदूरों की समस्याओं को विधानसभा सत्र में उठाऊंगी : अपर्णा

**केएमसीएल बस्ती व रोजगार बचाओ बैनर के तले मजदूरों ने किया आमसभा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** कुमारधुबी मेटल कास्टिंग एंड इंजीनियरिंग वर्क्स बस्ती एवं रोजगार बचाओ के बैनर तले काली धौड़ा, बागान धौड़ा, नीचू धौड़ा और उड़िया धौड़ा में कंपनी के आवासों में रहने वाले मजदूरों ने गुरुवार को आम सभा की। जिसका संचालन चिरकुंडा नगर परिषद के उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह ने किया। सभा में उपस्थित निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने नीलाम हुए कुमारधुबी मेटल कास्टिंग एंड इंजीनियरिंग



मजदूरों की ओर से आयोजित सभा में शामिल हुई विधायक अपर्णा सेनगुप्ता।

वर्क्स कारखाने से चोरी-छिपे लोहा निकालने को लेकर चेतावनी दी। कहा कि अगर मजदूरों का हक दिए बिना इस तरह का कार्य दोबारा हुआ तो मजदूरों के साथ जोरदार आंदोलन किया जाएगा। मजदूरों के आवासों और बस्ती को किसी भी कीमत पर उजड़ने नहीं दिया जाएगा। विधायक ने उक्त मुद्दों को विधानसभा सत्र में भी उठाने की बात कही। वहीं, चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष डब्ल्यू बावरी और जयप्रकाश सिंह ने बताया कि जल्द बोर्ड की बैठक बुलाकर जो प्रक्रिया है इसको पास कराया जायेगा। मजदूर हित व बस्ती बचाव के लिए हम लोग आंदोलन करेंगें। इस मौके डीएन पाठक, रंजीत मोदी, बूलन बावरी, अभिमन्यु कुमार, धीरज कुमार, जगन्नाथ सिंह, मिथिलेश साव, रमेश पटेल, रिंटू पाठक, उपप्रमुख विनोद दास आदि उपस्थित थे।

## एमवीआइ ने बालू लदा पांच हाइवा वाहन जब्त कर पुलिस को सौंपा

कतरास (आजाद सिपाही)। एमवीआई द्वारा जोगता थाना क्षेत्र में छापामारी कर बालू लदा पांच हाइवा जब्त किया। जांच के दौरान इन वाहनों में आवश्यक कागजातों का अभाव था। कागजात मांगने पर भी वाहन चालक नहीं दिखआ पाया। जिसके बाद जब्त वाहनों को आवश्यक कार्यवाई के लिए जोगता पुलिस को सौंप दिया गया। बताते है कि कतरास, बाघमारा , बरोरा, महूदा, भेलाटांड़, मालकेरा, सिजुआ व आसपास के क्षेत्रो मे प्रतिदिन दर्जनों हाईवा , ट्रैक्टर व ट्रक से बालू ढोने का काम किया जाता है।

## बोकारो जनरल अस्पताल में शुरू किया गया मनोचिकित्सीय स्वास्थ्य पहल

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो जनरल अस्पताल के मनोचिकित्सा वार्ड में भर्ती मरीजों का इलाज दवा और मनोवैज्ञानिक चिकित्सा के साथ-साथ अब योग और प्राणायाम से भी होने लगा है। इतना ही नहीं, मानसिक समस्या से ग्रसित इन मरीजों के बेहतर इलाज के लिए समूह चिकित्सा ( ग्रुप थेरेपी) की शुरूआत भी की गई है। मरीजों के मनोरंजन के लिए मनोचिकित्सा वार्ड में कैरम, लूडो, शतरंज तथा बैडमिंटन खेलने की सुविधा भी प्रदान की गई है। यह सर्वविदित है कि शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग, प्राणायाम और स्वस्थ जीवन शैली की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है. वैज्ञानिक अध्ययनों ने भी यह साबित किया है कि योग और प्राणायाम के नियमित अभ्यास से हमारे न्यूरो हार्मोनल सिस्टम में स्वस्थ बदलाव आते हैं - मस्तिष्क के न्यूरोट्रांसमीटर संतुलित हो जाते हैं, न्यूरल नेटवर्क में सकारात्मक बदलाव आता है और तनाव को कम करने वाले फील गुड हार्मोन्स जैसे डोपामिन, सेरोटोनिन और ऑक्सीटॉसिन का स्राव होता है। बीजीएच के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विभूति भूषण करुणामय और अवर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी व मनोचिकित्सा प्रभारी डॉ प्रभात कुमार के मार्गदर्शन में इन सहायक चिकित्सा पद्धतियों का संचालन सहायक महाप्रबंधक सह चिकित्सा मनोवैज्ञानिक डॉ सुबोध कुमार द्वारा किया जा रहा है। डॉ सुबोध ने वर्ल्ड साइकाइट्रिक एसोसिएशन और नेशनल इंस्टीट्यूट आफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरोसाइंसेज, बंगलुरु से मानसिक स्वास्थ्य में योग विषय में प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

**समरेश सिंह के आवास पर पहुंच कर कई नेताओं व गणमान्य लोगों ने दी श्रद्धांजलि**

# छात्र आंदोलन की उपज थे समरेश, उनके कहने पर दो बार झारखंड आये थे कलाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो के पूर्व विधायक सह झारखंड सरकार के मंत्री समरेश सिंह का गुरुवार की सुबह निधन हो गया। अपने लोकप्रिय नेता को खोने का गम राज्य के हर नागरिक को है। समरेश सिंह के जीवन का सफर आज भले ही समाप्त हो गया हो, लेकिन उनकी जीवनी हमेशा लोगों की यादों में जिंदा रहेगी।

जयप्रकाश नारायण के आंदोलन के समय 1977 में पहली बार निर्दलीय विधायक चुने जाने के बाद से समरेश सिंह लगातार राजनीति में सक्रिय रहे। भाजपा जैसी बड़ी पार्टी को कोयलांचल क्षेत्र में मजबूत राजनीतिक आधार देने में भी समरेश सिंह की बड़ी भूमिका रही है। पर खुद समरेश हमेशा सभी जाति-समुदाय के नेता रहे। अपने काम एवं आंदोलन के बल पर उनकी पहचान रही है।

### झारखंड में तकनीकी शिक्षा को देना चाहते थे बढ़ावा

समरेश सिंह हमेशा से यह मानते थे कि बिना शिक्षा के प्रदेश का विकास संभव नहीं है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर रणविजय स्मारक महाविद्यालय, रणविजय स्मारक उच्च विद्यालय और विस्थापित महाविद्यालय की स्थापना की। उन्होंने बोकारो में पहले इंजीनियरिंग कॉलेज बोकारो इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की स्थापना के लिए काफी प्रयास किया, पर तब एकीकृत बिहार में उनके व नौकरशाही के बीच में उपजे विवाद के कारण उनके कॉलेज को मान्यता नहीं मिली।

### चंदनकियारी को संपन्न बनाना चाहते थे समरेश

मूल रूप से चंदनकियारी के देउलटांड़ के रहने वाले समरेश सिंह हमेशा अपने पैतृक गांव और प्रखंड को आगे बढ़ाना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने कई कोशिशें भी की, पर चंदनकियारी सीट आरक्षित होने के कारण उन्हें उस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं मिला। इसके बावजूद पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम को बोकारो बुलाकर चंदनकियारी का भ्रमण कराया। यहां के ग्रामीणों के आय में संवर्धन के लिए मेडिसिनल प्लांट से लेकर अन्य प्रकार की खेती की शुरूआत की। हालांकि भविष्य में सरकार के सहयोग एवं देखभाल नहीं होने की वजह से उसके बहुत बड़े परिणाम नहीं आए। समरेश सिंह के आग्रह पर पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने वर्ष 2001 में बतौर वैज्ञानिक झारखंड का दौरा किया था। तब समरेश सिंह झारखंड के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री थे। समरेश सिंह ने उन्हें झारखंड तकनीकी शिक्षा परिषद का मुख्य संरक्षक बनाया था। इसके बाद वर्ष 2012 में भी समरेश सिंह के बुलावे पर डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम बोकारो पहुंचे थे।

## हमने आंदोलनकारी नेता को खो दिया : बाबूलाल मरांडी

**समरेश सिंह को श्रद्धांजलि देने बोकारो पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी**

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** पूर्व विधायक समरेश सिंह के निधन की सूचना पाकर राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी गुरुवार को रांची से बोकारो पहुंचे। उन्होंने सेक्टर चार स्थित समरेश सिंह के आवास में पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। परिवार वालों से मुलाकात कर इस दुःख की घड़ी में हिम्मत के साथ काम लेने की बात कही। बाबूलाल मरांडी के साथ बोकारो विधायक बिरंची नारायण, बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो सहित कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।



### समरेश सिंह जैसा आंदोलनकारी नेता ना हुआ, ना होगा

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि समरेश सिंह के जैसा आंदोलनकारी नेता ना हुआ है और ना होगा। संघर्ष का दूसरा नाम समरेश सिंह था। उन्होंने समझौते की राजनीति कभी नहीं की और उन्होंने कभी समझौता सम्मान के साथ नहीं किया। उन्होंने जीवन के अंतिम समय में भी संघर्ष करने का काम किया।

### हिम्मत और जुनूनी थे समरेश सिंह

बाबूलाल ने कहा कि जिस प्रकार उनकी आवाज बंद हो गई और बोल नहीं पाते थे। ऐसे में समझ सकते हैं कि बोलने वाला व्यक्ति किस प्रकार संघर्ष कर रहा होगा। उन्होंने कहा कि समरेश सिंह में जो हिम्मत और जुनून था वो झारखंड में किसी भी नेता में नहीं हो सकता है। नेता भाषणों में तो बड़ी-बड़ी बात करते हैं, लेकिन हिम्मत की बात सिर्फ समरेश सिंह में ही थी।

### समरेश सिंह ने सुझाया था भाजपा को कमल का निशान

पूर्व सीएम बाबूलाल ने गिरिडीह जिला के दो कार्यक्रमों का भी जिक्र किया। जिसमें उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में समरेश सिंह ने दहाड़ लगाकर लोगों को संबोधित करने का काम किया था और दूसरा चुनाव के वक्त जब भाजपा का झंडा लोगों ने उखाड़ा, तो समरेश सिंह टूटी-फूटी रास्तों से पहुंचकर उन झंडे को अपने कब्जे में किया।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## हेमंत सोरेन सरकार बच्चों के लिए चला रही कई कल्याणकारी योजना: रमेश टुडू



कतरास (आजाद सिपाही)। अंगारपथरा लोडिंग धौडा में झामुमो की बैठक को संबोधित करते हुए बाघमारा प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष रतिलाल टुडू ने कहा हेमंत सरकार के लाभकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए बच्चों को सरकारी स्कूल में भेजने की अपील की। कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन देने के 24 घंटे के अंदर लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री बनते ही कोरोना में लाखों लोगों का जीवन बचाया। सरकार का एक बच्चे के पीछे साढ़े 22 हजार रुपये सलाना खर्च हो रहा है । इस लिए बच्चों को विद्यालय में पढ़ने के लिए जरूर भेजे। ग्रामीणों से अपील की कि बच्चों को शिक्षा के लिए स्कूल भेजे तभी अपना अधिकार प्राप्त कर सकते है। लड़किया स्कूल जाएंगी तो साइकिल भी मिलेगा। सरकार पेंशन, छात्रवृत्ति सहित अन्य लाभ दे रही है। योजनाओं का लाभ जरूर लें । वक्ताओं ने शिक्षा पर बल दिया ताकि कोई ठगने का कार्य न कर सके। मौके पर मनोज भुइयां, टिंकू अंसारी, जयराम दास, घलटू त्रिगुणाइत, मनोज भुइया, सुरेंद्र चौहान, रौनक सिन्हा, सियाराम भुइया, लाला भुइया, बिभा देवी, सुंदरी देवी, रिंकी देवी, अनिता देवी, मंगरी देवी, विकास भुइयां, अनिल भुइया, बुधदेव ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## कतरास और रामकनली में फांसी लगा कर दो ने की खुदकुशी, पुलिस ने शुरू की जांच

कतरास (आजाद सिपाही)। कतरास क्षेत्र में महज 12 घंटे के अंदर दूसरी जान चली गई। पहली घटना कतरास थाना क्षेत्र अंतर्गत रानी बाजार राजेन्द्र नगर में घटी। इलेक्ट्रॉनिक्स रिपेयरिंग दुकानदार गुरदीप सिंह की 25 वर्षीय पत्नी बीरो कौर ने घर के पंखे में दुपट्टा का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। ज्सवनों ने बताया कि बुधवार की शाम पति गुरदीप अपनी बहन को दुग्धा स्थित उसके ससुराल पहुंचाने गया था। इसी बीच रात 7.30 से आठ बजे के बीच मृतक ने अपने तीन वर्षीय पुत्री को दरवाजे से बाहर खड़ा कर घटना को अंजाम दिया। उसे जोर-जोर से रोता देख पड़ोसियों ने खिड़की से झांक कर देखा तो बिरो कौर फंदे से झूल रही थी। आनन फानन में घरवालों ने उसे फंदे से उतारकर स्थानीय चिकित्सालय ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। दूसरी घटना, रामकनाली ओपी क्षेत्र के सलानपुर बस्ती खटाल स्थित साइडिंग में घटी। यहां 36 वर्षीय दैनिक मजदूर पैरू भुइयां का शव बंद घर में रेलिंग में प्लास्टिक की रस्सी से लटकता मिला। घटना के समय वह अपने घर में अकेला था। एक माह पूर्व उसकी पत्नी अपने बच्चों को लेकर मायके पश्चिम बंगाल के पांडेश्वर चली गई है। उसे दो बेटा एक बेटी है। घटना की खबर पाते ही पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पैरू भुइयां की भाभी राधिका देवी ने बताया कि प्रत्येक दिन सुबह पांच बजे वह जग जाता था लेकिन आज कमरे का दरवाजा नहीं खोला। आस पड़ोस के लोगों के साथ दरवाजा पिट कर खुलवाने का प्रयास किया। जब नहीं खोला तो आस-पड़ोस के बच्चों ने खिड़की का ईट तोड़ कर देखा तो सभी चिल्लाने लगा। जिसे सुनकर लोग जुट गए। देखा कि अंदर उसका शव फंदे से झूल रहा है। उक्त घटना कि सूचना पुलिस दी गई। पैरू की पत्नी रजनी अपने पति से झगड़ कर मायके चली गई है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची**

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना**

टेन्डर रेफरेंस नं0–प0नि0वि0/राँची–34/2022–23 दिनांक :– 30.11.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | बड़गाई लेम चौक से राँची रामगढ़ पथ स्थित जुमार पुल तक पथ निर्माण हेतु विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डी.पी.आर.) सुत्रण कार्य। |
| 2. | अनुमानित लम्बाई | 4.00 कि0मी0 (लगभग) |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 15 दिन |
| 4. | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | 07.12.2022 एवं 08.12.2022 को कार्यालय अवधि में। |
| 5. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 09.12.2022 को अपराह्न 3.00 बजे तक। |
| 6. | निविदा खोलने तिथि/समय | 09.12.2022 को अपराह्न 3.30 बजे तक। |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल राँची, मोहराबादी, राँची–834008. |
| 8. | निविदा प्राप्ति एवं जमा करने वाले कार्यालय का नाम | (क) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, अभियंत्रण छात्रावास सं0–2, प्रथम तल्ला, धुवा, राँची। (ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ अचंल, राँची। (ग) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,राँची । |
| 9. | कार्यालय हेल्पलाईन संख्या | 0651–2361018 |

निविदा http://prdjharkhand.in/online_tender.php एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR 283930 Road Construction Dept Road Division Ranchi(22-23)#D

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल,राँची



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय, रामगढ़**

भर्त्ती कैम्प दिनांक 03 दिसम्बर 2022

सूचना

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में जिला नियोजनालय, रामगढ़ के द्वारा जिला नियोजनालय, रामगढ़ कार्यालय परिसर में दिनांक 03 दिसम्बर 2022 को पूर्वाहन् 11:00 बजे से अपराहन् 04.00 बजे तक भर्त्ती कैम्प का आयोजन किया जाना है। जिसमें Edique Solution Pvt. Ltd., Doranda, Ranchi ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है, तथा उनसे प्राप्त रिक्तियॉं निम्नलिखित है :–

| Sl No | Date | Post | No of Vacancies | Qualification | Age | Salary | Working Location | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 03.12.2022 | ICT Instructor | 66 (Male/ Female) | BCA, MCA, BSC-IT, MSC-IT, BCM, B.Tech, M.Tech, Diploma in Computer Science, O Level, A Level, B Level or higher level course. Graduation in any discipline with minimum one year PGDCA | 20 to 40 Years | 10000/- (CTC) | Ramgarh | Note: All degrees/Diplomas/Certificates must be from the recognized university/Central or State Govt. institutions /U.G.C. Affiliated Institution/AICTE approved institution/State Board of Technical Education affiliated Institutes/NSDC Affiliated Institute/NSDC Training Partners./C-DAC/National Institute of Electronics & Information Technology centers. |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://rojgar.jharkhand.gov.in/ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्त्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों की एक छाया प्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित है, उन्हे पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा। कोविड–19 हेतु निर्गत दिशा निर्देशों/SOP का दृढता पूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक है।

PR.NO.283939 Labour Employment and Traning(22-23):D

जिला नियोजन–सह–कौशल पदाधिकारी, रामगढ़

### कांग्रेस में होड़ मची है कौन मोदी को सबसे गंदी गाली देगा

# रामायण से रावण को भी ले आये हैं: पीएम मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे की ह्यरावण' वाली टिप्पणी का उल्लेख करते हुए वीरवार को कहा कि प्रमुख विपक्षी दल के नेताओं के बीच उन्हें गाली देने की होड़ मची है। खरगे से पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मधुसूदन मिस्त्री ने मोदी के खिलाफ 'औकात' बता देने संबंधी टिप्पणी की थी। गुजरात में सोमवार को एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री सभी चुनावों में लोगों से 'उनका चेहरा देखकर वोट करने' के लिए कहते हैं। खरगे ने पूछा था, क्या आप रावण की तरह 100 सिर वाले हैं। खरगे की टिप्पणी को भाजपा ने गुजरात के लोगों का अपमान करार दिया है। पंचमहल जिले के कलोल में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं में होड़ मची है कि कौन मोदी को सबसे गंदी गाली देगा। उन्होंने कहा कि जिन्होंने भगवान राम के अस्तित्व पर कभी यकीन नहीं किया वे अब रामायण के 'रावण' को लेकर आये हैं। मुझे आश्चर्य है कि मेरे लिए ऐसे अभद्र शब्दों का इस्तेमाल करने के बावजूद उन्होंने पश्चाताप नहीं किया, माफी मांगने के बारे में तो भूल ही जाओ।



### राज्य विधानसभा की कुल 182 सीटों में से 89 सीटों पर मतदान हो रहा

पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि 'लोग जितना कीचड़ उछालेंगे, उतना ही कमल खिलेगा। जो अयोध्या में राम या भव्य राम मंदिर के अस्तित्व में विश्वास नहीं करते हैं और राम सेतु का विरोध करते हैं वह लोग मोदी को गाली देने के लिए रामायण से रावण को ले आये। गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए वीरवार सुबह 8 बजे से राज्य विधानसभा की कुल 182 सीटों में से 89 सीटों पर मतदान हो रहा है। इस चरण में सौराष्ट्र-कच्छ और दक्षिण हिस्से के 19 जिले शामिल हैं। कलोल सहित शेष 93 सीटों पर पांच दिसंबर को दूसरे चरण में मतदान होगा।

## आज से कोणार्क उत्सव के साथ अंतर्राष्ट्रीय बालुका कला शुरू

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कोणार्क महोत्सव और अंतर्राष्ट्रीय बालुका कला महोत्सव गुरुवार से शुरू हो रहा है। पर्यटन विभाग, पर्यटन विकास निगम और ओडिशा संगीत नाटक अकादमी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित चंद्रभागा स्वर्णाभ बेलाभूमी पर मुक्तकाश रंगमंच, सैंड आर्ट फेस्टिवल, शास्त्रीय नृत्य और संगीत की सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 1 दिसंबर से 5 दिसंबर तक 5 दिनों तक चलेगा महोत्सव। शाम को चंद्रभागा बेलाभूम में ओडिसी, कथक, मणिपुरी, मोहिनी अट्टम, भारतनाट्यम के साथ अन्य नृत्य प्रदर्शनों के साथ-साथ देश-विदेश के सैकड़ों बालुका शिल्पकार विभिन्न विषयों पर अपनी कलाकृति का प्रदर्शन करेंगे। इसी तरह हस्त शिल्प प्रदर्शनी, हेलीपैड पर ओपेरा, मीना बाजार, पुस्तक मेला, साहित्य सत्र, बीच वॉक, चित्रकला प्रतियोगिता इस अवसर पर आकर्षण होंगे।

# मेक-इन ओड़िशा कॉन्क्लेवः जिंदल से लेकर अदानी के बड़े एलान

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मेक-इन ओडिशा कॉन्क्लेव का तीसरा संस्करण जनता मैदान में चल रहा है। इस महाकुंभ का आयोजन मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व में किया गया है। देश के बड़े बड़े उद्योगपति जुड़ गये हैं और निवेश के द्वार खोल दिये हैं। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कार्यक्रम में जिंदल स्टील नेस पार्क का उद्घाटन किया। नवीन जिंदल ने औद्योगिक बैठक में उपस्थित थे और उन्होंने कहा कि ओडिशा में उद्योग का नेतृत्व कर रहा है। मानव संसाधन विकास, स्कूलों में डिजिटल व्यवस्था, स्वास्थ्य, आर्थिक विकास, मंदिरों का नवीकरण उन्हें आकर्षित कर रहा है। जिंदल ने कहा कि वह



ओड़िशा में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। कोविड के दौरान ऑक्सीजन की आपूर्ति में ओडिशा ने अग्रणी भूमिका निभायी। ओड़िशा भारत का आधुनिक मंदिर है। हम ओड़िशा में दुनिया का सबसे बड़ा प्लांट बना रहे हैं, यह आसान नहीं है। इसके लिए हमें सभी के आशीर्वाद की जरूरत है। दूसरा घर ओड़िशा है। पहला कर्म का मैदान। हमने 20 साल से भी कम समय पहले ओड़िशा में निवेश किया था। अदानी ग्रुप के सीइओ करण अदानी ने घोषणा की है कि अदानी ग्रुप ओडिशा में 60 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इसी तरह, वेदांत रिसोर्सेस के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा है कि किसी भी राज्य ने खेलों में ओडिशा जैसे कदम नहीं उठाये हैं। ओड़िशा उद्योग से लेकर खेल तक हर चीज से चर्चा में है। उन्होंने कहा कि हमने ओड़िशा में 80 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया है और भविष्य में और प्रकल्प में निवेश करेंगे। अग्रवाल ने कहा कि हर जगह ओडिशा मिशन शक्ति की बात हो रही है। इसके अलावा आर्सेलर मित्तल ने ओडिशा में नयी तकनीक लाने की बात कही। मित्तल ने घोषणा की कि यह देश में आर्थिक रूप से सबसे मजबूत राज्य है। इसके अलावा मित्तल ने कहा कि ओड़िशा में किसी भी उद्योग की स्थापना पर कोई रोक नहीं है और कहा कि नवीन के नेतृत्व में राज्य का भविष्य उज्ज्वल है।

# खोरधा रोड मंडल ने किया विश्व एड्स दिवस का पालन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मंडल रेल चिकित्सालय, खोरधारोड में विश्व एड्स दिवस का पालन किया गया। इस अवसर पर रेल चिकित्सालय से खोरधारोड रेलवे स्टेशन तक रेलवे कॉलोनियों और स्टेशन क्षेत्र में एड्स के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक रैली का आयोजन किया गया। डॉ. पीके. दास, उप मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण), खोरधारोड ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस रैली में सभी डॉक्टर, पैरामेडिकल कर्मचारी, पर्यावरण हाउसकीपिंग प्रबंधन विंग के



कर्मचारियों और स्काउट्स एंड गाइड्स ने एड्स से सबंधित सतर्कता उपायों तथा एड्स से पीड़ित रोगियों के साथ कैसे व्यवहार किया जाये, पर पोस्टर और स्लोगन के साथ भाग लिया। इस वर्ष विश्व एड्स दिवस का विषय 'समानता' है। यह हम सभी के लिए आह्वान है कि सच्चे तरीकों को अपनाते हुए असमानताओं को दूर करना और एड्स के उन्मूलन के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करना। इस अवसर पर, रेल चिकित्सालय, खोरधारोड के सभागृह में डॉ. एससी. प्रधान, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के नेतृत्व में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में सभी चिकित्सक और पैरामेडिकल कर्मचारियों ने भाग लिया।

### ममिता मेहेर हत्याकांड : महालिंग +2 कॉलेज अध्यक्ष हुए गिरफ्तार



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही )।** बहु चर्चित ममिता मेहेर की हत्या के मामले में बड़ा अपडेट आया है। इस मामले में 2 और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। महालिंग +2 कॉलेज के अध्यक्ष रंचित साहू और लेक्चरर कृति चंदन को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि दोनों को गवाह से छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कंटाबांजी पुलिस दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट चालन किया है। ममिता मेहेर 8 अक्टूबर को लापता हो गई थीं, लेकिन कुछ दिनों बाद उनका शव बरामद किया गया था। हालांकि इस मामले में मुख्य आरोपी के तौर पर स्थानीय ठेकेदार गोबिंद साहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि इस घटना में मंत्री दिब्यशंकर मिश्र के शामिल होने से मामला काफी सक्रिय हो गया था।

### आजाद सिपाही वार्षिक सम्मान समारोह 2022



# पूर्व तट रेलवे महाप्रबंधक ने कटक-पारादीप रेलवे सेक्शन का निरीक्षण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक रूप नारायण सुनकर ने आज पारादीप के दौरे के क्रम में कटक-पारादीप रेलवे सेक्शन में रेलवे के विकासात्मक कार्यों का निरीक्षण किया और यातायात सुविधाओं और बाधा-रहित ट्रेन संचालन के संबंध में रेलवे की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। इस अवसर पर खोरधा रोड रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक रिंकेश रे और पूर्व तट रेलवे के अन्य विभागों के प्रधान प्रमुख उपस्थित थे। इस दौरान श्री सुनकर ने विभिन्न हितधारकों के अधिकारियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और लोडिंग तथा अनलोडिंग करनेवाले विभिन्न रेलवे साइडिंग का दौरा किया। उन्होंने हितधारकों को परिवहन और यातायात सुविधाओं के क्षेत्र में सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया और रेलवे अधिकारियों को चल रही परियोजनाओं को जल्द पूरा करने और परिवहन सुविधाओं और राजस्व में वृद्धि करने की सलाह दी।


पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना


GeM Bid No. GEM/2022/B/2757039, दिनांक: 29.11.2022

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों / एजेंसियों/ संवदेकों से "टू पैकेट सिस्टम" पर ई-निविदायें आमंत्रित हैं।

i) कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : गोमो एवं बरकाकाना कोचिंग डिपो से खुलने वाली ट्रेन में गोमो एवं बरकाकाना डिपो में कोच की मशीनीकृत सफाई तथा गोमो, बरकाकाना, बरवाडीह एवं चोपन में टर्न-राउंड / प्लेटफार्म में रिटर्न ट्रेनों की सफाई और गोमो एवं बरकाकाना डिपो के डिपो परिसर की दो (02) वर्षों की अवधि के लिए सफाई का कार्य। कार्य समापन अवधि – 02 वर्ष। ii) कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 2,74,58,666.61 (दो करोड़ चौहत्तर लाख अनठावन हजार छः सौ छियासठ रूपये एवं इकसठ पैसे) मात्र। iii) बयाना राशि: ₹ 2,87,300.00 (दो लाख सत्तासी हजार तीन सौ रूपये) मात्र। iv) ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: तारीख 19.12.2022 को 16:00 बजे, ई-निविदा खुलने की तारीख एवं समय: तारीख 19.12.2022 को 16:30 बजे। v) वेबसाईट विवरण : http://gem.gov.in ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल यांत्रिक अभियंता (समाडि)/धनबाद

पीआर/01570/डीएचएन/यांत्रिक/टी/22-23/40



























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**